संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    नई दिल्ली, शुक्रवार, 28 जून 2024 ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23    वर्ष: 18  अंक: 177  पृष्ठ: 12    RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com    राष्ट्रीय संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ल संयुक्त बैठक को संबोधित करने के लिए जाती हुई। साथ में सेंगोल संसद भवन में ले जाते हु।

## आदर्श विचार



"धरती पर जिस तरह मौसम में बदलाव आता हैं, उसी तरह जीवन में भी सुख-दु:ख आता जाता रहता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।"

-स्वामी विवेकानंद

# आपातकाल संविधान का काला अध्याय: राष्ट्रपति

● अभिभाषण में सरकार का रोडमैप भी बताया, नीतियों का विरोध करना और संसद में बाधा डालना अलग-अलग बातें: राष्ट्रपति

**रोडमैप**

**▶▶ आपातकाल 25 जून 1975 को लागू किया गया, आपातकाल संविधान पर सीधा हमला था**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली नवनिर्वाचित सरकार की प्राथमिकताओं को सामने रखा। 18वीं लोकसभा के गठन के बाद संसद की संयुक्त बैठक में मुर्मू का यह पहला संबोधन है। नई लोकसभा का पहला सत्र गत सोमवार को शुरू हुआ था। इसके अलावा राज्यसभा का 264वां सत्र 27 जून से शुरू होगा। अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने आपातकाल पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ महीनों में भारत एक गणतंत्र के रूप में 75 वर्ष पूरे करने जा रहा है। भारतीय संविधान ने बीते दशकों में हर चुनौती और कसौटी पर खरा उतरा है। देश में संविधान लागू होने के बाद भी संविधान पर कई हमले हुए हैं। 25 जून 1975 को लागू किया गया आपातकाल संविधान पर सीधा हमला था। जब इसे लगाया गया तो पूरे देश में हाहाकार मच गया था, लेकिन देश ने ऐसी असंवैधानिक ताकतों पर विजय प्राप्त की है। मेरी सरकार भी भारतीय संविधान को सिर्फ शासन का माध्यम नहीं बना सकती। हम अपने संविधान को जनचेतना का हिस्सा बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी के साथ मेरी सरकार ने 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाना शुरू किया है। हमारे जम्मू-कश्मीर में संविधान पूरी तरह लागू किया गया है, जहां अनुच्छेद 370 के कारण स्थिति अलग थी। उन्होंने कहा कि मैं 18वीं लोक सभा के सभी नव निर्वाचित सदस्यों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। आप सभी यहां देश के मतदाताओं का विश्वास जीतकर आए हैं। देशसेवा और जनसेवा का ये सौभाग्य बहुत कम लोगों को मिलता है। मुझे पूरा विश्वास है कि आप राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ अपना दायित्व निभाएंगे।140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम बनेंगे।

उन्होंने कहा कि ये दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था। करीब 64 करोड़ मतदाताओं ने उत्साह और उमंग के साथ अपना कर्तव्य निभाया है। इस बार भी महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर मतदान में हिस्सा लिया है। इस चुनाव की बहुत सुखद तस्वीर जम्मू-कश्मीर से भी सामने आई है। कश्मीर घाटी में वोटिंग के अनेक दशकों के रिकॉर्ड टूटे हैं।

**लोकसभा चुनाव की चर्चा आज पूरी दुनिया में:** उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव की चर्चा आज पूरी दुनिया में है। दुनिया देख रही हैं कि भारत के लोगों ने लगातार तीसरी बार स्थिर और स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाई है। छह दशक बाद ऐसा हुआ है। ऐसे समय में जब भारत के लोगों की आकांक्षाएं सर्वोच्च स्तर पर हैं, लोगों ने मेरी सरकार पर लगातार तीसरी बार भरोसा जताया है।

**'राज्य के विकास से देश का विकास':** उन्होंने कहा कि मेरी सरकार का मत है कि दुनियाभर से निवेशकों को आकर्षित करने के लिए राज्यों में स्वस्थ स्पर्धा हो। यही कंपटीटिव को-ऑपरेटिव फेडरलिज्म की सच्ची स्पिरिट है।





## भारत दुनिया को समाधान देने के लिए जाना जाता है: मुर्मू

**राष्ट्रपति** ने कहा कि आज का भारत, दुनिया की चुनौतियां बढ़ाने के लिए नहीं बल्कि दुनिया को समाधान देने के लिए जाना जाता है। विश्व-बंधु के तौर पर भारत ने अनेक वैश्विक समस्याओं के समाधान को लेकर पहल की है। जलवायु परिवर्तन से लेकर खाद्य सुरक्षा तक, पोषण से लेकर सस्टेनबल एग्रीकल्चर तक हम अनेक समाधान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाला समय हरित युग का है। मेरी सरकार इसके लिए भी हर जरूरी कदम उठा रही है। हम हरित उद्योगों पर निवेश बढ़ा रहे हैं, जिससे हरित जॉब भी बढ़े हैं। हरित ऊर्जा हो या फिर ग्रीन मोबिलिटी, हर मोर्चे पर हम बड़े लक्ष्यों के साथ काम कर रहे हैं।



भारत में आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा डोमेस्टिक एविएशन मार्केट: राष्ट्रपति ने कहा कि भारत में आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा डोमेस्टिक एविएशन मार्केट है। अप्रैल 2014 में भारत में सिर्फ 209 एयरलाइन रूट्स थे। अप्रैल 2024 में इनकी संख्या बढ़कर 605 हो गई है। हवाई यात्रा में हो रहे इस विस्तार का सीधा लाभ टीयर-2, टीयर-3 शहरों को हो रहा है।

**नेशनल हाईवे बनाने की गति में भी दोगुने से अधिक: मुर्मू**
उन्होंने कहा कि मेरी सरकार ने 10 वर्षों में पीएम ग्रामीण सड़क योजना के तहत गांवों में 3 लाख 80 हजार किलोमीटर से ज्यादा सड़कें बनाई हैं। आज भारत में नेशनल हाईवेज और एक्सप्रेसवेज का जाल बिछ रहा है। नेशनल हाईवे बनाने की गति में भी दोगुने से अधिक की वृद्धि हुई है। राष्ट्रपति ने कहा कि नॉर्थ ईस्ट में हर तरह की कनेक्टिविटी को बढ़ाया जा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, हर क्षेत्र में विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। असम में 27 हजार करोड़ रुपये की लागत से सेमीकंडक्टर प्लांट बनाया जा रहा है।

## दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था

**राष्ट्रपति** ने कहा कि सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के संकल्प ने आज भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना दिया है। 10 साल में भारत 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था से ऊपर उठकर पांचवें नंबर पर पहुंचा है। साल 2021 से लेकर साल 2024 के बीच भारत ने औसतन 8 प्रतिशत की रफ्तार से विकास किया है।

## 'किसानों को 20 हजार करोड़ की राशि ट्रांसफर'

**राष्ट्रपति** ने कहा कि किसान अपने छोटे खर्चे पूरे कर सकें, इसके लिए पीएम किसान सम्मान निधि के तहत उन्हें 3 लाख 20 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा राशि दी जा चुकी है। मेरी सरकार के नए कार्यकाल के शुरूआती दिनों में ही किसानों को 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि ट्रांसफर की जा चुकी है। सरकार ने खरीफ फसलों के लिए एमएसपी में भी रिकॉर्ड वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि आजकल ऑर्गेनिक उत्पादों को लेकर दुनिया में डिमांड तेजी से बढ़ रही है। भारत के किसानों के पास इस डिमांड को पूरा करने की भरपूर क्षमता है।

## महिलाओं के लिए किए गए काम गिनाएं



**राष्ट्रपति ने** कहा कि महिला नीत विकास के लिए समर्पित मेरी सरकार ने महिला सशक्तिकरण के एक नए युग की शुरूआत की है। देश की नारीशक्ति लंबे समय तक लोकसभा और विधानसभा में अधिक भागीदारी की मांग कर रही थी। आज उनके पास नारी शक्ति वंदन अधिनियम की ताकत है। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार ने 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का एक व्यापक अभियान चलाया है। इसके लिए सेल्फ हेल्प ग्रुप्स को आर्थिक मदद भी बढ़ाई जा रही है। सरकार का प्रयास है कि महिलाओं का कौशल बढ़े, कमाई के साधन बढ़े और उनका सम्मान बढ़े। उन्होंने कहा कि नमो ड्रोन दीदी योजना इस लक्ष्य की पूर्ति में सहायक बन रही है। इस योजना के तहत हजारों सेल्फ हेल्प ग्रुप्स की महिलाओं को ड्रोन दिए जा रहे हैं, ड्रोन पायलट बनने की ट्रेनिंग दी जा रही है। मेरी सरकार ने हाल में ही कृषि सखी कार्यक्रम भी शुरू किया है। इसके तहत अभी तक सेल्फ हेल्प ग्रुप्स की 30 हजार महिलाओं को कृषि सखी के रूप में प्रमाण पत्र दिए गए हैं।

## लोकसभा अध्यक्ष की गई टिप्पणियां संसदीय परंपराओं का उपहास

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार को लोक सभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर कल आपातकाल पर उनकी ओर से दिए गए वक्तव्य पर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि स्पीकर की कुर्सी दलगत राजनीति से ऊपर है। अध्यक्ष ने कल स्वीकृति भाषण के बाद अपने संदर्भ में राजनीतिक टिप्पणियों के साथ जो कहा वह संसदीय परंपराओं का उपहास है। उल्लेखनीय है कि कल लोकसभा में अध्यक्ष पद पर चुने जाने पर वक्तव्य देने के बाद अध्यक्ष बिरला ने आपातकाल पर निंदा प्रस्ताव सदन में रखा। इस दौरान उन्होंने आपातकाल को लोकतंत्र और संविधान के खिलाफ बताया और कहा कि देश को आपातकाल की समाप्ति पर दूसरी आजादी मिली थी। उनके वक्तव्य के बाद आपातकाल से प्रभावित लोगों के लिए संवेदना प्रकट करते हुए मौन रखा गया था। इसी संदर्भ मे कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने लोक सभा अध्यक्ष को पत्र लिखा जिसमें उन्होंने कल के घटनाक्रम को संस्था की विश्वसनीयता पर प्रभाव डालने वाला गंभीर मामला बताया।

## आपातकाल टिप्पणी पर विपक्ष बिफरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** लोकसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन के नेताओं द्वारा आपातकाल पर की गईं टिप्पणियों को लेकर हंगामा मचा ही हुआ था कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी अपने संबोधन में वर्ष 1975 के उस दौर का जिक्र किया। विपक्षी गठबंधन ने इसे लेकर अपनी नाराजगी जताई है। विपक्ष के नेताओं का कहना है कि राष्ट्रपति के संबोधन की स्क्रिप्ट सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई थी और यह झूठ से भरी हुई थी। विपक्ष ने सदन में आपातकाल को लेकर लगातार बयानबाजियों पर भी सरकार को आड़े हाथों लिया। आपको बता दें कि 18वीं



लोकसभा के गठन के बाद संसद की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति ने अपने पहले संबोधन में आपातकाल पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 को लागू किया गया आपातकाल संविधान पर सीधा हमला था। राष्ट्रपति के संबोधन के बाद समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने उन लोगों के लिए क्या किया, जिन्हें आपातकाल के दौरान जेल में डाला गया था?

## लोकसभा-राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही थोड़े समय तक चलने के बाद दिनभर के स्थगित कर दी गई। दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति दौपदी मुर्मू का अभिभाषण हुआ। राष्ट्रपति के अभिभाषण की प्रति दोनों सदनों में रखी गई। कल से राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी। राज्यसभा में आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सदन से अपनी मंत्रिपरिषद से परिचय कराया। वहीं लोकसभा में आज अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन को राहुल गांधी के विपक्ष के नेता बनाए जाने की सूचना दी।



नई दिल्ली में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव अपने सांसदों के साथ संसद भवन में।

## राष्ट्रपति का संबोधन प्रगति और सुशासन का रोडमैप: मोदी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रपति के संसद के संयुक्त सत्र में संबोधन को व्यापक बताया और कहा कि इसमें प्रगति और सुशासन का रोडमैप प्रस्तुत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, ह्लराष्ट्रपति जी का संसद के दोनों सदनों में संबोधन व्यापक था और इसमें प्रगति और सुशासन का रोडमैप प्रस्तुत किया गया। इसमें भारत द्वारा की जा रही प्रगति और भविष्य में आने वाली संभावनाओं को शामिल किया गया। उनके संबोधन में कुछ प्रमुख चुनौतियों का भी उल्लेख किया गया, जिन्हें हमें अपने नागरिकों के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक रूप से दूर करना होगा।

## लोकसभा अध्यक्ष बिरला से राहुल ने की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** लोकसभा में विपक्ष नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। राहुल ने सत्तारूढ़ गठबंधन के नेताओं द्वारा संसद में आपातकाल पर की गईं टिप्पणियों को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यह पूर्ण रूप से राजनीति से प्रेरित था और ऐसा नहीं किया जाना चाहिए था। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल राव ने इस बारे में जानकारी दी।

**आपातकाल पर बयानबाजी को नजरअंदाज किया जा सकता था- राहुल गांधी**



**के सी वेणुगोपाल** ने बताया कि यह एक शिष्टाचार भेंट थी। राहुल गांधी को विपक्ष का नेता चुने जाने के बाद इंडिया के घटक दलों के नेताओं ने लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात की।जब कांग्रेस महासचिव से

**नाराजगी**

**▶▶ सदन में 'आपातकाल' पर बयानबाजियों पर राहुल गांधी ने जताई नाराजगी**

सवाल पूछा गया कि क्या राहुल गांधी ने ओम बिरला के समक्ष सदन में उठाए गए आपातकाल के मुद्दे पर बातचीत की? इसके जवाब में वेणुगोपाल ने कहा कि ह्लहमने सदन के संचालन को लेकर कई मुद्दों पर चर्चा की और आपातकाल के मुद्दे पर भी बात हुई।ह्व विपक्ष के नेता के रूप में राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर कहा कि लोकसभा अध्यक्ष द्वारा आपातकाल पर बयानबाजी को नजरअंदाज किया जा सकता था। उन्होंने आगे कहा कि यह पूर्ण रूप से राजनीति से प्रेरित था।

**सदन में ओम बिरला ने आपातकाल की निंदा की थी**
आपको बता दें कि लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद बिरला ने वर्ष 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश में आपातकाल लगाए जाने की निंदा की थी।

## नीट: सीबीआई ने मनीष-आशुतोष को किया गिरफ्तार




**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना:** नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने पहली गिरफ्तारी की है। सीबीआई ने कार्रवाई करते हुए पटना से नीट पेपर लीक मामले के आरोपी मनीष प्रकाश और आशुतोष को गिरफ्तार किया है। फिलहाल सीबीआई उन दोनों से पूछताछ कर रही है।

**पहले जांच कर रही थी ईओयू:** नीट-यूजी में अनियमितताओं के आरोपों की जांच के सिलसिले में दिल्ली से सीबीआई की एक टीम सोमवार की सुबह पटना में बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के कार्यालय पहुंची। बिहार पुलिस के जरिए शुरू हुए नीट परीक्षा के पेपर लीक जांच को बिहार की आर्थिक अपराध इकाई के बाद अब केंद्रीय जांच ब्यूरो के पास सौंप दिया गया।

**विरोध**  विधानसभा परिसर में धरने पर बैठे टीएमसी विधायक, दोनों विधायक हाल ही में हुए उपचुनाव में जीते हैं

## बंगाल: विधायकों के शपथ ग्रहण को लेकर बढ़ी तकरार

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल में विधायकों के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर तकरार बढ़ती जा रही है। अब गुरुवार को टीएमसी विधायकों ने इस मुद्दे पर विधानसभा परिसर में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। नवनिर्वाचित विधायक सयांतिका बंदोपाध्याय और रायत हुसैन सरकार ने विधानसभा परिसर में मौजूद डॉ. बी आर आंबेडकर की प्रतिमा के पास धरना प्रदर्शन शुरू किया। विधायकों की मांग है कि राज्यपाल सीवी आनंद बोस उन्हें जल्द विधानसभा में शपथ दिलाने का इंतजाम करें ताकि वह अपने जनप्रतिनिधि के कर्तव्य को पूरा कर सकें।



**विधायकों ने लगाए आरोप:** गौरतलब है कि दोनों विधायक हाल ही में हुए उपचुनाव में जीते हैं। दोनों को बुधवार को राजभवन में शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। हालांकि, टीएमसी ने दावा किया कि परंपरा यह है कि उपचुनाव जीतने वाले विधायकों के मामले में राज्यपाल, विधानसभा के अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को शपथ दिलाने की जिम्मेदारी सौंपते हैं, लेकिन राज्यपाल

**इंतजार**

**▶▶ विधायकों की मांग है कि राज्यपाल उन्हें जल्द विधानसभा में शपथ दिलाने का इंतजाम करें**

ने दोनों के अनुरोध के अनुसार विधानसभा में कार्यक्रम आयोजित करने से इनकार कर दिया और 26 जून की शाम को नई दिल्ली चले गए। बंदोपाध्याय ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'हमने बुधवार को शाम 4 बजे तक राज्यपाल द्वारा शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने का इंतजार किया, लेकिन वे नहीं आए। आज हम अंबेडकर की प्रतिमा के सामने इस मांग के साथ बैठे हैं कि लोगों के लिए काम करने के हमारे संवैधानिक अधिकारों को बिना किसी देरी के पूरा किया जाए।'

**राज्यपाल बोस ने दी सफाई:** विधानसभा स्पीकर बिमान बनर्जी ने बुधवार को राज्यपाल बोस पर शपथ ग्रहण समारोह को 'अहं की लड़ाई' बनाने और जानबूझकर इस मुद्दे को जटिल बनाने का आरोप लगाया। वहीं राज्यपाल बोस का कहना है कि 'देश का संविधान उन्हें यह तय करने का अधिकार देता है कि विधायकों को शपथ दिलाने का काम किसे सौंपा जाए।'

## संसद से सेंगोल हटाने की मांग पर विवाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** 18वीं लोकसभा में समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद आरके चौधरी की लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर संसद भवन में स्थापित सेंगोल को हटाने की मांग तूल पकड़ती जा रही है। इस तरह की अजीबोगरीब मांग से देश हतप्रभ है तो अधिकांश सांसद इसे सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का तरीका मान रहे हैं। दरअसल, सपा के सांसद आरके चौधरी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर संसद भवन में स्थापित सेंगोल को हटाने की मांग की है और इस जगह पर संविधान की प्रति रखने का अनुरोध किया है। आरके चौधरी ने यह भी कहा है कि सेंगोल राजा-



महाराजाओं का प्रतीक है, जिसे संसद भवन के उद्घाटन के साथ ही लोक सभा अध्यक्ष के आसन के समीप स्थापित किया गया था। सेंगोल के खिलाफ सपा नेता के इस बयान की चहुंओर आलोचना हो रही है। सपा सांसद आरके चौधरी की सेंगोल पर की गई टिप्पणी पर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन (ललन) सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें पहले उनके बारे में बात करनी चाहिए जिनके साथ वे खड़े हैं, न कि संविधान के बारे में। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि जब संसद में सेंगोल की स्थापना हुई थी, तब भी समाजवादी पार्टी सदन में थी, उस समय उनके सांसद क्या कर रहे थे और अब क्यों विरोध कर रहे हैं।

# सीएम योगी का ड्रीम प्रोजेक्ट अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी ले रहा आकार, बेव्यू प्रोजेक्ट एलएलपी और यीडा के बीच हुआ एग्रीमेंट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडाः** सीएम योगी का ड्रीम प्रोजेक्ट अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी आकार ले रहा है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के तहत नोएडा के सेक्टर 21 में बनने वाली यह फिल्म सिटी 8 वर्षों में पूरी तरह बनकर तैयार होगी, जबकि पहले चरण में तीन साल के अंदर यहां फिल्मों से संबंधित फैसिलिटीज और फिल्म इंस्टीट्यूट बनकर तैयार हो जाएगा। इस पूरे प्रोजेक्ट पर 1510 करोड़ रुपए का खर्च किया जाएगा। गुरुवार को फिल्म सिटी का निर्माण करने वाली बोनी कपूर और आशीष भूटानी की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट एलएलपी और यीडा के बीच कंसेशन एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किया गया। कंसेशन एग्रीमेंट प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरुणवीर सिंह और बोनी कपूर के बीच हस्ताक्षरित हुआ। इस दौरान अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रुति एवं आशीष भूटानी भी उपस्थित रहे।




यीडा के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि फिल्म सिटी के पूरे प्रोजेक्ट को 8 वर्ष या 2920 दिन में पूरा किया जाएगा। वहीं फिल्म फैसिलिटीज और फिल्म इंस्टीट्यूट के लिए 3 वर्ष या 1095 दिनों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस पूरे प्रोजेक्ट पर कुल 1510 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। पहले दो साल में फिल्म सिटी के निर्माण में 50 करोड़ रुपए खर्च होंगे तो तीसरे वर्ष 75 करोड़ रुपए खर्च होंगे। वहीं चौथे से 8वें साल के बीच इस पर 100 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि स्टूडियो बैकलॉट्स और ओपेन सेट्स समेत फिल्मिंग कंपोनेंट्स पर 832.91 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे, जबकि हॉस्पिटैलिटी पर 373.93 करोड़ रुपए, सर्विस एकमोडेशन पर 315.07 करोड़ रुपए, ऑफिस पर 109.60 करोड़ रुपए और इंफ्रास्ट्रक्चर पर 76.44 करोड़ रुपए खर्च होंगे। भूमि की बात करें तो कुल 230 एकड़ क्षेत्र में फिल्म सिटी का निर्माण किया जाएगा, जिसमें 135 एकड़ क्षेत्र में फिल्मिंग फैसिलिटी विकसित की जाएंगी। वहीं 21 एकड़ क्षेत्र में फिल्म इंस्टीट्यूट बनेगा। इस तरह कुल 156 एकड़ में फिल्मिंग कंपोनेंट्स को विकसित किया जाएगा। वहीं शेष 75 एकड़ में कॉमर्शियल कंपोनेंट्स स्थापित किए जाएंगे। इनमें सर्विस एकमोडेशन 57 एकड़ में, हॉस्पिटैलिटी-डॉर्मिटरीज 2.37 एकड़ में, हॉस्पिटैलिटी-अपस्केल 5.15 एकड़ में, हॉस्पिटैलिटी अपर अपस्केल में 3.60 एकड़ में, एफएंडबी फोकस्ड रिटेल डेवलपमेंट 5.15 एकड़ में और कॉमर्शियल ऑफिस 2.37 एकड़ में निर्मित होगा।

**रूपरेखा**

**▶▶ एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के तहत नोएडा के सेक्टर 21 में बनने वाली यह फिल्म सिटी 8 वर्षों में पूरी तरह बनकर तैयार होगी**

साइनिंग सेरेमनी के दौरान मशहूर फिल्म निमार्ता बोनी कपूर ने कहा कि ये जो फिल्म सिटी का कार्य हो रहा है, हमारी तैयारी इसकी साइनिंग से पहले ही शुरू हो चुकी है। हाल ही में मैं लंदन और एलए गया और वहां काफी स्टूडियोज का अवलोकन किया। जो नए स्टूडियोज बने हैं, वहां किस तरह की नई टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जा रहा है, इसका भी जायजा लिया। यूपी में बन रही यह अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी पूरी तरह वर्ल्ड क्लास होगी। वहीं यीडा के सीईओ अरुणवीर सिंह ने कहा कि फिल्म सिटी की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए हम इसके एक्सेस का पूरा ध्यान रख रहे हैं। फिल्म सिटी में बड़े-बड़े सेट लगाने के लिए बड़ी गाड़ियों का आवागम होगा, इसको देखते हुए यमुना अथॉरिटी ने 75 मीटर इंटरलिंक लेन बनाने का निर्णय लिया है। इसकी प्लानिंग हमने कर ली है, इसका सारा व्यय प्राधिकरण ही करेगा।

## नोएडा में बन रहे भंगेल एलिवेटेड रोड में होगा बड़ा बदलाव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा।** नोएडा में बन रहे भंगेल एलिवेटेड रोड की चौड़ाई आधा मीटर कम की जाएगी। यह चौड़ाई 90 मीटर तक कम होगी। इसके बाद चौड़ाई सामान्य हो जाएगी। इसकी वजह एलिवेटेड रोड के निर्माण में दो भवन का आना है। इन भवनों को भी करीब डेढ़ फीट तक तोड़ा जाएगा। इसके बाद यहां रैंप का सही आकार आएगा। इससे संबंधित एक प्रस्ताव नोएडा की बोर्ड में गुरुवार को रखा जाएगा। इसके अलावा सेक्टर-151ए में निर्माणाधीन गोल्फ कोर्स प्रोजेक्ट को भी बोर्ड में लाया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट की लागत में करीब 10 करोड़ रुपये का वैरिएशन होना है। भंगेल एलिवेटेड रोड सेक्टर-41 स्थित आगाहपुर से एनएसईजेड सेक्टर-82 तक बन रहा है। यह रोड करीब साढ़े पांच किलोमीटर लंबा है।



**निर्माण में खर्च होंगे 500 करोड़ रुपये**

इसके निर्माण में करीब 500 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च किया जा रहा है। अभी इसके निर्माण में भंगेल में स्थित दो इमारतें आड़े आ रही हैं। इसको देखते हुए प्राधिकरण की तैयारी है कि करीब 90 मीटर हिस्से में एलिवेटेड रोड की चौड़ाई आधा मीटर कम कर दी जाए। भंगेल एलिवेटड में डेढ़ फीट तक तोड़ी जाएंगी इमारत पहले प्राधिकरण ने समाधान निकाला था कि सिर्फ एलिवेटेड के स्ट्रक्चर को जगह देने के लिए तोड़फोड़ की जाए। ऐसा होने पर दोनों इमारतें करीब 2.5 मीटर टूट रही थीं। इससे इनकी छतें भी टूटतीं। अब तैयारी यह है कि यहां पर कम तोड़फोड़ करने के लिए करीब 90 मीटर की लंबाई में आधा मीटर चौड़ाई कम कर दी जाए। यह चौड़ाई दोनों तरफ की सड़क की कम होगी। साथ ही करीब डेढ़ फीट तक इमारत के एक हिस्से को तोड़ा जाएगा। जिससे उसके स्ट्रक्चर और एलिवेटेड के स्ट्रक्चर पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। बता दें कि एलिवेटेड रोड का निर्माण जून-2020 में शुरू हुआ था। अनुबंध के मुताबिक एलिवेटेड रोड का काम सात दिसंबर 2022 तक पूरा होना था। लागत विवाद के कारण इसका काम बंद पड़ा रहा। प्राधिकरण अधिकारियों का दावा है कि अब मौके पर काम तेजी से चल रहा है। अगले 8-10 माह में इसका काम पूरा कर लिया जाएगा। गोल्फ कोर्स में बजट वेरिएशन सेक्टर 151 ए में 113 एकड़ भूमि पर 94 करोड़ रुपये की लागत से बनाए जा रहे गोल्फ कोर्स प्रोजेक्ट की कास्ट बढ़ गई है। इसकी कास्ट में करीब 10 करोड़ का वैरिएशन है। इसे बोर्ड में ले जाया जाएगा ताकि वैरिएशन पर अप्रूवल मिल सके।

गोल्फ कोर्स का निर्माण एक जुलाई 2021 को शुरू हुआ, 31 दिसंबर 2022 तक काम पूरा करने की समयसीमा थी। परियोजना को पूरा करने की वर्तमान समय सीमा मार्च 2025 है।

## ड्राइवर ने अन्य लोगों के साथ मिलकर की मालिक की हत्या

**गाजियाबाद :** ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र के अंसल कॉलोनी में रहने वाले चंद्रभान (48) की हत्या कर शव को सोनीपत के खेतों में फेंक आए। छह दिनों बाद परिजनों को मौत की जानकारी हुई है। हत्या चंद्रभान की कार किराए पर चलाने वाले ड्राइवर, ड्राइवर के भाई समेत तीन लोगों ने मिलकर की। पुलिस ने कुछ आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

## लाश मिलने से फैली सनसनी, शव के पास नहीं मिला कोई दस्तावेज

**मोदीनगर।** निवाड़ी थाना क्षेत्र के गांव असदपुर नांगल से गुजर रहे रजवाहे में गुरुवार सुबह शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव पर चोट के निशान मिले हैं। शाम को शव की शिनाख्त हुई। पुलिस ने स्वजन को सूचना दी है। उनके आने पर आगे की जानकारी स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

बताया गया कि गुरुवार सुबह से ही तेज वर्षा हो रही थी। कुछ किसान गांव असदपुर नांगल में खेतों पर जा रहे थे। इस बीच रजवाहे में शव बहता देख उन्होंने डायल 112 पर सूचना दी। निवाड़ी पुलिस मौके पर पहुंचीं और छानबीन की। शव के पास से कोई ऐसा दस्तावेज नहीं मिला, जिससे शिनाख्त हो सके। पुलिस ने आसपास में थानों में शव के हुलिये की जानकारी भेजी।

## युवक पर चलाई गोली कुत्ते को लगी, मौत

**लोनी।** बॉर्डर थाना क्षेत्र के लक्ष्मी गार्डन कॉलोनी में बाइक सवार तीन बदमाशों ने राहगीर पर गोली चला दी। राहगीर ने एक महिला के पीछे छिपकर अपनी जान बचाई है। बदमाश की गोली वहां लेटे एक कुत्ते को लगी, जिससे उसकी मौत हो गई। बदमाशों ने कुछ दूरी पर खड़े दूसरे युवक पर भी हथियार ताने। मुनीश निवासी लक्ष्मी गार्डन ने बताया कि वह घर से कुछ दूरी पर खड़ था। तभी एक बाइक पर तीन बदमाश नशे की हालत में आए। तीनों बदमाशों ने मुनीश को अपने पास बुलाया।


**उत्तर रेलवे**
**शुद्धि पत्र**
**संविदा चिकित्सक की नियुक्ति करना (सीएमपी)**
फाईल सं. यूएमबीओपीईआरएस(पीपी3)/18/2020 O/o डीपीओ-II/ यूएमबी/एनआर

उत्तर रेलवे मंडल चिकित्सालय, अंबाला छावनी में संविदा चिकित्सक पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे। इस कार्यालय के दिनांक 07.06.2024 के समसंख्यक अधिसूचना (प्रतिलिपि संलग्न) में आंशिक परिवर्तन किया गया है, जिसमें आवेदन पत्र प्राप्ति की तिथि को बढ़ाया गया है, अब इसे दिनांक 09.07.2024 को 18:00 बजे तक प्राप्त की जायेंगी। अन्य नियम और शर्तें वही रहेंगी जो इस कार्यालय के दिनांक 07.06.2024 को समसंख्यक अधिसूचना पत्र जारी की गई थी।

विज्ञापन की विस्तृत जानकारी, सेवा शर्तें, आवेदन का प्रारूप आदि उत्तर रेलवे की वेबसाइट https://nr.indianrailways.gov.in →Division →Ambala Division → At the end this page पर उपलब्ध है।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक,
उत्तर रेलवे, मंडल चिकित्सालय, अंबाला छावनी–133001
1914/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दलीप, पुत्रः राम नगीना, पताः ई–468, मंगोलपुरी, दिल्ली** ने **Ct. Case No. 18022/2016, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **दलीप** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **दलीप** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Ct. Case No. 18022/2016, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **दलीप** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.08.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री ऋषभ कपूर
महानगर दंडाधिकारी (उ/प)
कमरा नं. 105
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/6416/OD/2024



**भारतीय रेल**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
सं. 2023/Track-III/MC/5 नई दिल्ली, दिनांक : 27.06.2024

**शुद्धिपत्र -VIII**

**विषय : रेल बोर्न मैंटेनेंस व्हीकल "RBMV" की आपूर्ति के लिए दिनांक 31.07.2024 को खोली जाने वाली निविदा संख्या टी एम – 2303**

उपरोक्त निविदा के खुलने के समय 28.06.2024 को स्थगित कर 31.07.2024 कर दिया गया है। निविदा के सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगी।

(विजय सिंह)
कार्यकारी निदेशक, रेलपथ (एम. & एम.सी)
रेलवे बोर्ड
दूरभाष न. 011–47845531
ई मेलः vijay.singh.2017@gov.in
1928/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**ई-निविदा सूचना**

उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/विशेष, उत्तर रेलवे, तिलक ब्रिज, नई दिल्ली-110002 भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से कार्य करते हुए समान कार्य में पर्याप्त अनुभव रखने वाले और न्यूनतम पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले अनुभवी और स्थापित ठेकेदारों से **दो पैकेट प्रणाली** में ई–निविदाएं आमंत्रित करते हैं। विख्यात कार्य के अंतर्गतः

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम :** दिल्ली–रेवाड़ी सेक्शन में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (ई.आई) आधारित स्वचालित सिग्नलिंग का प्रावधान, साथ ही पालम, गुड़गांव, जटौला जौरी सांपका, पटौदी रोड, इंछापुरी और खलीलपुर में 6 ई. आई. का प्रतिस्थापन। (दिल्ली–रेवाड़ी सेक्शन की लंबाई-75 किलोमीटर लगभग) |
| 2 | **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 45,11,77,647.70/- (पैतालीस करोड़ ग्यारह लाख सतहतर हजार छह सौ सैतालीस रु. तथा सत्तर पैसे) |
| 3 | **धरोहर राशि :** रु. 24,05,900.00/- |
| 4 | **कार्य की अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तारीख से 12 महीने |
| 5 | **वेबसाईट का पता :** भारतीय रेल की वेबसाईट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 6 | **निविदा बंद होने की तिथि :** 11.00 बजे पूर्वाह्न दिनांक 22.07.2024 |
| 7 | **निविदा खुलने की तिथि :** 11.30 बजे पूर्वाह्न दिनांक 22.07.2024 |
| 8 | **ऑफर की वैधता :** निविदा खुलने की तिथि से 90 दिन। |

धरोहर राशि जमा न करने पर बिना सूचना निविदा रद्द कर दी जाएगी।
बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां अंतिम तिथि एवं समय तक ही जमा कर सकेंगे। बोलियां केवल ऑनलाइन जमा की जानी है। इस निविदा के विरुद्ध मैन्युअल बोलियों / प्रस्तावों की अनुमति नहीं है, और प्राप्त किसी भी मैन्युअल प्रस्ताव को नजर अंदाज कर दिया जाएगा। ई–निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए निविदाकारों को भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम, आई.आर.ई.पी.एस. साइट यानी www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए। आवश्यक परिवर्तन, शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि आवश्यक हो, केवल इस वेबसाइट पर पोस्ट किए जाएंगे।

सं.: 256Sig-SPL-TKJ-230-DLI-RE दिनांक: 26.06.2024 1924/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
**धारा 82 Cr. P. C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कशीश पत्नी मो. शरीक** निवासी : म.नं. 102, सेक्टर 09 आर.के. पुरम, दिल्ली ने **FIR No. 611/13 U/s 451/446/468/471 IPC** के अंतर्गत **थाना : जगतपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **कशीश** मिल नही रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **कशीश** फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 611/13 U/s 451/446/468/471 IPC थाना : जगतपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **कशीश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
आयुशी सक्सेना, एलडी. एमएम–05
कमरा नं. 48, कडकडडूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/8180/SHD/2024
(court matter)



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अनमोल, पुत्र जय हिन्द पताः मकान नंबर–47, गली नंबर–14, ब्रह्मपुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 143/2019, U/S 33D EX. Act, पुलिस थाना वेलकम, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अनमोल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अनमोल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 143/2019, U/S 33D EX. Act, पुलिस थाना वेलकम, दिल्ली** के अभियुक्त **अनमोल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.08.2024** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अरिदमन सिंह चीमा
महानगर दंडाधिकारी -03, कमरा सं. 19,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/8085/NE/2024



**नौएडा**
**नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
मुख्य प्रशासनिक कॉम्पेलेक्स, सैक्टर–6, नौएडा
Website : www.noidaauthorityonline.in

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब हेतु ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई–निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा संबन्ध में समस्त विवरण व शर्ते नौएडा प्राधिकरण की अधिकारिक website: www.noidaathorityonline.com & https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधित एवं अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट देखते रहें।

ए) फ्रेस–टेण्डर कार्यः–

| क्र. सं. | जॉब संख्या | कार्य का नाम | निविदा की धनराशि (रु० लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1. | 03/उ०म०प्र०/व०प्र० (व०स०–7)/ई०नि० / 2024–25 | सड़कों का अनुरक्षण (ग्राम नयागांव एवं इलाबांस में खाली भूमि पर चेतावनी बोर्ड लगाने का कार्य), नौएडा। | 10.81 |
| 2. | 01/व०प्र०(व०स०–8) /ई०नि०/2024–25 | भवनों का अनुरक्षण (सैक्टर–93 में यू.जी.आर. श्रमिक कुंज–I एवं ग्राम गेझा में विभिन्न जगहों पर टॉयलेट/ यूरिनल का निर्माण कार्य) नौएडा। | 28.62 |

उपरोक्त निविदा को दिनांक 11.07.2024 सायं 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन दिनांक 12.07.2024 को 11.00 बजे खोली जायेगी।

उप महाप्रबन्धक (सिविल)
नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा



**एक्शन इंडिया**
**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041



## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।



## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।२



## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।



## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।



## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की, मेरे मुवक्किल वीरेंदर सिंह, S/O. श्री कप्तान सिंह, R/O. L - 22 A, गली no. 19, महेंद्र पार्क, दिल्ली-33, ने अपने पुत्र करन सिंह @ हिमांशु को उनके गलत व्यवहार तथा अवज्ञा करने के कारण, उसको अपनी सभी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर, मैंने और मेरे परिवार ने उससे सभी सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है, करन सिंह @ हिमांशु के किसी भी कार्य या लेनदेन लिए मेरे मुवक्किल या उसका परिवार जिम्मेदार नहीं होंगा ।

**अवध नारायण**
**अधिवक्ता**



## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।



## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# राहत के साथ आफत लाए बदरा

## कहीं हुआ जलभराव, तो कहीं रही बत्ती गुल, बीजेपी ने दिल्ली सरकार पर साधा निशाना





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार को मौसम ने करवट ली। कई इलाकों में तेज हवा के साथ बारिश हुई, जिससे लोगों को प्रचंड गर्मी से काफी राहत मिली है। लेकिन बारिश राहत के संग आफत भी लेकर आई है। कुछ जगहों पर जलभराव और जाम से लोग जूझते दिखे। मौसम विभाग ने पश्चिमी यूपी के अनेक हिस्सों में कल से अगले दो दिन तक बारिश की उम्मीद जताई है। इसका असर एनसीआर में आने वाले यूपी के जिलों जैसे गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद आदि में भी दिखने लगा है। गुरुवार सुबह से ही आसमान में काले-काले बादल नजर आए। आठ बजते-बजते एकाएक मौसम ने करवट ली। दिल्ली और एनसीआर समेत आसपास के कई इलाकों में बारिश शुरू हो गई। जिससे मौसम सुहाना हो गई। गर्मी से जूझ रहे लोगों के लिए बारिश अमृत बनकर आई है। नोएडा में हुई पहली बारिश ने प्राधिकरण के दावों की पोल खोल दी है। जगह-जगह हुए जल भराव से लोग परेशान दिखे। पहली ही बारिश में नाले उफना गए, जिससे नालों का पानी भी सड़क पर आ गया। इससे हालात बद से बदतर हो गए। साथ ही बारिश के दौरान पूरे शहर की बिजली गुल रही। मौसम विभाग ने गुरुवार को भी हल्की बारिश होने का अनुमान जताया है। इस दौरान आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे। साथ ही, 25 से 35 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से तेज हवा और धूल भरी आंधी चलेगी। इससे अधिकतम तापमान 38 और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज की जा सकता है।

### पहले दिल्ली एक-एक बूंद के लिए तरसी, अब पानी में डूब रही: बीजेपी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि बृहस्पतिवार को हुई हल्की वर्षा में ही आइटीओ, कर्मपुरा, एनएच 24 सहित दिल्ली के अन्य क्षेत्रों में सड़कों पर पानी भर गया। जलजमाव के कारण लोग काफी समय तक जाम में फंसे रहे। इसके लिए दिल्ली सरकार और नगर निगम जिम्मेदार है। दिल्ली के लगभग सात सौ में से मुश्किल से डेढ़ सौ नालों की सफाई हुई है।

**अभी तक नालों की नहीं हुई साफ-सफाई-भाजपा :** प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा, एक दिन पहले तक दिल्ली एक-एक बूंद के लिए तरस रही थी और अब पानी में डूब रही है। कुछ दिनों पहले भी भाजपा ने नालों की सफाई नहीं होने का मामला उठा कर सरकार और निगम को सचेत किया था। लेकिन, आम आदमी पार्टी की सरकार और निगम पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। अभी तक नालों की सफाई नहीं हुई है।

**निगम की सत्ता आप के हवाले नहीं बना सकते बहाने-सचदेवा**
मुख्यमंत्री जेल में हैं और अन्य मंत्री राजनीतिक नाटक में व्यस्त हैं। इसकी कीमत दिल्ली के लोग चुका रहे हैं। उन्होंने कहा, आप नेता पहले भाजपा की शासन वाले निगम पर झूठे आरोप लगाते थे। अब निगम की सत्ता उनके पास है, इसलिए वह बहाना नहीं बना सकते हैं।

# अंतरराज्यीय हथियार तस्कर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक अंतरराज्यीय हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से प्वाइंट 32 बोर की 10 अवैध पिस्टल बरामद की गई हैं। उक्त हथियार मध्य प्रदेश के खरगोन से लाए गए थे जिनकी आपूर्ति दिल्ली-एनसीआर के बदमाशों को की जानी थी। डीसीपी अमित कौशिक के मुताबिक गिरफ्तार आरोपित गैंगस्टर्स की ग्लैमरस लाइफ स्टाइल से काफी प्रभावित है। वह इतना प्रभावित है कि वह अपने दोस्तों से उसे कुख्यात गैंगस्टर नाम से संबोधित करवाता है और गिरोह में शामिल होने का इच्छुक है। 2021 में उसने अपने साथियों के साथ मुथूट गोल्ड लोन, हनुमानगढ़, राजस्थान में दिनदहाड़े लूटपाट की थी। वह पहले भी आर्म्स एक्ट, लूटपाट व डकैती के छह मामलों में शामिल रहा है।

# आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की सदस्यता बहाल



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राज्य सभा सदस्य संजय सिंह की सदस्यता गुरुवार को बहाल कर दी गई। पिछले साल मानसून सत्र के दौरान उन्हें अध्यक्ष के निदेशों का बार-बार उल्लंघन करने के कारण मानसून सत्र के शेष समय के लिए निलंबित कर दिया गया था आज राज्य सभा के 254वें सत्र के आरंभ पर राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने राज्य सभा सदस्य संजय सिंह के निलंबन को रद्द करने के संबंध में घोषणा की। उन्होंने कहा कि संजय सिंह को 24 जुलाई, 2023 को विशेषाधिकार समिति द्वारा अपने निष्कर्ष प्रस्तुत करने तक सदन की सेवा से निलंबित कर दिया गया था। उन्होंने आगे कहा कि 26 जून, 2024 को राज्य सभा की विशेषाधिकार समिति ने संजय सिंह के विरुद्ध लंबित मामलों पर 77वीं और 78वीं रिपोर्ट प्रस्तुत की है। सभापति ने कहा कि समिति ने संजय सिंह को सभी मामलों में परिषद के विशेषाधिकार के उल्लंघन का दोषी मानते हुए सिफारिश की कि सदस्य को उल्लंघन के लिए पहले ही पर्याप्त सजा मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि राज्य सभा के प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमों के नियम 202 और 266 के तहत मुझे प्रदत्त प्राधिकार का प्रयोग करते हुए संजय सिंह का निलंबन 26 जून, 2024 से रद्द कर दिया गया है, ताकि उन्हें संसद में उपस्थित होने की अनुमति मिल सके। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि सदन इसे मंजूरी देगा।

वहीं आआपा सांसद संजय सिंह ने अपने एक्स हैंडल पर इस संबंध में "राज्य सभा सचिवालय का सर्कुलर साझा करते हुए राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ और विशेषाधिकार समिति के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# जलमंत्री आतिशी को मिली अस्पताल से छुट्टी


**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली सरकार की जलमंत्री** आतिशी को आज लोक नायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल से छुट्टी मिल गई। दिल्ली को पानी उपलब्ध कराने के लिए भूख हड़ताल में बैठीं आतिशी की तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के अधिकारियों का कहना है कि आतिशी को सुबह साढ़े 10 बजे अस्पताल से छुट्टी दी गई है। उन्हें मंगलवार सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कल उनसे समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव और माकपा नेत्री बिंद्रा करात ने मुलाकात की थी। आम आदमी पार्टी (आआपा) की दिल्ली सरकार का आरोप है कि हरियाणा यमुना का उसके हिस्से का पानी नहीं दे रहा है। आतिशी ने इसको लेकर विभिन्न स्तरों पर अपनी मांग उठाई और फिर भूख हड़ताल पर बैठ गई। वहीं विपक्ष के भाजपा का आरोप है कि आआपा सरकार सप्लाई में गड़बड़ी को ठीक करने की बजाय ड्रामा कर रही है।



**राहत**
▶▶ पानी उपलब्ध कराने के लिए भूख हड़ताल में बैठीं आतिशी की तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था

**अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल के दौरान बिगड़ी थी तबीयत**
आतिशी ने 22 जून को हरियाणा द्वारा दिल्ली के पानी का हिस्सा जारी करने के विरोध में अपनी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की। इससे पहले मंगलवार को आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि जल संकट के खिलाफ दिल्ली की मंत्री आतिशी द्वारा बुलाई गई अनिश्चितकालीन हड़ताल खत्म हो गई है, लेकिन वे विपक्षी दलों को लामबंद करके संसद में इस मुद्दे को उठाना जारी रखेंगे। आप ने आरोप लगाया है कि पड़ोसी राज्य हरियाणा हर दिन 100 मिलियन गैलन प्रति दिन (एमजीडी) कम पानी की आपूर्ति कर रहा है, जिससे दिल्ली में 28 लाख लोगों का जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

# लाल कृष्ण आडवाणी को मिली अस्पताल से छुट्टी



**बीमारी से ग्रसित**
▶▶ एम्स के जिरियाट्रिक डिपार्टमेंट के डॉक्टर्स की निगरानी में रखा गया था

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भारतीय** जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी को दिल्ली के एम्स अस्पताल से छुट्टी मिल गई। उन्हें कल तबीयत बिगड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें एम्स के जिरियाट्रिक डिपार्टमेंट (बुजुर्गों का इलाज करने वाला विभाग) के डॉक्टर्स की निगरानी में रखा गया था। उम्र संबंधित दिक्कतों के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अडवाणी इस समय 96 वर्ष की आयु के हैं और उम्र संबंधित दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। उनका नियमित घर पर चेकअप होता है। हाल ही में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। 8 नवंबर, 1927 को कराची में जन्मे लालकृष्ण आडवाणी को 30 मार्च, 2024 को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से नवाजा गया। आडवाणी 1942 में स्वयंसेवक के रूप में आरएसएस में शामिल हुए।

# तानाशाह का विनाश हो जाए: सुनीता केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही है। आबकारी मामले में जहां पहले ईडी ने उन्हें गिरफ्तार किया। वहीं बुधवार को इसी मामले में सीबीआई ने गिरफ्तार किया। अदालत ने आबकारी मामले में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तीन दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया। पति की मुश्किलों को बढ़ता देख मुख्यमंत्री की पत्नी सुनीता केजरीवाल का गुस्सा भड़क उठा। सुनीता केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर गुस्सा जाहिर किया है। उन्होंने लिखा, अभी तक हमेशा यही प्रार्थना रही है कि ईश्वर सबको सद्बुद्धि दे। लेकिन अब प्रार्थना रहेगी कि तानाशाह का विनाश हो।





**सुनीता केजरीवाल ने बताया था आपातकाल:** इससे पहले सुनीता केजरीवाल ने बुधवार को आरोप लगाया कि पूरी व्यवस्था यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है कि उनके पति जेल से बाहर न आएं। उन्होंने कहा कि यह सब तानाशाही और आपातकाल के समान है। आप ने कहा कि जब केजरीवाल को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने की संभावना थी तो भाजपा घबरा गई और उन्हें फर्जी मामले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तार करवा दिया गया।

**इस मामले को संसद में उठाएंगे: संजय सिंह**
सीबीआई की ओर से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लेकर दिए गए बयान पर आम आदमी पार्टी ने विरोध जताया है। बुधवार को आप सांसद संजय सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि ईडी-सीबीआई आप नेताओं के खिलाफ दुर्भावना के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईडी और सीबीआई के पास केजरीवाल के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। यह राजनीतिक साजिश है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के दलों से बातचीत कर इस मामले को संसद में उठाएंगे।

**भड़की सुनीता**
▶▶ पति की मुश्किलों को बढ़ता देख मुख्यमंत्री की पत्नी सुनीता केजरीवाल का गुस्सा भड़क उठा

# आप नेताओं ने संसद परिसर में किया विरोध-प्रदर्शन




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आप सांसदों ने गुरुवार को संसद परिसर में विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान संजय सिंह, डॉ. संदीप पाठक, एनडी गुप्ता, गुरमीत सिंह मीत हेयर, मलविंदर सिंह कंग, डॉ. राज कुमार चब्बेवाल और संजीव अरोड़ा विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।

**'तानाशाही नहीं चलेगी':** इस दौरान सभी आप नेता अपने हाथों में 'केजरीवाल को रिहा करो', 'तानाशाही नहीं चलेगी', 'ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग बंद करो' के पोस्टर लिए प्रदर्शन करते नजए आए।

# स्टेशनों पर मुसाफिरों को मिलेंगी सस्ती दवाइयां

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** अब आप स्थानीय रेलवे स्टेशनों से सस्ती दवाएं ले सकेंगे। भारतीय रेलवे ने प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोलने के दायरे को बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसके लिए 61 से अधिक रेल मंडलों के स्टेशनों को चयनित किया गया है। इसमें पुरानी दिल्ली, यूपी के प्रयागराज, अलीगढ़, गोंडा, बस्ती, बलिया, वाराणसी सिटी, फरूर्खाबाद और उत्तराखंड, पंजाब, राजस्थान समेत दूसरे राज्यों के रेलवे स्टेशन भी शामिल हैं। अधिकारियों का कहना है कि प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इन स्टेशनों पर जल्द ही सस्ती दवाओं की दुकानें खुलेंगी। प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र में करीब 1963 दवाइयां और 293 सर्जिकल उपकरण की बिक्री की जाती है। यहां एंटी-कैंसर, एंटी-डायबिटिक्स, एंटी-इंफेक्टिव्स, एंटी-एलर्जिक, गैस्ट्रो समेत विभिन्न उत्पादों की रोग-प्रतिरोधी क्षमता बढ़ाने वाली दवाइयों की बिक्री करने की अनुमति है। एलोपैथ के साथ आयुर्वेदिक उत्पादों को भी इस योजना में शामिल किया गया है।



रेलवे बोर्ड ने एक सर्कुलर जारी कर कहा है कि 61 स्टेशनों पर जनऔषधि केंद्र खोलने की प्रक्रिया तेज की जाए। इसके पहले ही 50 रेलवे स्टेशनों पर इस तरह के केंद्र खोलने का निर्णय लिया गया था। रेलवे ने स्टॉल खोलने के इच्छुक लोगों को आवेदन करने के लिए कहा गया है। इस तरह के केंद्र खोलने का उद्देश्य सभी लोगों किफायती मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराना है। यही दवा सभी केंद्रीय अस्पतालों में भी सप्लाई की जाति है। हालांकि दिल्ली के अस्पतालों और कई जगहों पर खोले गए इस तरह की दवा की दुकानों पर कई ऐसी दवा है जो मिलती है, इस वजह से तीमारदारों को अंग्रेजी दवा की दुकान से दवा खरीदने की मजबूरी होती है। दिल्ली-पुरानी दिल्ली स्टेशन उत्तरप्रदेश- प्रयागराज, अलीगढ़, ललितपुर, ऐशबाग, गोंडा जंक्शन, बस्ती, देवरिया जंक्शन, बलिया, फरूखाबाद जंक्शन, कासगंज, बरेली सिटी, बादशाहनगर, वाराणसी सिटी। राजस्थान-बाड़मेड़, दुगार्पुर, फलना उत्तराखंड-हरिद्वार स्टेशन

# दिल्ली में नीट पर बवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के ओखला में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के हेड ऑफिस के बाहर प्रदर्शनकारी पहुंचे हैं। प्रदर्शनकारी बिल्डिंग के अंदर पहुंचे थे। लेकिन सुरक्षा कर्मियों ने पहली मंजिल पर जाने से रोक दिया।

इस दौरान दोनों के बीच जमकर हंगामा हुआ। दफ्तर के बाहर प्रदर्शनकारी अधिक थे और सुरक्षाकर्मी कम हैं। प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस ने भारतीय यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी को हिरासत में ले लिया है। दिल्ली के जंतर मंतर पर नीट और पेपर लीक मामले पर संसद का घेराव कर रहे भारतीय यूथ कांग्रेस के कार्यक्रताओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया है।

# महिला के साथ दरिंदगी, ब्लैकमेल कर बार-बार लूटता रहा आबरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: मंडावली** इलाके में शादी का झांसा देकर एक महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि इस दौरान आरोपित ने महिला के अश्लील वीडियो व फोटो ले लिए थे, उन्हें इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी देकर बाद में भी उसने कई बार महिला को अपना शिकार बनाया।

**दुष्कर्म समेत कई धाराओं में प्राथमिकी दर्ज:** बताया गया कि 37 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दुष्कर्म समेत कई धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।



आरोपित की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।

**पीड़िता का अपने पति से चल रहा है तलाक का केस:** पीड़िता अपने परिवार के साथ मंडावली थाना क्षेत्र में रहती है। उसका अपने पति से तलाक का केस चल रहा है। वह लक्ष्मी नगर में एक कपड़े के शोरूम में नौकरी करती थी, यहां उसकी मुलाकात शोरूम में काम करने वाले एक युवक से हुई। इस दौरान दोनों के बीच नजदीकी बढ़ गई। पीड़िता का आरोप है कि आरोपित उसे अपने घर ले गया, वहां उसने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर दे दिया। उसे पीते ही वह बेहोश हो गई और आरोपित ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इस बीच आरोपित ने उसके अश्लील वीडियो व फोटो अपने फोन में ले लिए। उन्हें प्रसारित करने की धमकी देकर अलग-अलग समय पर कई बार दुष्कर्म किया।

# दिल्ली एयरपोर्ट पर युगांडा का नागरिक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: आई**जीआई एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग के अधिकारियों ने अदीस अबाबा से आए युगांडा के एक नागरिक को गिरफ्तार किया है। शक होने पर आरोपित के शरीर की जांच की गई, जिसमें उसके अलग-अलग हिस्सों से 10 कैप्सूल में 138 ग्राम कोकेन बरामद की गई। इसकी कीमत 1.38 करोड़ रुपये बताई गई है। आरोपित का नाम जोसेफ रोनाल्ड कवीसा है। आरोपित से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**संदेह होने पर ली गई तलाशी**
कस्टम अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, अदीस अबाबा से दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 पर 20 जून को एक यात्री आया था। जांच के दौरान संदेह होने पर उसकी तलाशी की गई। इस दौरान उसने अपने शरीर के हिस्सों में सात कैप्सूल छिपा रखे थे, जिसमें 114 ग्राम कोकेन बरामद हुआ। इसके बाद आरोपित को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया वहां पर उसके शरीर के हिस्सों की जांच की गई, जिसमें तीन कैप्सूल और निकले।



**गर्मी का सितम**

### गिरोह के शातिरों ने विभिन्न कंपनियों के फर्जी ग्राहक सेवा प्रतिनिधि बनकर देशभर के लोगों से लाखों रुपये की ठगी की

# गिरोह का पर्दाफाश: खुले ठगी के बड़े राज, जालसाज जामताड़ा से किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दक्षिणी पश्चिमी जिला पुलिस ने ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर एक जालसाज को ठगों के गढ़ झारखंड के जामताड़ा से गिरफ्तार किया है। गिरोह के शातिरों ने विभिन्न कंपनियों के फर्जी ग्राहक सेवा प्रतिनिधि बनकर देशभर के लोगों से लाखों रुपये की ठगी की है। पुलिस उपायुक्त रोहित मीना ने बताया कि शातिर की पहचान झारखंड के जामताड़ा स्थित गांव दक्षिणडीह निवासी अमरूल अंसारी के रूप में हुई है। पुलिस ने उससे ठगी में प्रयोग चार मोबाइल बरामद किए हैं। वहीं पुलिस गिरोह के अन्य शातिरों का पता लगा रही है। कई संदिग्ध पुलिस की रडार पर आ गए हैं। गिरोह ने देश के अलग-अलग राज्यों के लोगों से लाखों रुपये की ठगी की है। पुलिस आरोपित के बैंक खातों की डिटेल भी खंगाल रही है।

**महिला को लिंक भेजकर ठगे से थे दो लाख रुपये:** पुलिस उपायुक्त ने बताया कि आनंद निकेतन निवासी नीलम गुप्ता ने 19 मार्च को साइबर थाना पुलिस को आनलाइन शिकायत दी थी। पीड़िता ने बताया था कि उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया था। बताया कि कॉल करने वाले ने पीड़िता से कहा कि उनका डाक पार्सल किन्हीं वजहों से देरी से आएगा। आरोपित ने महिला से कहा कि उन्हें तीन रुपये का भुगतान करना होगा। इसके बाद आरोपित ने महिला के व्हाट्सऐप पर ग्राहक सहायता के लिए एक लिंक भेजा और इसके माध्यम से भुगतान करने के लिए कहा। पीड़िता ने संबंधित लिंक पर अपने बैंक खाते से जुड़ी जानकारी दे दी। इसी बीच आरोपित ने उनके खाते से करीब दो लाख रुपये निकाल लिये। मोबाइल पर मैसेज आने के बाद पीड़िता को पता चला। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।



**शातिर ठग**
▶▶ कई संदिग्ध पुलिस की रडार पर आ गए हैं। गिरोह ने राज्यों के लोगों से लाखों रुपये की ठगी की है

**ठगी के गढ़ जामताड़ा में मिली शातिर की लोकेशन:** पुलिस जांच के दौरान पता चला कि पीड़िता के दो लाख रुपये मुम्बई के सुले मार्ग स्थित मारिया सोसाइटी निवासी सौरभ त्रिपाठी के खाते में ट्रांसफर किए गए हैं। जब पुलिस ने आरोपित के मोबाइल की लोकेशन खंगाली तो पता चला कि वह झारखंड के जामताड़ा क्षेत्र की है। संबंधित नंबर अमरूल अंसारी के नाम पर जारी है। इसके बाद आरोपित की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन किया गया। विशेष टीम ने अमरूल को जामताड़ा से गिरफ्तार किया।

**लिंक भेजकर व ग्राहक सेवा प्रतिनिधि बनकर करते हैं ठगी:** पुलिस पूछताछ में शातिर ने बताया कि उसका गिरोह फिशिंग लिंक के माध्यम से पीड़ितों को निशाना बनाता है। इसके अलावा बैंकों सहित विभिन्न कंपनियों के ग्राहक सेवा प्रतिनिधि बनकर ठगी करते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### ट्रॉले ने दो लोगों को कुचला



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के गांव शामगढ़ के पास आज सुबह को नेशनल हाईवे पर एक ट्राले ने पिकअप गाड़ी का टायर बदल रहे ड्राइवर और क्लीनर को कुचल दिया। ट्राले में सरिये भरे हुए थे। घटना के बाद आरोपी ड्राइवर ट्राला छोडकर फरार हो गया। राहगीरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर तरावड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचाया। अभी तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। तरावड़ी थाने के जांच अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि आज सुबह करीब साढ़े 3 बजे सूचना मिली थी कि गांव शामगढ़ फ्लाईओवर के पास एक ट्राले ने पिकअप गाड़ी का पंचर टायर बदल रहे ड्राइवर और क्लीनर को कुचल दिया है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। ड्राइवर और क्लीनर दोनों के शव बुरी तरह क्षत-विक्षत अवस्था में पड़े थे। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। उनके शव उठाकर पोस्टमॉर्टम हाउस में रखवा दिए हैं। पहचान होने के बाद दोनों का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिकअप गाड़ी लीची से भरी हुई थी। उसका नंबर राजस्थान का है, जो चंडीगढ़ से दिल्ली की तरफ जा रही थी। इस दौरान जब टायर में पंचर हुआ तो पिकअप ड्राइवर और क्लीनर दोनों ही गाड़ी की स्टेपनी बदल रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया। उन्होंने बताया है कि हाइड्रा मशीन की मदद से पिकअप गाड़ी और ट्रॉले को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है। आरोपी ड्राइवर अभी फरार चल रहा है।

### 1350 पेटी बीयर से भरे ट्रक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला पुलिस द्वारा नशा तस्करों पर लगाम लगाने के लिए अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस के पर विशेष अभियान चलाया गया, जिसके तहत गुप्त सुचना के आधार पर मंगलौरा नाके पर नाकाबंदी करके दो आरोपियों मोहम्मद जावेद पुत्र अंसारी और मौहम्मद रजा पुत्र सुक्का वासीयान मसेबी रसूलपुर, मुरादाबाद उतर प्रदेश को एक ट्रक में 1350 पेटी अवैध बीयरों के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के खिलाफ थाना मधुबन में मुकदमा दर्ज किया गया। प्रारंभिक जांच में आरोपियों ने पुलिस टीम को बताया कि वे बीयरों की इस खेप को गुरदासपूर के पास पंजाब से लेकर आए थे और उन्हें बीयरों से भरे इस ट्रक को रांची बिहार पहुंचाना था। दोनों आरोपियों का अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा।

# सेवानिवृत्त लिपिक की पेंशन रोकने और चार्जशीट करने के दिए ओदश

## राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने 17 में से 6 शिकायतों का मौके पर किया समाधान, करनाल की स्वच्छता में ग्रह लगाने वाले अधिकारी के खिलाफ होगी सख्त कार्यवाही



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने सरकार की योजना आपकी बेटी हमारी बेटी के तहत प्रार्थियों को गुमराह करने और योजना का लाभ ना देने के मामले में महिला एवं बाल विकास विभाग के एक सेवानिवृत्त लिपिक की पेंशन रोकने और नियमानुसार चार्जशीट करने के आदेश दिए है। इसके साथ ही शिकायतकर्ता बलविन्द्र कुमार की शिकायत पर तुरंत कार्यवाही करने के आदेश दिए है। अगर अब भी इस मामले में लापरवाही बरती गई तो संबंधित अधिकारी को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

राज्यमंत्री सुभाष सुधा बुधवार को देर सायं पंचायत भवन के सभागार में जिला लोक सम्पर्क एवं कष्टद्द निवारण समिति की अपनी पहली बैठक में लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहे थे। इस मासिक बैठक में पहली बार पहुंचने पर उपायुक्त उत्तम सिंह द्वारा पंरपरा अनुसार स्वागत किया गया और पुलिस प्रशासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने अपनी पहली बैठक में अधिकारियों को स्पष्टद्द किया कि राज्य सरकार की सोच है कि कार्यालयों में आने वाले शिकायतकर्ता की तुरंत सुनवाई की जाए और पूरा मान सम्मान दिया जाए। अगर अधिकारी सरकार की सोच के विपरित नागरिकों के साथ ठीक व्यवहार नहीं करेगे तो संबंधित अधिकारी को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इसलिए अधिकारियों को अपनी कार्यशैली में परिवर्तन लाना होगा। उन्होंने अधिकारियों को यह भी स्पष्टद्द किया कि करनाल शहर में स्वच्छता पर विशेष फोकस और गंभीरता के साथ कार्य किया जाए, अगर किसी अधिकारी और कर्मचारी ने करनाल की स्वच्छता में ग्रहण लगाने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

राज्यमंत्री ने कष्टद्द निवारण समिति की 17 शिकायतों में से 6 शिकायतों का मौके पर समाधान किया और 11 शिकायतों का समाधान करने के लिए तथा प्रार्थियों को उचित न्याय देने के लिए जांच के आदेश दिए गए है और आगामी बैठक में अधिकारी जांच रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत होंगे। इतना ही नहीं सभी विभागों के एचओडी बैठक में समय पर पहुंचना सुनिश्चित करेगें, अगर कोई भी अधिकारी बिना बताए गैर हाजिर रहा तो विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

इसके अलावा राज्यमंत्री ने दर्जनों लोगों की शिकायतों को सुना और उनका समाधान करने के लिए अधिकारियों को आदेश दिए। इसी दौरान एक शिकायतकर्ता की शिकायत पर घरौंडा के तहसीलदार को राज्यमंत्री ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर नागरिकों के साथ उचित व्यवहार नहीं किया तो सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। राज्यमंत्री ने गांव कलसौरा निवासी पूजा शर्मा के मामले में एलडीएम को निष्पक्ष जांच करने और बीमा कम्पनियों के अधिकारियों को आगामी बैठक में तलब करने के आदेश दिए है। राज्यमंत्री ने गांव मूनक निवासी सरबती की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी को सख्त आदेश दिए कि आगामी 10 दिनों में पेंशन बनवाने से संबंधित पिछले 15 दिनों से लंबित एक हजार आवेदनों पर निपटारा किया जाए। इसके अलावा इस पूरे मामले की जांच एडीसी की अध्यक्षता में की जाएगी। इस कमेटी में समिति के सदस्य डॉ अशोक व राजेश सैनी भी सहयोग करेंगे। राज्यमंत्री ने शिव कालोनी निवासी सुनील के मामले में बैंक की लिमिट से संबंधित वन टाईम सैटलमेंट करने और उस राशि की किश्ते बनाने के निर्देश दिए है। इस बैठक में राज्यमंत्री ने गांव औंगद निवासी गुरू ज्ञान, अम्बेडकर कालोनी निवासी राकेश कुमार, रसुलपुर निवासी दयालो देवी और कुलवेहड़ी निवासी बिरमी की शिकायतों का समाधान किया।

# निगम की दुकानों का किराया न भरने वाले किराएदारों की दुकानें होंगी सील : गिल



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा के निर्देश पर निगम की दुकानों का किराया न भरने वाली दुकानों को सील करने की कवायद तेज कर दी गई है। इसके लिए सम्बंधित दुकानदारों को तीन-तीन नोटिस पहले भी जारी किए जा चुके हैं। इनमें से जिन दुकानों का किराया काफी समय से बकाया चला आ रहा है, ऐसे 20 किराएदारों को अब अंतिम नोटिस जारी किए गए हैं। नगर निगम के संयुक्त आयुक्त जसपाल ङ्क्षसह गिल ने बताया कि इन किराएदारों की तरफ करीब 34 लाख रुपये किराया बकाया है। इसे जमा करवाने के लिए एक सप्ताह का अंतिम समय दिया गया है। अगर कोई किराएदार इस अवधि में भी दुकान का किराया जमा करवाने में रूचि नहीं लेता, तो उसके विरूद्ध हरियाणा नगर निगम अधिनियम 1994 के तहत कार्रवाई करते हुए दुकानों को सील किया जाएगा। इसके पश्चात दुकान के किराए की वसूली सम्बंधित किराएदार से की जाएगी। यह दुकानें ज्ञान भूषण मार्किट, बांसो गेट, कम्बोपुरा तथा कर्ण पार्क इत्यादि क्षेत्रों की हैं। उन्होंने बताया कि बीते समय में नगर निगम कार्यालय द्वारा निगम की दुकानों का रेंट न भरने वाले 153 डिफाल्टर किराएदारों को प्रथम नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद कुछ किराएदारों ने निगम कार्यालय में आकर अपना किराया नगर निगम के कोष में जमा करवाया। इसके बाद किराया जमा करवाने के लिए 141 किराएदारों को दूसरा तथा 68 किराएदारों को तीसरा नोटिस जारी किया गया था। बावजूद इसके अभी तक कई किराएदारों ने दुकानों का किराया जमा नहीं करवाया है।

# करनाल के दो युवकों की अमेरिका में डूबने से हुई मौत



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के दो युवकों की अमेरिका में मौत हो गई। कैलिफोर्निया की झील में दोनों युवक नहाने के दौरान डूब गए, जबकि उनका एक साथी बाल-बाल बच गया। मृतकों की पहचान गोबिंदगढ़ गांव निवासी 21 वर्षीय महताब सिंह और चुरनी गांव निवासी 17 वर्षीय इक्कम सिंह के रूप में हुई है। इनके साथी फैजपुर निवासी 28 वर्षीय चरणजीत सिंह को लोगों ने पहले ही बाहर निकाल लिया था। परिवार ने दोनों युवकों को करीब एक साल पहले 80 लाख लगाकर डंकी के रास्ते अमेरिका भेजा था। वहां दोनों डिपार्टमेंटल स्टोर पर काम करते थे। परिवार के अनुसार, महताब सिंह, इक्कम सिंह और चरणजीत सिंह एक ही एक ही कमरे में रहते थे। 25 जून को वे कैलिफोर्निया की सैन फ्रांसिस्को झील में नहाने गए थे। झील में इक्कम सिंह सबसे आगे थे। उसके बाद महताब और चरणजीत थे। तभी इक्कम डूबने लगा। उसे बचाने के लिए महताब और चरणजीत सिंह गहराई में जाने लगे। उस दौरान तीनों डूब गए। आसपास के लोगों ने महताब और चरणजीत सिंह को तो बाहर निकाल लिया, लेकिन इक्कम को कुछ पता नहीं चला। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। वहां महताब की मौत हो गई। घटना के करीब 24 घंटे बाद इक्कम का शव झील से बरामद हुआ, जबकि चरणजीत सिंह की हालत ठीक है। महताब के पिता गुलाब सिंह ने बताया कि बेटा करीब एक साल पहले डंकी से अमेरिका गया था। वहां उसका अच्छा काम चल रहा था। वह इकलौता बेटा था। 25 जून को हुए इस हादसे की सूचना महताब के फूफा ने दी। वह भी अमेरिका में ही रहते हैं। महताब और उसके दोस्त पहले कभी झील में नहाने नहीं गए थे। पहली बार गए और यह हादसा हो गया। गुलाब सिंह ने कहा कि वह खेतीबाड़ी का काम करते हैं। उन्होंने करीब 35 लाख रुपए खर्च कर अपने बेटे को अमेरिका भेजा था, लेकिन आज वह बेटा उनके बीच नहीं रहा। पिता ने सरकार से अनुरोध किया है कि उनके बेटे का शव भारत लाया जाए, ताकि उसका दाह संस्कार किया जा सके। अगर यह संभव नहीं होताए तो वे इमरजेंसी वीजा लगवाने का प्रयास करेंगे, ताकि माता-पिता अमेरिका जाकर वहीं अंतिम संस्कार कर सकें। इस संबंध में सरकार से भी बातचीत की जा रही है। इक्कम सिंह पिता रूपिंद्र सिंह ने बताया कि वह खेताबाड़ी करते हैं। बेटा 14 महीने पहले ही अमेरिका गया था। इसके लिए उन्होंने आधी जमीन बेच दी, ताकि घर के हालात सुधर सकें। वह घर का इकलौता बेटा था। उसकी एक 19 वर्षीय बड़ी बहन नैनी भी है। हमें विश्वास नहीं है कि हमारे बेटे के साथ ऐसा हो सकता है। घर का इकलौता चिराग बुझ चुका है। घर की आर्थिक स्थिति इतनी ज्यादा मजबूत नहीं है कि बेटे का शव भारत लाया जा सके।

# समाधान शिविरों में 20 शिकायतों का हुआ मौके पर निपटारा



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार नियमित रूप से समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज यहां लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। ऐसे ही शिविर नीलोखेड़ी, इन्द्री, असंध और घरौंडा में एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित किए गए। इन शिविरों में 20 शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया। अधिकारियों ने सुबह 9 से 11 बजे तक लोगों की शिकायतें सुन उनका उचित समाधान किया।

करनाल में आयोजित शिविर में चार मामले निपटाये गए। शिविर में यहां के सत्यवान के पीपीपी में मोबाईल नंबर संशोधन, उर्मिला की आमदन को संशोधित किया गया। इन्द्री ब्लॉक के राजेश कुमार कंबोज ने शिकायत की कि परिवार पहचान पत्र में उन्हें सरकारी कर्मचारी दिखाया गया है, जबकि वे प्राईवेट नौकरी करते हैं। उनकी शिकायत का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। करनाल ब्लॉक की मुन्नी देवी ने बुढ़ापा पेंशन न बनने की शिकायत की। दस्तावेजों की जांच के बाद उन्हें बताया गया कि अभी वे 60 साल की नहीं हुई हैं। जैसे ही उम्र के छह दशक पूरे करेंगी, पेंशन बना दी जाएगी। इसी प्रकार नीलोखेड़ी में क्रीड से संबंधित एक, इन्द्री में दो, असंध में तीन शिकायतें और घरौंडा में शहरी स्थानीय निकाय विभाग से संबंधित दस शिकायते संबंधित एसडीएम द्वारा निपटाई गई।

**कैंप का लाभ**

**अपराध, बिजली-पानी संबंधी आदि शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया जा रहा**

करनाल में एक शिकायत रद्द कर दी गई। परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, जमीन की रजिस्ट्री, शहरी निकाय विभाग से एनडीसी लेने, नक्शे की मंजूरी, पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण व्यवस्था, अपराध, बिजली-पानी संबंधी आदि शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया जा रहा है।

जिला सचिवालय में आयोजित शिविर में आज अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी, नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा, डीएसपी नायब सिंह, सीटीएम शुभम, डीडीपीओ कृष्ण लाल, उप सिविल सर्जन डॉ नीलम वर्मा के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र प्रधानमंत्री मोदी पूरी दुनिया की अगुवाई कर रहे : गजेंद्र

**पानीपत/कमाल हुसैन**

पौधा रोपण पर्यावरण को बचाने का एक मात्र जरिया है प्राकृतिक रूप से पर्यावरण संतुलन इसी के माध्यम से हो सकता है ये शब्द भाजपा राष्ट्रीय सदस्यता अभियान प्रदेश प्रमुख गजेंद्र सलूजा ने सेक्टर 12 के वृंदावन पार्क में भारतीय जनता पार्टी तथा नई राह संस्था के संयुक्त तत्वाधान में आजोजित पौधारोपण अभियान में मुख्य वक्ता के तौर पर बोलते हुए कहे । गजेंद्र सलूजा ने कहा की पर्यावरण संरक्षण क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरी दुनिया की अगुवाई कर रहे हैं।2070 तक जीरो कार्बन उत्सर्जन का बीड़ा उन्होंने उठाया है हम भी अधिक से अधिक पौधारोपण कर उस में अपना योगदान दे।

गजेंद्र सलूजा ने नई राह संस्था की भी भूरी भूरी प्रसंशा की उन्होंने कहा कि ये संस्था पर्यावरण संरक्षण में एक प्रतिष्ठित संस्था है और मोदी के अभियान एक पेड़ मां के नाम को ये संस्था सही अर्थों में अमली जामा पहना रही है।

जिला भाजपा उपाध्यक्ष एवं भाजपा एक पेड़ मां के नाम अभियान की जिला संयोजक डॉ हेमा रमन ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान को जिला भाजपा तथा नई राह संस्था पूरे मानसून मौसम में जारी रखेगी। डा हेमा रमन ने आगे कहा इस अभियान में केवल पेड़ लगना ही लक्ष्य नहीं अपितु उसको देख भाल सुनिश्चित करना भी लक्ष्य है ताकि ये पौधे पेड़ का रूप ले सके। नई राह के संस्थापक डा राज रमन ने कहा कि नई राह संस्था हर वर्ष मानसून सीजन में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में उम्दा योगदान दे रही है।उन्होंने आगे कहा कि ये संस्था का सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री मोदी के एक पेड़ मां नाम अभियान में अपना योगदान दे रही है।

मंडल संयोजक। हिमांशु शर्मा ने मंडल में पहुंचने पर मुख्य अतिथि तथा अन्य सभी अतिथियों का स्वागत किया। भाजपा के जिला के मीडिया सह प्रभारी गजेंद्र सिंह दहिया ने भावुक होकर कहा कि इस पार्क को बनवाने में उनके पिता स्वर्गीय चौधरी सज्जन सिंह का बड़ा योगदान रहा है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवती लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मधुबन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक गांव से 20 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। युवती अपने साथ घर से 50 हजार रुपये व अन्य दस्तावेज भी ले गई। परिजनों ने एक युवक पर शादी की नीयत से युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके 6 बच्चे हैं, उसकी 20 वर्षीय बेटी घर पर ही रहती थी। 14 जून को मैं और मेरी पत्नी किसी काम से बाहर गए थे और बेटी घर पर अकेली थी। शाम को जब वे घर लौटे तो बेटी घर पर नहीं मिली। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। शिकायतकर्ता ने बताया कि घर में रखे 50 हजार रुपये नकद और दस्तावेज सभी अलमारी में थे। काफी खोजबीन और जानकारी के बाद उन्हें पता चला कि चोरा गांव का एक युवक उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर शादी के लिए भगा ले गया है। युवक पर उनकी बेटी के साथ 50 हजार रुपये चोरी करने का भी आरोप है। पिता ने पुलिस से बेटी को बरामद करने और आरोपी युवक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। मधुबन थाने की जांच अधिकारी आशा ने बताया कि 20 वर्षीय युवती के लापता होने की शिकायत मिली है और शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

**जांच जारी**

**परिजनों ने एक युवक पर शादी की नीयत से युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है**

# बैंकर्ज पैंडिंग मामलों का निस्तारण करें : डॉ.पंकज



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.पंकज ने गुरूवार को जिला सचिवालय में बैंकर्ज की त्रिमासिक बैठक में 2023-24 की प्रगति को लेकर बैंकर्ज को निर्देश दिए कि उनके पास जो भी ऋण लेने संबंधी मामले पैन्डिग है उनका निश्चित अवधि में निस्तारण करें। सरकार बैंको का सहयोग कर रही है। जिसमें आम व्यक्ति का फायदा पहुंचे इसी उद्देश्य को लेकर समय समय पर कैम्पों का भी आयोजन किया जाता है। बैंकर्ज की लोन संबंधी प्राथमिकता होनी चाहिए। यह बैंकर्ज को सुनिश्चित करन होगा।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बैंकर्ज से किस बैंक में कितने ऋण संबंधी मामले पैंडिंग है की जानकारी भी हासिल की व देरी का कारण जाना। इससें आवेदन कताओं का सरकार व व्यवस्था के प्रति विश्वास उठता है। जो सही नहीं है। उन्होंने देरी से आने वाले बैंकर्ज के खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही।

अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी बैंकर्ज को चेतावनी दी कि यदि उन्होंने अपनी कार्य शैली में बदलाव नहीं किया तो मजबूरन उन्हें बैंकर्ज के विरूद्ध ठोस कार्रवाही करनी पड़ेगी। उन्होंने बैंकर्ज को एक सप्ताह में ऋण लेने वालो के ऋण से संबंधित पैन्डिग मामलों का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि गरीब लोगों व कृषि क्षेत्र से जो भी आवेदन कर्ता ऋण के लिए आवेदन करते है उन्हें अच्छी तरह से अटैंड करें व उनके ऋण संबंधी मामलों पर संज्ञान लेकर उन्हें सिरे चढ़ाने का प्रयास करें। अतिरिक्त उपायुक्त ने बैंकर्ज को कहा कि एक सप्ताह के अन्दर पैंडिंग मामलों पर संज्ञान लिया जाए।

# भाजपा के शासनकाल में ओबीसी वर्ग के लोगों को मिला लाभ : राजेश सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** भाजपा कार्यालय करण कमल में भाजपा ओबीसी मोर्चा की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा ओबीसी समाज के लिए क्रीमिलेयर की वार्षिक आय सीमा को बढाकर 8 लाख करने, गुप ए और ग्रुप बी के पदो में 15 प्रतिशत आरक्षण को बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने एवं नौकरियों में पिछड़ा वर्ग ए और बी के बैकलाग को प्राथमिकता के आधार पर भरने की घोषणा को लेकर मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा कर्णदेव काम्बोज का आभार व्यक्त करते हुए उनका धन्यवाद किया।

ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेश सैनी ने बताया कि सरकार द्वारा क्रीमिलेयर की वार्षिक आय सीमा छह लाख रुपये से बढ़ाकर आठ लाख रुपये करने की घोषणा कर दी गई। केंद्र सरकार की तर्ज पर आय में वेतन और कृषि से आय को शामिल नहीं किया जाएगा। इससे ओबीसी वर्ग को काफी लाभ होगा। यही नहीं नौकरियों में पिछड़ा वर्ग ए और बी के बैगलाग को जल्द ही प्राथमिकता के आधार पर भरा जाएगा।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने भगवान विश्वकर्मा योजना के तहत ओबीसी वर्ग के लोगों के लिए 18 ट्रेड में प्रशिक्षण देने के लिए 13 हजार करोड़ रुपये के बजट का प्रविधान किया है।

केंद्र व प्रदेश सरकार ने अपने पिछले दस साल के कार्यकाल में जितना लाभ ओबीसी वर्ग को दिया है, उतना पूर्व की विपक्ष की सरकार द्वारा कभी भी नहीं दिया गया। बैठक में उपस्थित सभी ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाई दी।

**प्रावधान**

**ओबीसी वर्ग के लोगों के लिए 18 ट्रेड में प्रशिक्षण देने के लिए 13 हजार करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया**

# ट्रांसफार्मर लगाने आई टीम बैरंग लौटी, लोगों ने किया विरोध



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अंबाला शहर के दर्जियां वाला मोहल्ला में ट्रांसफार्मर लगाने को लेकर जमकर हंगामा हुआ। गतदिवस यहां पर एक ट्रासफार्मर में आग लगने से एक साथ लगते मकान का हजारों रूपए का घरेलू सामान जलकर राख हो गया था।

जिसके बाद विभाग की टीम द्वारा यहां पर ट्राली में ट्रासफार्मर अस्थाई तौर पर बिजली आपूर्ति के लिए लगाया गया था उस दौरान लोगों ने मांग करते हुए कहा था कि यहां पर फिर से ऐसा हादसा हो सकता है इसलिए इस क्षेत्र से ट्रांसफार्मर को बाहर किया जाए। लेकिन आज दो दिन बाद फिर से बिजली कर्मचारी उक्त स्थान पर पहुंचे और गली किनारे ट्रांसफार्मर रखने लगे लेकिन तभी यहां पर क्षेत्र की अनेक महिलाऐं इकठी हो गई और विरोध जताते हुए कहा कि वह यहां पर ट्रांसफार्मर नहीं लगने देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यदि यहां पर फिर से ऐसा हादसा होता है तो उसका जिम्मेवार कौन होगा।

## संपादकीय

# योग दिवस पर बने कई विश्व रिकॉर्ड

**योग का** भारत में संस्कृति के साथ सदियों पुराना जुड़ाव है। यूं भी कह सकते हैं कि भारत में योग की शुरूआत भारतीय संस्कृति के साथ जुड़ी है। भारत ने पूरी दुनिया को योग करना सिखाया है और भारत के कारण ही दुनिया के तमाम देश अब योग की महत्ता को समझने लगे हैं। करीब 5000 वर्ष पहले भारत से शुरू हुई योग की परंपरा शरीर और मन के बीच सामंजस्यपूर्ण संतुलन प्राप्त करने के लिए शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अनुशासन को जोड़ती है। 'योग' शब्द संस्कृत से लिया गया है। इसका अर्थ है 'जुड़ना' अथवा 'एकजुट होना', जो शरीर और चेतना के मिलन का प्रतीक है। भारत की प्राचीन परंपराओं में गहराई से निहित योग वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य और आध्यात्मिक कल्याण के प्रतीक के रूप में कार्य करता है। 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग को वैश्विक मान्यता मिलने के बाद से पिछले 10 वर्ष में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) पर कई रिकॉर्ड बने हैं।

2015 से लेकर अब तक अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के नाम कई रिकॉर्ड 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' में दर्ज हो चुके हैं। 2015 में पहले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिल्ली में राजपथ पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ कुल 35,985 भारतीयों ने एक साथ योग करके सबसे बड़े योग सत्र का पहला विश्व रिकॉर्ड बनाया, जबकि दूसरा रिकॉर्ड एक ही स्थान पर योग सत्र में कुल 84 देशों के भाग लेने पर बना था। योग को लेकर एक विश्व रिकॉर्ड तब बना, जब 2018 में राजस्थान के कोटा में करीब 1.05 लाख लोगों ने एक साथ योगाभ्यास किया था। 2023 में दुनियाभर से कुल 23.4 करोड़ लोगों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेकर भी विश्व रिकॉर्ड कायम किया, वहीं 2023 में ही गुजरात के सूरत में योग दिवस कार्यक्रम में योग सत्र में 1.53 लाख लोगों ने एक साथ हिस्सा लेकर नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। उस योग कार्यक्रम के लिए करीब 300 मीटर चौड़ी दो सड़कों के चार किलोमीटर लंबे हिस्से को योग प्रतिभागियों के लिए कालीन से ढ़का गया था। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर इस वर्ष तो कई रिकॉर्ड बने। देश-विदेश में फैली आध्यात्मिक संस्था ब्रह्माकुमारीज ने भी इस अवसर पर एक नया रिकॉर्ड कायम किया। ब्रह्माकुमारीज के आबूरोड स्थित अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय के साथ 140 देशों में फैले इसके 9000 केंद्रों पर करीब एक करोड़ लोगों ने एक साथ योग किया जबकि आबूरोड स्थित मुख्यालय पर 10 हजार लोगों ने एक साथ योगाभ्यास किया। हिमालयन सिद्ध योग गुरु अक्षर के दूरदर्शी नेतृत्व में तो अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक नया इतिहास रचा गया। 'अक्षर योग केंद्र' ने 5 विशिष्ट योगासनों का वैश्विक मानकों पर सफलतापूर्वक प्रदर्शन करके पांच नए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए और 10वें अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला में आयोजित इस स्पर्धा के जरिये योग की सार्वभौमिक अपील यानी शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण के लिए इसके गहन लाभों का संदेश पूरी दुनिया देने का प्रयास किया गया। इन पांच वैश्विक कीर्तिमान स्थापित करने वाले आसनों में नौकासन, कौंडिन्य आसन (ऋषि कौंडिन्य मुद्रा), चक्रासन, भगवान शिव की एक मुद्रा नटराजासन, पांच मिनट तक लगातार सूर्य नमस्कार का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया गया।

# संसद सत्र में सत्ता और विपक्ष आमने-सामने

**रोहित माहेश्वरी**

"प्रधानमंत्री मोदी के बारे में भय और खौफ की जो धारणा थी, वह भी खत्म हो चुकी है। अब कोई भी उनसे नहीं डरता, लिहाजा इस बार प्रधानमंत्री पद पर काम करना आसान नहीं होगा। उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। राहुल के अलावा, कांग्रेस के प्रवक्ता और विपक्ष के नेता देश के प्रधानमंत्री को अपशब्दों से अपमानित कर रहे हैं। सवाल है कि संविधान और लोकतंत्र की भाषा में जनादेश किसे कहते हैं? आम चुनाव का जनादेश क्या है? मोदी सरकार को अल्पमत, असंवैधानिक सरकार संविधान के किस हिस्से के आधार पर कहा जा सकता है? वहीं एक नई बहस संसदी में देखने को मिली। दरअसल, सेंगोल को लेकर सपा सांसद आरके चौधरी ने कहा कि सेंगोल की जगह संसद में संविधान रखा जाना चाहिए।"

**18वीं** लोकसभा के सत्र की शुरूआत हो चुकी है। अधिकतर सांसद शपथ ले चुके हैं। लोकसभा स्पीकर और नेता प्रतिपक्ष भी घोषित हो चुके हैं। 18वीं लोकसभा की शुरूआत सत्तापक्ष व विपक्ष के बीच मतभेद-असहमति के बीच हुई, लेकिन जैसा अपेक्षित था ओम बिरला लगातार दूसरी बार लोकसभा स्पीकर पद के लिये चुने गए। इससे पहले एनडीए गठबंधन सरकार की आकांक्षा थी कि विपक्ष स्पीकर पद के लिये ओम बिरला का समर्थन करे, लेकिन विपक्ष लोकसभा उपाध्यक्ष पद को लेकर अड़ा रहा। संसद में संख्याबल के आधार पर एनडीए की दावेदारी तय थी, मगर प्रतीकात्मक विरोध के लिये इंडिया गठबंधन ने सबसे अनुभवी सांसद के. सुरेश को स्पीकर पद के लिये अपना उम्मीदवार बनाया। इस बीच मंगलवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के घर हुई बैठक के बाद रात्रि में पार्टी ने घोषणा की कि राहुल गांधी लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष होंगे। ओम बिरला के लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी बधाई दी। राहुल ने कहा कि भले ही सरकार के पास राजनीतिक शक्ति है लेकिन विपक्ष भी देश के लोगों की आवाज का प्रतिनिधित्व कर रहा है। दरअसल, इंडिया गठबंधन कहता रहा है कि सरकार संसदीय परंपरा को दरकिनार करके डिप्टी स्पीकर पद विपक्ष को देने से इनकार कर रहा है। जबकि आम धारणा रही है कि डिप्टी स्पीकर पद विपक्ष को दिया जाता है। सत्ता पक्ष की दलील थी कि लोकसभा अध्यक्ष किसी दल विशेष का नहीं होता वरन सदन चलाने के लिये सब की सहमति से चुना जाता है। सत्ता पक्ष का आरोप है कि इंडिया गठबंधन दबाव की राजनीति कर रहा है। वहीं एक रोचक पहलू यह भी है कि पिछली लोकसभा में डिप्टी स्पीकर पद पर कोई चुना ही नहीं गया। राजनीतिक पंडित इस नियुक्ति को संविधान के अनुसार अनिवार्य बताते हैं। बताया जाता है कि 1969 तक कांग्रेस ने अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद अपने ही पास रखे। कालांतर अपनी सुविधा के अनुरूप विपक्षी दलों से यह पद साझा किया गया। बहरहाल, 18वीं लोकसभा का नया घटनाक्रम यह है कि मंगलवार को कांग्रेस ने राहुल गांधी को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाया है। यहां उल्लेखनीय है कि वर्ष 2004 में चुनावी राजनीति में आने के बाद पहली बार राहुल गांधी किसी



संवैधानिक पद पर आसीन हुए हैं। इससे पहले 2019 में पार्टी की पराजय को स्वीकार कर उन्होंने पार्टी अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे दिया था। बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष पद पर ओम बिरला के चयन के बाद उन्होंने परिपक्व ढंग से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि स्पीकर का दायित्व है कि विपक्ष के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करे। बहरहाल, दस साल बाद लोकसभा को नेता प्रतिपक्ष का पद मिला है। दरअसल, दो आम चुनावों में कांग्रेस सांसदों का दस फीसदी हासिल नहीं कर पाई थी, जिसके चलते वह नेता प्रतिपक्ष का पद न पा सकी। इस बार के आम चुनाव में 99 सीटें हासिल करके कांग्रेस ने नेता प्रतिपक्ष का अधिकार हासिल किया। इंडिया गठबंधन का दावा है कि राहुल अब विपक्ष की आवाज बनेंगे। हालांकि, इस बार लोकसभा में उनकी मां सोनिया गांधी नहीं होंगी, क्योंकि वे राज्यसभा के लिये चुनी गयी हैं। लेकिन वायनाड उपचुनाव के जरिये प्रियंका गांधी के लोकसभा पहुंचने की प्रबल संभावना है। माना जा रहा है कि नेता प्रतिपक्ष के रूप में उनकी जिम्मेदार राजनेता की छवि बन सकेगी। वजह है कि नेता प्रतिपक्ष देश में कई महत्वपूर्ण नियुक्तियों में भूमिका निभाता है। उम्मीद करें कि आम चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री पर तीखे हमले करने वाले राहुल प्रधानमंत्री के साथ इस दायित्व को सहजता से निभा पाएंगे। दरअसल, नेता प्रतिपक्ष के पास कई तरह के विशेष संवैधानिक अधिकार भी होते हैं। वह कई महत्वपूर्ण समितियों का सदस्य भी होता है। संयुक्त संसदीय समितियों व चयन समितियों में उसकी सक्रिय भूमिका होती है। जो ईडी, सीबीआई, केंद्रीय सूचना आयोग, केंद्रीय सतर्कता आयोग,लोकपाल, चुनाव आयुक्तों व एनएचआरसी के अध्यक्ष जैसे विशिष्ट पदों की नियुक्तियां करती हैं। विपक्षी नेता को कैबिनेट रैंक पद का दर्जा मिलता है। उम्मीद है इससे राहुल गांधी की छवि एक परिपक्व नेता के रूप में उभरेगी। आशा करें कि सहमति-असहमति के बीच स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपराओं को बल मिलेगा।

सरकार की लगातार घेराबंदी इसलिए भी की जाएगी, क्योंकि कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद राहुल गांधी मानते हैं कि आम चुनाव, 2024 का जनादेश प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा को नहीं मिला है। यह अवैध और अल्पमत की सरकार है, एनडीए के कुछ सदस्य हमारे संपर्क में हैं, लिहाजा छोटी-सी गड़बड़ी से ही सरकार गिर सकती है। राहुल ने यह निजी टिप्पणी भी की है कि प्रधानमंत्री की छाती 56 इंच के बजाय 30-32 इंच की रह गई है। प्रधानमंत्री मानसिक और मनोवैज्ञानिक रूप से टूट चुके हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के बारे में भय और खौफ की जो धारणा थी, वह भी खत्म हो चुकी है। अब कोई भी उनसे नहीं डरता, लिहाजा इस बार प्रधानमंत्री पद पर काम करना आसान नहीं होगा। उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। राहुल के अलावा, कांग्रेस के प्रवक्ता और विपक्ष के नेता देश के प्रधानमंत्री को अपशब्दों से अपमानित कर रहे हैं। सवाल है कि संविधान और लोकतंत्र की भाषा में जनादेश किसे कहते हैं? आम चुनाव का जनादेश क्या है? मोदी सरकार को अल्पमत, असंवैधानिक सरकार संविधान के किस हिस्से के आधार पर कहा जा सकता है? वहीं एक नई बहस संसदी में देखने को मिली। दरअसल, सेंगोल को लेकर सपा सांसद आरके चौधरी ने कहा कि सेंगोल की जगह संसद में संविधान रखा जाना चाहिए। इस पर जीतन राम मांझी से लेकर अनुप्रिया पटेल तक एनडीए के कई सहयोगियों ने मोदी सरकार के फैसले का साथ दिया है, हालांकि अखिलेश यादव कि हमारे सांसद इसलिए कह रहे होंगे कि जब पहली बार इसे स्थापित किया गया तो तब पीएम ने इसे प्रणाम किया था। लेकिन इस बार शपथ लेते हुए पीएम मोदी भूल गए इसलिए ये याद दिलाने के लिए हमारे सांसद ने पत्र लिखा है। असल में संसद में विपक्ष सरकार को घेरने की तैयारी में है।

नई लोकसभा में 27 जून को राष्ट्रपति मुर्मू दोनों सदनों की साझा बैठक को संबोधित करते हुए सरकार का एजेंडा स्पष्ट कर दिया है। राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में आपातकाल का जिक्र भी किया. उन्होंने कहा कि 1975 में पूरे देश में हाहाकार मच गया था। आपातकाल संविधान पर सबसे बड़ा हमला था। 26 जून को जहां एक ओर विपक्षी नेताओं के हाथ में संविधान की प्रतियां दिखीं और राहुल गांधी यह कहते दिखे कि ह्यसंविधान को कोई ताकत छू नहीं सकतीह्न, दूसरी ओर पीएम मोदी ने भी आपातकाल की याद दिलाते हुए विपक्ष की हमलावर नीति पर पलटवार किया।

उन्होंने आपातकाल का जिक्र किया, विपक्ष को अपना कर्तव्य पूरा करने के लिए कहा और इन जवाबी हमलों के साथ पीएम मोदी ने दृढ़ता से यह बात सामने रखी कि उनकी सरकार यहीं रहेगी और वे विपक्ष के दबाव के कारण पीछे नहीं हटेंगे। आपातकाल की 50वीं बरसी पर विपक्षी दलों के हंगामे के बीच लोकसभा ने सदन में निंदा प्रस्ताव पारित किया। अपने प्रस्ताव में स्पीकर ने कहा कि यह सदन 1975 में देश में आपातकाल लगाने के निर्णय की कड़े शब्दों में निंदा करता है। इसके साथ ही हम उन सभी लोगों की संकल्पशक्ति की सराहना करते हैं, जिन्होंने इमरजेंसी का पुरजोर विरोध किया, अभूतपूर्व संघर्ष किया और भारत के लोकतंत्र की रक्षा का दायित्व निभाया। पीएम मोदी लोकसभा में 2 जुलाई और राज्यसभा में 3 जुलाई को चर्चा का जवाब देंगें। नई लोकसभा में वह प्रधानमंत्री का पहला संबोधन होगा।

## कविता

**कहां गए वो रिश्ते**

कहां गई संवेदनाएं
जो कभी थे प्यारे अपने
हम देखते हैं अब उनसे
मिलने के सपने,
अपने गुम हो गए
गांव शहरों की ओट में
लुप्त हुए दादी नानी के
गांव
रिश्ते की ओट में,
मिट गए सब रिश्ते
और नाते,
जब से खुले जमीन
जायजात
के खाते,
रिश्ते अब अपने रिश्तों
से कतराने आने लगे हैं
बेटे,बेटी भी मां बाप
से घबराने लगे है,
फ्लैट ,मकान और दुकान
की बेदम चाहत ने
संबंधों को किया हलकान
सिक्कों की खनखनाहट
में,
सारे रिश्ते नातों को
किया परेशान
घर हो गए सुनसान,
भौतिकवाद इस कदर
सिर चढ़कर बोलने लगा
है
पैदा होता बच्चा ही
अपने आपको
बाप समझने लगा है,
भौतिक युग की चाहत ने
जल्दी अमीर बनने की
आहट ने विस्मृत कर
दिया
बूढ़े मां बाप को,
सबसे अलग कर
लिया अपने आप को,
धन विलासिता की चाहत
सदैव रिश्तो को
करती रही आहत,
छाया हुआ है
झूठ और फरेब, असत्य
न जाने कहां खो गया
सत्य,
अब सिक्कों की खनक
जोर जोर से बोलने लगी
है
समवेत गांव के रिश्तो की
नैया अब डोलने लगी है,
खत्म हो गई सब
रिश्तो की संवेदनाएं
जब से आई जीवन में
अनैतिक सुख की
चाहत और बलाएं

**संजीव**

## भ्रष्टाचार के जाल में आंधियां पिस रही हैं

**सुनील कुमार महला**

**तापमान** गजब ढा रहा है। चर्चा 'फ्रीज' की होनी चाहिए लेकिन फ्रीज नहीं आजकल 'ब्रिज' काफी चर्चा में हैं। अजी ! 'ब्रिज' मतलब 'पुल'। अंग्रेजी में डिटेल से समझाएं तो 'ब्रिज' का मतलब होता है -'एक नदी, खड्ड, सड़क, रेलमार्ग या अन्य बाधा के पार सड़क, पथ, रेलमार्ग या नहर ले जाने वाली संरचना।' खैर, यह तो रही ब्रिज की डिटेल की बात। और डिटेल्ड बात यह है कि बरसात आने से पहले ही बेचारे 'पुल'(ब्रिज) धड़ाधड़ 'पुल'(टूटना, उखड़ना) हो रहे हैं। बेचारा 'विकास' तो पानी में बह गया, लेकिन यह 'विकास' कहने को बहुत कुछ कह गया। अजी ! पुल बनाकर कंक्रीट की दीवार खड़ी करना क्या प्रकृति के साथ विश्वासघात नहीं है। ऐसे में तो पुल का टूट जाना ही लगता हमें सही है। पुल को भी प्रकृति का खूब ख्याल है, पुल टूटने पर फिर मच रहा क्यों बवाल है ? खैर, हाल फिलहाल, एक, दो, तीन; 'पुल' गये छीन। क्यों कि सीमेंट, बजरी, ग्रीट, सरिये से ये थे पूर्णतया 'हीन'। घटिया सामग्री की इनमें रही आवक, इसीलिए तो पुल बन गए जल्दी 'जावक'। निर्माण में नियम-कानून रखे ताक पर। गिरे पुलों को आपने भी देखा होगा टीवी पर जरा झांक कर। पुल हों या सड़कें, दीवारें हों या फ्लैट। आमजन के हितों को कर रहे मटियामेट। अच्छा चलता है ठेकेदारों की कमीशनखोरी का धंधा। अजी ! शेष जगह है मंदा ही मंदा। मोटा मुनाफा और रहती इनमें ठेकेदारों की मनमानी, इसीलिए ढ़हते पुल, सड़कें भरी जवानी। उद्घाटन तक भी ये नहीं पहुंच पाते। उससे पहले ही भरभराकर गिर जाते। निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री की खुल रही पोल। मीडिया को मिला मौका, बज रहा है 'ब्रिज' का ढ़ोल। आमजन माथे पर हाथ मारे। भ्रष्ट अधिकारी पकड़े जाएंगे क्या अब सारे ? हर तरफ है मिलीभगत का खेल। क्या जाएंगे दोषी अब जेल ? घटिया सामग्री के इस्तेमाल का कच्चा चिट्ठा खुल गया। पानी आने से पहले ही बेचारा 'ब्रिज' डर गया। ताज्जुब है, अब तो तेज हवाएं भी पुल गिराने लगीं हैं। हमें डर है कि कहीं कल को बिछी सड़क को तेज हवाएं न उड़ा ले जाएं। भ्रष्टाचार के गुल में आजकल बेचारी आंधियां तक पिस रहीं हैं। यह कलियुग है जनाब, इसे लिखते हुए कलम भी हंस रही है। अजी !पुल गिरने को तो कम से कम 'एक्ट आफ गाड मत कहना। यूं जज्बातों में न बहना। सच तो सच रहेगा, इसलिए सच को सच ही कहना। नदी और पानी का न इसमें झोल है। अजी ! करोड़ों की लागत से बनते हैं सड़कें और पुल, इनका बड़ा मोल है। ज्योतिषी कह रहे हैं कि पुल को लगा है तगड़ा कोई वास्तुदोष। हम यूं ही दे रहे निर्माण कार्यों में गड़बड़ी को दोष। पहले पूजा-पाठ करवाओ और बाद में पुल, सड़कें तुम बनाओ।

अजी चर्चा में वास्तु को लाना भी तो जरूरी है, क्यों कि बिना वास्तु को बीच में लाए, ज्योतिषियों का काम कैसे चलेगा। अन्यथा ऐसी घोर बेरोजगारी के इस दौर में वह तो हाथ ही मलेगा। काम धंधा बहुत ही जरूरी है, आखिर इस जीवन को भी तो आगे चलाना है।

## विचार

# (संसाधनों की कमी से जूझती व्यवस्था)

**संजीव**

**भारत** की वर्तमान में जनसंख्या भारी-भरकम देश चीन की जनसंख्या से भी ज्यादा हो गई है। यानी कुल मिलाकर एक अरब चालीस करोड़ आबादी वाला भारत में जनसंख्या के बोझ तले विकास और उन्नति बेहद धीमी और अविकसित है। विकसित तथा समृद्ध देश भारत की जनसंख्या में एक संभावना वाला उपभोक्ता बाजार तलाशते हैं और इसे बहुत बड़ी पूंजी भी मानकर अपनी उपभोक्ता सामग्री भारत में बेचने का प्रयास करते हैं। केवल बाजार में निवेश और बाजारी ताकत ही विकास का पैमाना नहीं हो सकती है। बहुत बड़ी जनसंख्या सीमित संसाधनों को नष्ट कर देती है और विकास की धार को कमजोर करने का काम करती है। यदि हम जनसंख्या पर नियंत्रण करते हैं तो देश में बिजली, पानी की कमी बढ़ती महंगाई, फैलती विनाशकारी बेरोजगारी, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण, अशिक्षा के फैलाव पर नियंत्रण, गरीब व्यक्ति को और गरीब होने से रोकने का प्रभावी तरीका तथा सांप्रदायिक दंगों पर रोक लगाई जा सकती है। कम और नियंत्रित जनसंख्या तेजी से विकास का पैमाना हो सकती है। 1951 से लेकर 81 तक भारत में जनसंख्या में जबरदस्त वृद्धि हुई है और इसे जनसंख्या विस्फोट का भी नाम दिया जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ में जनसंख्या के विभिन्न पहलुओं पर नजर रखने हेतु प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को जनसंख्या दिवस के रूप में पूरे विश्व में मनाया जाता है। वर्तमान जनसंख्या का विशाल स्वरूप 1981 के बाद भारत में विशालतम हो गया है और आज की जो जनसंख्या का विस्फोट उसी की परिणति है। भारत में जनसंख्या बढ़ने का प्रमुख कारण अशिक्षा, अंधविश्वास और घटती मृत्यु दर भी है। सीमित संसाधन कमजोर आर्थिक व्यवस्था के कारण देश में बेरोजगारी भ्रष्टाचार गरीबी महंगाई पानी तथा बिजली की कमी बढ़ती जनसंख्या के दुष्परिणाम ही हैं। यह तो अत्यंत निश्चित है यदि हम जनसंख्या पर नियंत्रण कर ले तो हम अपने विकास की गति को दोगुना कर सकते हैं। विकास के विभिन्न स्वरूपों को देखा जाए तो इसमें हम समावेशी विकास के रूप में देखकर आर्थिक विकास की उत्तर जनित राष्ट्रीय आय के विस्तृत नियोजन में समाज के सबसे गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को सही लाभ मिलने का नजरिया भी तलाशते हैं। जनसंख्या नियंत्रण कर गरीबी को नीचे से ऊपर की ओर सुधारने का काम हमें करना होगा और इसके लिए यह जरूरी है की कमजोर और वंचित वर्गों जिनमें महिला, वृद्ध, एससी, एसटी,श्रमिक आदि शामिल हैं को समुचित लाभ मिलना चाहिए। बच्चे आने वाले देश के नागरिकों के लिए उचित एवं आवश्यक शिक्षा की सुविधा मुहैया होनी चाहिए। वैसे जनसंख्या नियंत्रण ही विकास की समुचित धारा नहीं हो सकती हमें जनसंख्या के साथ सामाजिक आर्थिक सुरक्षा एवं सीमित संसाधनों के साथ तालमेल बिठाकर निरंतर आगे बढ़ना होगा लेकिन आवश्यकता संसाधनों के उचित दोहन नीतियों एवं कार्यक्रमों की है और आवश्यकता है नवाचार एवं उचित तकनीकी प्रौद्योगिकी की भी। वर्तमान में भारत विश्व में सबसे युवा आबादी वाला देश है उसके विपरीत चीन और जापान में निरंतर जनसंख्या में वृद्धों का अनुपात बढ़ रहा है इस तरह भारत में प्रचुर मानव संसाधन के स्रोत उपलब्ध हैं जिसका सही उपयोग करके भारत अपनी आर्थिक तथा सामरिक शक्ति को अत्यंत शक्तिशाली कर सकता है, इसके विपरीत भारत में विस्तृत रूप से गरीबी, बीमारियां, बेरोजगारी, जैसी विकराल समस्या में विद्यमान है। विश्व के कई कम आबादी वाले देश जैसे सोमालिया,लिथुआनिया आदि गरीबी, बेरोजगारी, आतंकवाद की समस्या से दो-चार हो रहे हैं और कम जनसंख्या के बावजूद विकास नहीं कर पा रहे हैं ।जबकि बहुत बड़ी जनसंख्या वाले देशों में चीन और अमेरिका विकसित राष्ट्रों की कतार में हैं एवं विकास के शीर्ष पर हैं। भारत के पास सभी संसाधन और विकसित होने के सारे अवयव हैं इसके बावजूद भारत विज्ञान, टेक्नोलॉजी मैं काफी पीछे होकर अशिक्षा, अंधविश्वास ,कृषि कार्यों का निम्न स्तर आर्थिक असमानता की समस्याएं झेल रहा है जो भारत के विकास में बाधक है। भारत में अब आज की व्यवस्था में जनसंख्या नियंत्रण तो होना ही चाहिए इसके साथ जरूरत है।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# एनिमेशन, मल्टीमीडिया और वेब डिजाइनिंग में करियर विकल्प

**विजय गर्ग**

**21वीं सदी के** दौरान सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में उत्पन्न सबसे अधिक मांग वाले करियर विकल्पों में से एनीमेशन, मल्टीमीडिया और वेब डिजाइनिंग आज तक जनशक्ति इनपुट के मामले में अग्रणी स्थान पर है और अभी भी यह इस क्षेत्र का केवल 5% से 10% है। आवश्यकताओं का मतलब है कि उम्मीदवारों के लिए अभी भी बहुत सारे अवसर हैं और यह घटना न तो समयबद्ध है और न ही जनसांख्यिकीय रूप से वर्गीकृत है, वास्तव में यह एक विश्वव्यापी प्रक्रिया है। मिकी माउस, डोनाल्ड डक और स्टुअर्ट लिटिल जैसे पात्रों की लोकप्रियता, जिनमें एनिमेशन की कुछ रचनाएँ शामिल हैं, जो युवा और परिपक्व दोनों को समान रूप से प्रसन्न कर रही हैं, ने एनीमेशन को दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते और सबसे अधिक मांग वाले उद्योगों में से एक बना दिया है। मल्टीमीडिया और एनिमेशन 21वीं सदी के प्रमुख रोजगार प्रदाताओं में से हैं। यह कला का एक रूप है जो जादू पैदा करने के लिए पाठ, चित्र, ग्राफिक्स, एनीमेशन, ऑडियो और वीडियो को मिलाता है। अधिक से अधिक एनीमेशन को केवल मल्टीमीडिया का एक घटक माना जा सकता है। मनोरंजन उद्योग और प्रौद्योगिकी एनीमेशन का मिश्रण ग्राफिक रूप से समृद्ध और आकर्षक मल्टीमीडिया क्लिप के डिजाइन, ड्राइंग, लेआउट और उत्पादन से संबंधित है और उनका उपयोग जानवरों या लोगों के चित्र या मॉडल को स्थानांतरित कर-के फिल्में, गेम या कार्टून बनाने के लिए किया जाता है। कंप्यूटर या अन्य इलेक्ट्रॉनिक साधनों की मदद से समय और स्थान का बहुत ध्यान रखा जाता है जो एनीमेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

एनीमेशन को एक करियर के रूप में वे उम्मीदवार अपना सकते हैं जिनके पास उत्कृष्ट रचनात्मकता और ड्राइंग कौशल हैं। एनिमेटर प्रतिभाशाली कलाकार होते हैं जो फिल्मों, टेलीविजन, विज्ञापनों आदि जैसी विभिन्न परियोजनाओं के लिए पात्र बनाते हैं। एक एनिमेटर के लिए नौकरी के अवसर बढ़ रहे हैं और उनकी काफी मांग है, क्योंकि यह एक बढ़ता हुआ उद्योग है और एक लोकप्रिय विशेषता बन गया है।

## मोक्ष प्रदान किया जाता है

**डॉ. सुरेश कुमार**

**बहुत समय पह**ले की बात है। फलाँ नगर में कुछ लोग रहते थे। उनके पास जीवन जीने के लिए रोटी, कपड़ा, मकान और जरूरी सुविधाएँ थीं। बस जीवन जिए जा रहे थे। लोगों को रात को नींद नहीं आती थी,कभी आंख लग भी जाती तो भयंकर सपने आते। लोगों को बड़ी बेचैनी रहती। उन्हें बैठे बिठाए मोक्ष चाहिए था। उन्होंने बहुतेरा इलाज कराया, लेकिन रोग घटने के बजाय बढ़ता ही गया। उन्हें कोई उपाय नहीं सूझ रहा था। आखिर करें तो करें क्या? एक दिन एक बहुरूपिया उस नगर में आया। वह बहुत पहुंचा हुआ था। गिरगिट के रंग की तरह अपने कपड़े बदलता था। उड़नखटोला में सवारी करता था। सभी को मित्रो! कहकर उन्हीं के हाथों आँखों में मिर्ची झोंकवाने में सिद्धहस्त था। लोगों को पता लगा तो वह भी उसके पास गए और अपनी विपदा उसे कह सुनाई। बोले- "महाराज! जैसे भी हो हमारा कष्ट दूर कर दीजिए। बहुरूपिए ने कहा- "मित्रो! आपके रोग का एक ही कारण है और वह यह कि आप जीवित हैं। लोगों ने विस्मय से उनकी ओर देखा। पूछा- "आप हमें जीवित कैसे कह सकते हैं? हम सुख-सुविधाओं की कमी में मरे जा रहे हैं।ह्ल बहुरूपिए ने हँसकर कहा- जीवित वह नहीं होता जो इस मोह-माया के पीछे भागे। वास्तव में जीवित तो वह है जो अपने नगर के सारे संसाधन बेच-बाचकर कमंडल थामे संन्यास ले ले। ऐसा करने से न तो भूख लगती है, न प्यास लगती है, न रहने की इच्छा होती है, न सुख पाने की कोई आशा। ऐसा करने से अपने आप मोक्ष प्राप्त हो जाएगा। क्या तुम लोग इस तरह रह सकते हो? लोग क्या जवाब देते! वे तो सीमित महंगाई, भुखमरी, भ्रष्टाचार, अराजकता के आदी थे। उन्हें इनका विकराल रूप देखने का अवसर ही नहीं मिला। बहुरूपिए ने कहा- "अगर तुम जीवित रहने से बचना चाहते हो तो मेरे बताए महंगाई, भुखमरी, भ्रष्टाचार, अराजकता के रास्ते पर चलो बहुत जल्द तुम्हें इस दुनिया की किचकिच से मोक्ष प्राप्त हो जाएगा।।"

लोगों ने यही किया और मित्रो! कहने वाले को राजपाठ सौंप दिया। अब लोगों को मोक्ष की प्राप्ति करने में कोई दुविधा नहीं हो रही है।

## न्यूज फ्लैश

### वोल्वो कार इंडिया ने सिद्धार्थ विहार, गाजियाबाद डंप-यार्ड को शहरी वन में बदला

**गाजियाबाद।** सस्टेंबिलिटी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत, वोल्वो कार इंडिया ने ASSOCHAM के साथ मिलकर रिवर्स प्रोजेक्ट नामक एक महत्वाकांक्षी पहल की शुरूआत की, जिसने सिद्धार्थ विहार, गाजियाबाद डंप-यार्ड क्षेत्र को एक संपन्न शहरी जंगल में बदल दिया। रिवर्स प्रोजेक्ट का पर्यावरण पर गहरा प्रभाव पड़ने वाला है, जिसमें वोल्वो 10000 पेड़ लगाने का समर्थन करेगा




और सिद्धार्थ विहार-गाजियाबाद में अगले 4 वर्षों तक शहरी जंगल की देखभाल करेगा। कचरा और निर्माण अपशिष्ट डंपिंग के कारण लैंडफिल एक बड़ा पर्यावरणीय खतरा था। अब इसे एक हरे-भरे फेफड़े में बदल दिया गया है जिसकी शहर को वास्तव में जरूरत है। वोल्वो ने अब तक बेचे गए अपने प्रत्येक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) के लिए 5 पेड़ लगाए हैं, साथ ही अन्य ईवी मालिकों के लिए 4 पेड़ भी लगाएंगे जो रिवर्स प्रोजेक्ट से जुड़ना चाहते हैं। एक बार प्रोजेक्ट से जुड़ने के बाद, अन्य ब्रांड के ईवी मालिक अपने ईवी पर चलाए गए माइलेज के अनुरूप अपने नाम पर पेड़ रख सकते हैं। इसके अलावा, अन्य ईवी मालिक भी इस पहल में शामिल होने का संकल्प ले सकते हैं। यह अभिनव दृष्टिकोण न केवल स्थिरता के प्रति वोल्वो के समर्पण को रेखांकित करता है, बल्कि एक हरित और स्वस्थ भविष्य की दिशा में एक सार्थक कदम भी दशार्ता है। वोल्वो कार इंडिया के प्रबंध निदेशक श्री ज्योति मल्होत्रा ने कहा, रिवर्स प्रोजेक्ट पूरे भारत में कार मालिकों को पर्यावरण को हो रहे नुकसान को कम करने में योगदान करने का अवसर देता है। वोल्वो कार न केवल हर वोल्वो ईवी खरीदने पर 5 पेड़ लगाएगी, बल्कि अन्य ईवी मालिकों को भी ऐसा ही अवसर देगी। चाहे आप भारत में कहीं भी हों और आप कोई भी ईवी चलाते हों, एक बार जब आप रिवर्स प्रोजेक्ट साइट पर पंजीकरण कर लेते हैं, तो आपके द्वारा चलाए गए हर 5000 किलोमीटर के लिए अर्बन फॉरेस्ट में 4 पेड़ों का नाम आपके नाम पर रखे जायेंगे। किलोमीटर को पेड़ों में बदलने का इससे बेहतर तरीका और क्या हो सकता है। अन्य -ईवी उपयोगकताओं के लिए एक बार प्रतिज्ञा लेने पर, उनकी ओर से 3 पेड़ों का नाम रखा जाएगा रिवर्स प्रोजेक्ट पहल 2040 तक एक सस्टेंबिलिटी को बढ़ावा देने और शुद्ध कार्बन तटस्थता प्राप्त करने के वोल्वो कार इंडिया के व्यापक लक्ष्य के साथ संरेखित है। उनका समर्पण उनके वाहनों से भी आगे तक जाता है क्योंकि उन्होंने शहरी कूड़ाघर को शहरी वन में बदल दिया है। इस आवश्यक पर्यावरणीय प्रयास में उनकी भागीदारी को मान्यता देते हुए एक प्रमाण पत्र प्रत्येक व्यक्ति को दिया जाएगा जो विश्व की दिशा बदलने के अपने मिशन में वोल्वो कार इंडिया के साथ जुड़ेगा।

### 1 से 7 जुलाई तक अमेजन फ्रेश के सुपर वैल्यू डेज के साथ मानसून की खुमारी मिटाएं

**नोएडा।** बाहर बारिश की फुहार और घर के अंदर घर के बने खाने और लजीज स्नैक्स की तपिश एवं आराम का लुत?फ उठाएं। अगर आप सूप, बेहतरीन डिनर या ताजगी से भरपूर टी-टाइम ट्रीट का आनंद लेना चाहते हैं तो 1 से 7 जुलाई, 2024 तक अमेजन फ्रेश के सुपर वैल्यू डेज से घर का जरूरी सामान खरीदना न भूलें। ताजे फलों और सब्ज़ियों से लेकर स्नैक्स, पेय पदार्थ और रोजमर्रा की जरूरत की चीजों के साथ दूसरे उत्पादों पर 45% तक की छूट का आनंद लें। यहां ग्राहक अपने मनपसंद डिलीवरी स्लॉट चुन सकते हैं और मानसून में घर पर खाने का बेहतरीन स?वाद का आनंद लेने के लिए वेदका, फॉर्च्यून, आशीर्वाद और दावत जैसे लोकप्रिय ब्रांडों पर बचत का लाभ उठा सकते हैं। प्राइम रिपीट ग्राहक 200 रुपये तक के कैशबैक और फलों और सब्ज़ियों की खरीद पर 50 रुपये तक के फ्लैट कैशबैक* का आनंद ले सकते हैं, और नए Amazon ग्राहक अपने पहले चार अमेजन फ्रेश ऑर्डर पर 400 रुपये तक का कैशबैक प्राप्त कर सकते हैं। अमेजन फ्रेश पर विशेष रूप से तैयार किए गए चॉकलेट डे स्टोर के साथ वर्ल्ड चॉकलेट डे का जश्न मनाएं।

# समर कैम्प का समापन, स्लम एरिया से निकली प्रतिभा, बच्चे हुए भावुक

## दबे कुचले समाज के बच्चो को प्लेटफॉर्म देना सरहानीय कार्य-नीटू पोसवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**वीरवार को** बाल भवन में चल रहे समर कैम्प का समापन हो गया।कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर बच्चो की हौसलाअफजाई के लिए सीटीएम नीटू पोसवाल पहुँची।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी ने की। समापन कार्यक्रम में बच्चो ने डांस से लेकर जुडो कराटे योगा में प्रतिभा का हैरान कर देने वाला प्रदर्शन किया। इस मौके पर सीटीएम टीनू पोसवाल ने कहा समर कैम्प में जो स्किल बच्चो ने सीखे वो इन बच्चो में कॉन्फिडेंस जरूर लाएंगे,बच्चे अब खुद को मुख्य धारा से जुड़ा महसूस करेंगे।नीटू पोसवाल ने कहा कि ये बच्चे उस समाज से आते है जो बिल्कुल हासिये पर चला गया था,ऐसे बच्चो



को उस जगह से निकाल कर लाना बहुत बड़ी उपलब्धि मानी जाती है। नीटू पोसवाल ने बाल भवन की मुहिम की जमकर सरहाना की। समापन पर जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी ने कहा कि इस बार कैम्प ने रिकॉर्ड कायम किया है, बच्चो की स्ट्रेंथ चार सौ तक पहुँची उन्हें खुशी है स्लम एरिया के बच्चो को बेहतरीन वातावरण दिया बच्चो ने काफी कुछ सीखा ,ओर यही सीख बच्चो के जीवन मे आगे चलकर काम आएगी।रितु राठी कहा कि कैम्प के बाद भी पानीपत बाल भवन की टीम स्लम एरिया के बच्चो के सम्पर्क में रहेगी। समर कैंप को सफल बनाने के लिए जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु ने बाल भवन म प्रोग्राम ऑफिसर रितु व समस्त स्टाफ के साथ-साथ सहयोग चेरिटेबल ट्रस्ट का धन्यवाद व्यक्त किया। रितु राठी ने सहयोग परिवार का विशेषकर आभार व्यक्त किया रितु राठी ने कहा कि सहयोग के बिना उनकी मुहिम अधूरी थी,सहयोग परिवार पिछले चार साल से समर कैम्प में बच्चो का ख्याल रख रहा है। पिछले 4 साल से समर कैंप में बच्चों की हर तरह से मदद कर रहे सहयोग परिवार को बाल भवन में सीटीएम नीटू पोसवाल जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी ने स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया। सहयोग परिवार के सभी सदस्यों को सम्मानित किया गया लखदाता समिति श्री खाटू श्याम संस्था को भी सम्मानित किया गया। सहयोग चेरिटेबल ट्रस्ट के प्रेसिडेंट गौरव लिखा ने समापन पर कहा की 4 साल पहले इन बच्चों की मदद करनी शुरू की थी। अब बाल भवन में आने वाले बच्चे सहयोग परिवार का हिस्सा बन चुके हैं।

## अवैध असला सप्लायर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

सीआईए वन पुलिस टीम ने अवैध असला सप्लायर को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान विकास उर्फ विक्की निवासी खंडरा के रूप में हुई। आरोपी ने 23 जून को रिफाइनरी लोहा पुल के पास अवैध देसी पिस्तौल सहित पकड़े गए आरोपी सन्नी निवासी बाल जाट्टान को देसी पिस्तौल बेचा था। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने बताया कि उनकी टीम ने गत 23 जून को रिफाइनरी लोहा पुल के पास बाल जाट्टान निवासी आरोपी सन्नी को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी सन्नी ने पुलिस को बताया था की उसको अवैध हथियार रखने के शौक है। आरोपी ने शौक पूरा करने के लिए उक्त देसी पिस्तौल खंडरा गांव निवासी विकास उर्फ विक्की से करीब 1 साल पहले 13 हजार रुपए में खरीदने बारे स्वीकारा था। बरामद अवैध देसी पिस्तौल को कब्जा पुलिस में लेकर थाना सदर में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग दर्ज पुलिस ने आरोपी सन्नी को न्यायालय में पेश कर जहा से उसे



न्यायिक हिरासत जेल भेजने का बाद असला सप्लायर आरोपी विकास उर्फ विक्की की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे। सब इंस्पेक्टर महिपाल सिहं ने बताया कि सीआईए वन पुलिस टीम ने बुधवार देर शाम आरोपी विकास उर्फ विक्की को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह करीब 1 साल पहले अज्ञात युवक से 13 हजार रुपएं में देसी पिस्तौल खरीदकर लाया था, जो पिस्तौल उसने अपने दोस्त विकास उर्फ विक्की को 13 हजार रुपए में बेचा था।

## चीनी मिल है जहां, खुशहाली है वहां

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** दि करनाल सहकारी चीनी मिल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हितेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में वीरवार को मिल के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने मिलकर पौधा रोपण किया और पौधे लगाओ, पर्यावरण बचाओ का संदेश दिया। प्रबंध निदेशक ने मिल अधिकारियों/कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज दुनिया ग्लोबल वार्मिक जैसी चिंताओं से ग्रसित है और समाज को पर्यावरण और मानवता के बीच के गहरे ताल्लुक को समझते हुए हमें पृथ्वी पर अधिक से अधिक पौधे रोपित करने होंगे तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए और अधिक कार्य करने होंगे।

## रैडक्रास सोसाईटी जरूरमंदों की मदद के लिये प्रयासरत

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

उपायुक्त एंव रैडक्रास सोसायटी के प्रधान डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया ने गुरूवार को सचिवालय परिसर में दो जरूरमंदों मास्टर मानिक शर्मा व गुलाम अली को साईकिलें उपलब्ध कराते हुए कहा कि जिला रैडक्रास सोसाईटी, पानीपत हमेशा जरूरमंद, गरीब व असहाय व्यक्तियों के लिये मदद हेतु प्रयासरत है और इसी कड़ी में आज मास्टर मानिक शर्मा, जिसके परिवार में उसकी माता व उसके अलावा कोई नहीं है पिछले कई वर्षो से सांइकिलिंग कर रहा है, को साईकिल उपलब्ध करवाई गई है। विदित रहे कि गुलाम अली बहुत ही गरीब परिवार से संबध रखता है और मेहनत-मजदूरी करके गुजर-बसर



कर रहा है। उनके पास मजदूरी हेतु जाने के लिये साईकिल तक की भी व्यवस्था नहीं है। उनकी कमजोर माली हालत को देखते हुए साईकिल उपलब्ध करवाई गई है। इस अवसर पर सचिव गौरव रामकरण, जिला प्रशिक्षण अधिकारी हरमेश चन्द, अन्य अधिकारीगण वा स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

सचिव गौरव रामकरण ने बताया कि रैडक्रास सोसाईटी, पानीपत द्वारा गरीब वा असहाय व्यक्तियों के लिये जनकल्याणकारी योजनाऐं चलाई जा रही है। संस्था का उद्देश्य सबसे नीचले स्तर तक सहायता पहुँचाना है। संस्था द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों में रक्तदान शिविरों का आयोजन, नशा मुक्त भारत अभियान बारे जागरूकता, बजुर्गों हेतु वृद्व आश्रम का संचालन, महिलाओं हेतु सिलाई-कढ़ाई सैंटर का संचालन, युवाओं हेतु कम्पयूटर ट्रैनिंग सैंटर का संचालन, एड्स के प्रति जागरूकता, युवाओं के हरियाणा परिवहन विभाग में परिचालक वा चालक हेतु प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण, उद्योंगों में प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण, स्कूल व कालेज के विद्यार्थियों को समाज से जोडना इत्यादि शामिल है।

## संजय बठला मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के ओएसडी नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

करनाल। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के करनाल प्रतिनिधि संजय बठला को उनकी कार्यकुशलता एवं पार्टी के प्रति वफादारी एवं उनके मिलनसार रवैये को देखते हुए अपना ओएसडी नियुक्त किया है।

संजय बठला जो कि आरएसएस से जुड़े होने के साथ-साथ भाजपा में विभिन्न पदों के अतिरिक्त नगर में अन्य कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए हैं। संजय बठला बहुत ही मिलनसार व्यक्तित्व के मालिक हैं और पिछले पांच सालों से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के करनाल प्रतिनिधि के दौरान उन्होंने लोगों की सेवा की है तथा उनके पास कोई भी व्यक्ति किसी काम के लिए गया तो वह बिना भेदभाव लोगों की समस्या के समाधान हेतु प्रयासरत रहे हैं। अपनी इस नियुक्ति पर संजय बठला ने मुख्यमंत्री नायब सैनी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा उन पर विश्वास करते हुए उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उसको वह जनता के सहयोग से बखूबी निभाने का प्रयास करेंगे और जनता की जो भी समस्याएं हैं, उनको मुख्यमंत्री के माध्यम से समाधान करवाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद करते हुए कहा कि पहले भी मैंने उनके मार्गदर्शन में लोगों की सेवा की है।

## पाली-भगड़ाना बड़ी नहर के नए दोहान साइफन का काम पूरा

**टीम एक्शन इंडिया**

**महेंद्र गढ।** महेंद्रगढ़ डिस्ट्रीब्यूटरी बड़ी नहर जो पाली-भगड़ाना होते हुए टेल के गांव गडानिया- खेड़की तक जाती है, उसमें अब थोड़ा और अधिक पानी चल सकेगा। विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि पाली भगड़ाना बड़ी नहर भगड़ाना गांव के पास जहां दोहान नदी को पार करती, वहां लगभग 50 मीटर का एक साइफन बना हुआ है। जिससे दोहान नदी के बहाव क्षेत्र में किसी प्रकार की रूकावट ना आए। एक तरफ जहां ये साइफन जर्जर हो गया था, वहीं दूसरी तरफ पिछले लगभग 15 साल से



इसकी सफाई भी नहीं हुई थी। इससे इस नहर में तय क्षमता से कम पानी चलता था और टेल पर पड़ने वाले गांव पल्ह, बैरावास, पाल, गडानिया, खेड़की, कुक्सी आदि तक कम पानी पहुंचता था। इस विषय को लेकर सिंचाई विभाग के उच्चाधिकारियों से बात की गई तथा सारा मामला संज्ञान

**पानी**

▶▶ टेल के गांव गडानिया- खेड़की तक जाती है, उसमें अब थोड़ा और अधिक पानी चल सकेगा

में डाला गया। अब यहां नए साइफन का काम लगभग पूरा हो चुका है। इस साइफन को बॉक्स कल्वर्ट के रूप में बनाया गया है तथा जहां पहले वाली साइफन की ऊंचाई पांच फिट से भी कम थी, वहीं इस नए साइफन की ऊंचाई 6.5 फीट से अधिक है।

सही ऊंचाई होने से आने वाले समय में इस साइफन में जमने वाली गाद को आसानी से साफ किया जा सकेगा। इस साइफन पर लगभग 10 लाख रुपये की लागत आई है। बड़ा साइफन बनाए जाने से अधिक पानी चलेगा, जिससे टेल पर पड़ने वाले गांवों में अधिक पानी पहुंचेगा।

संदीप मालड़ा ने बताया कि केंद्र तथा राज्य की सरकार की योजना है बारिश के दिनों में इस इलाके में लगातार 100 दिन पानी चले तथा अधिक से अधिक भूजल रीचार्ज की व्यवस्था की जा सके।

## मरने के बाद भी इस संसार को देख सकेगी बनारसी की आंखे

**पानीपत, कमाल हुसैन**

**इस** कलयुग के समय में जीते जी जितनी ज्यादा सेवा जरुरतमंद की की जाए उतना ही अच्छा है। और मरने के बाद भी दूसरों की सेवा करने का मौका मिले तो यह सोने पर सुहागा की बात है। ऐसा ही एक महान कार्य करके दिखाया है हरियाणा के जिला पानीपत के ब्लाक काबडी के गांव खोतपुरा निवासी 67 वर्षीय बनारसी इन्सा ने ।बनारसी इन्सा ने जीते जी तो दूसरों की सेवा करते रहते थे मरने के बाद भी वह अपने नेत्रों को दान कर दो अंधेरी जिंदगी में रोशन कर के महान कार्य किया है। डेरा सच्चा सौदा के नेत्र दान समिति के सदस्य राजकुमार ने बताया



कि बनारसी इन्सा थर्मल से रिटायर्ड थे। बनारसी इन्सा की अंतिम इच्छा थी कि मरने के बाद अपनी आंखों को दूसरों को दान करें उनकी अंतिम इच्छा पर फूल चढ़ाते हुए उनके परिवार वालो ने अंतिम इच्छा को पूरा किया। 85 मेंबर कमेटी सदस्य राहुल लुंबा इंसा ने बताया कि डेरा सच्चा सौदा की सगत पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसा की प्रेणा पर चलते हुए मानवता भलाई का कार्य करती रहती है।

## बीडीपीओ ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** बीडीपीओ रेणुलता यादव ने वीरवार को समाधान शिविर में 17 लोगों की शिकायतें सुनी। इनमें से अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निपटारा कर दिया व बाकि शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजकर जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए। सरकार के निदेर्शानुसार चल रहे समाधान शिविर में अब हर रोज सुबह नौ से 11 बजे तक उपमंडल स्तर पर इसी जगह समाधान शिविर लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में पुलिस, राजस्व, नगर परिषद, समाज कल्याण आदि जन कल्याण की योजनाएं लागू करने वाले विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## ट्यूबवेल कनेक्शन की मांग लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** क्षेत्र के किसानों ने ट्यूबवैल कनेक्शन देने की मांग को लेकर समाजसेवी बलवान फौजी के नेतृत्व में बीडीपीओ को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बीडीपीओ व बलवान फौजी की तीखी बहस हुई। बीडीपीओ ने समाधान शिविर के दौरान बलवान फौजी पर राजनीतिक हित साधने के आरोप लगाए। वहीं बलवान फौजी का कहना था कि सरकार की ओर अधिकारियों को जनता के काम करने के लिए बैठाया गया हैं, अगर अधिकारी जनता कार्य नहीं कर पा रहे है तो अपने पद से इस्तीफा दे। ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने बताया कि वर्ष 2018 के बाद किसानों को नए ट्यूबवैल कनेक्शन नहीं दिए गए हैं। एक जनवरी 2019 से 31 दिसंबर 2021 तक जिन



किसानों ने ट्यूबवैल कनेक्शन खेतों में लगवाने के लिए आवेदन किया था, उनको अब सरकार 6/23 सर्कुलर के तहत अब ट्यूबवैल कनेक्शन जारी कर रहीं हैं। किसानों की ओर एक नए कनेक्शन की सभी प्रक्रिया पूरी कर ली हैं तथा किसानों ने विभाग के पास राशि भी जमा करवा दी हैं। इसके अलावा विभाग द्वारा बताई गई 30 हजार रुपये की सहमति राशि भी किसानों ने एक वर्ष पहले विभाग के पास जमा करा दी थी तथा विभाग की ओर से बताई गई एस्टिमेंट राशि भी जमा करा दी गई हैं। लेकिन अभी तक किसानों को नए कनेक्शन नहीं मिले हैं। बलवान फौजी ने कहा कि सरकार की किसान विरोधी नीतियों के चलते किसानों को नए ट्यूबवैल कनेक्शन लेने के लिए कार्यालयों में धक्के खाने पड़ रहे हैं,

लेकिन सरकार के कान पर जूं तक नही रेंग रही है। सरकार किसानों के सब्र का इम्तिहान लेना बंद करे और बिना समय गंवाए, बिना शर्त किसानों को ट्यूबवैल कनैक्शन जारी करे। किसानों ने इस दौरान चेतावनी दी है कि अगर जल्द ट्यूबवैल कनेक्शन नहीं दिए गए तो 11 जुलाई से लघुसचिवालय के बाहर धरना दिया जाएगा। इस मौके पर सोनू, मोनू, मनीपाल सरपंच, सुमित फौजी, वेदपाल, अजीत, विक्रम फौजी, सतपाली यादव, संदीप शास्त्री, सत्यवान सरपंच, सोनू सरपंच, योगेश ठेकेदार, संदीप झूक, अभय, रामभगत यादव सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

## 19 एकड़ में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**सोनीपत,** जिला नगर योजनाकार अधिकारी (डीटीपी) नरेश कुमार ने बताया कि में जिला में विकसित हो रही अवैध कालोनियों तथा अवैध निर्माण को शुरूआत में ही ध्वस्त करने के लिए उपायुक्त डॉ मनोज कुमार के निर्देशन में अभियान चलाया गया है। जिसके तहत गुरूवार को गाँव बरोणा और सोहटी की राजस्व संपदा में 19 एकड़ जमीन में विकसित की जा रही अवैध कालोनी को ध्वस्त किया गया। इस दौरान 40 डीपीसी, 5 बाउंडरी वाल, 2 निमार्णाधीन लेकबर क्वार्टर, 4 निमार्णाधीन प्रॉपर्टी डीलर ऑफिसों को तोड़ा गया। जिला नगर योजनाकार अधिकारी ने आमजनता से अपील करते हुए कहा कि अवैध



कॉलोनियों में भूमाफियाओं के बहकावे में आकर प्लॉट ना खरीदें व अपनी मेहनत की कमाई को बर्बाद ना होने दें क्योंकि अवैध कालोनी में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती। इसके अलावा प्लॉट लेने से पहले यह जरूर जाँच कर ले कि कॉलोनी निर्माण करने के लिए सरकार द्वारा अनुमति ली गई है या नहीं। जिला नगर योजनाकार अधिकारी ने बताया कि जिला में किसी भी अवैध कालोनी का निर्माण नहीं करने दिया जाएगा। विभाग द्वारा जिला के सभी क्षेत्रों में नजर रखी जा रही है

अगर कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की अवैध कालोनी विकसित करता है तो उसके खिलाफ शहरी क्षेत्र व नियंत्रित क्षेत्र अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**अवैध**

▶▶ एचएसवीपी कॉम्पलैक्स के प्रथम तल स्थित जिला नगर योजनाकार कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है

उन्होंने कहा कि इस संबंध में किसी भी जानकारी के लिए सेक्टर-15 स्थित एचएसवीपी कॉम्पलैक्स के प्रथम तल स्थित जिला नगर योजनाकार कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## सीएमओ कार्यालय में सीएम फ्लाइंग का छापा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मॉल रोड स्थित सीएमओ कार्यालय पर सीएम फ्लाइंग ने छापा मारा। छापे की सूचना मिलते ही सभी अधिकारी और कर्मचारी कार्यालय पहुंच गए। मौके पर पहुंचते ही टीम ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के फोन जब्त कर लिए। साथ ही हाजिरी रजिस्टर को भी अपने कब्जे में ले लिया और रिकॉर्ड खंगालना शुरू कर दिया। टीम ने सब इंस्पेक्टर शेर सिंह के नेतृत्व में सुबह करीब साढ़े नौ बजे जिला नागरिक अस्पताल में एम्बुलेंस की जांच की। इसके बाद वे रिकॉर्ड खंगालने के लिए मॉल रोड स्थित सीएमओ कार्यालय पहुंचे। टीम को एंबुलेंस के समय पर न पहुंचने



समेत कई शिकायतें मिल रही थी, जिसके चलते आज टीम सोनीपत, जींद समेत हरियाणा के कई अन्य जिलों में रिकॉर्ड खंगाला गया। पिछले कई दिनों से एम्बुलेंस सेवाओं संबंधी शिकायत सीएम नायब सैनी के पास पहुंची थी। इसके बाद टीम द्वारा आज करनाल सहित अन्य जिलों में यह छापेमारी की गई है। टीम द्वारा यह भी जांच की जा रही है कि किस तारीख को कहां पर कितनी एम्बुलेंस गई। जानकारी के अनुसार टीम यह भी रिकॉर्ड खंगाल रही है कि जिले में कुल कितनी एम्बुलेंस हैं, कितनी एम्बुलेंस खराब हैं और कितनी ठीक है।

इसके अलावा पिछले कुछ दिनों में एम्बुलेंस के लिए कितनी काल आई और उसके बाद कहां-कहां एम्बुलेंस भेजी गई, इसका सारा रिकार्ड टीम द्वारा जांचा गया।

# समाधान शिविर में अधिकारी समस्या के हल को ढूंढने में दिखाए व्यक्तिगत रुचि : उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**राज्य सरकार** द्वारा प्रदेश भर में आयोजित किये जा रहे समाधान शिविर शिकायतकताओं के लिए संजीवनी का कार्य कर रहे है। शिविर में पहुंचने वाले ज्यादातर शिकायतकर्ता शिकायत के निर्वारण के बाद प्रशासन का आभार प्रकट करते हुए इन समाधान शिविरों को ओर गति प्रदान करने का आग्रह करते है। देखने लायक बात यह है कि समाधान शिविर में पूरे प्रशासन का जोर आम नागरिक की समस्याओं के निदान के इर्द गिर्द नजर आता है। उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र कुमार



दहिया पूरे हौंसले के साथ आम नागरिक की समस्याओं को सुनते व समाधान का प्रयास करते है। उपायुक्त कहते है कि समाधान में थोड़ी सी देरी हो सकती है लेकिन समाधान न हो यह असंभव है।

उपायुक्त ने बताया कि समाधान शिविर में पहुंचने वाले शिकायतकताओं की शिकायत का निदान उनकी प्राथमिकता है। इसका असर धरातल पर दिखाई दे रहा है। लोग अपनी समस्याओं को लेकर जब जिला सचिवालय में पहुंचते हैं उनके चेहरे पर खुशी जरूर दिखाई पड़ती है। उपायुक्त ने बताया कि समाधान शिविर में 64 विभागाध्यक्ष, 12 क्रीड विभाग के कर्मचारी, 14 सीईए ब्रांच वन के कर्मचारी, दो घण्टे की अवधि में शिकायतकताओं की शिकायत पर तलीनता से कार्य करते है। शिकायतकताओं का प्रशासन के प्रति विश्वास लगातार बढ़ रहा है। स्थिति यह है कि सभागार में लंबी लंबी दो लाइनें शिकायतकताओं की भीड़ को देखते हुए बनायी जाती है।

इसमें दिव्यांग से लेकर वृद्ध व महिलाएं अपनी समस्या का समाधान करवाने के लिए अपनी बारी का इंतजार करती है। पुलिस विभाग के अधिकारी कानून व्यवस्था स्थापित करने के लिए सभागार में मौजूद रहते है। उपायुक्त ने अब समस्याओं के समाधान को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को ओर गंभीरता पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए है। उपायुक्त कहते है कि समाधान शिविरों के प्रति लोगों का विश्वास इस कदर मजबूत हो रहा है कि अब शिकायतकर्ता सार्वजनिक मांगों को लेकर भी शिविर में दस्तक देने लग गए है। हांलाकि इस समाधान शिविर का उद्देश्य फैमली आईडी, प्रोपटी आईडी, आधारकार्ड से संबंधित समस्याओं का समाधान करना था।

# पुलिस ने लाखों रुपए का नशीला पदार्थ किया बरामद: भोरिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : पुलिस महानिदेशक हरियाणा श्री शत्रुजीत कपूर व अतिरिक्त महानिदेशक राज्य नारकोटिकस कंट्रोल ब्यूरो ओपी सिंह के आदेशों की पालना करते हुए जिला पुलिस द्वारा 12 जून से 26 जून तक नशा-मुक्त पखवाडा मनाया गया। कुरुक्षेत्र पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ इस आमजन में आमजन को नशा ना करने का पाठ पढाया गया। पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भोरिया के मार्ग-निर्देश में जिला पुलिस विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया गया। अभियान के तहत खेल गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया। जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक



सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा पखवाड़े का तहत नशा तश्करो पर शिकंजा कसा गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नशा मुक्त भारत पखवाड़े के तहत जिला पुलिस की विभिन्न टीमों ने 9 मामले दर्ज कर-के 13 आरोपियों को काबू करके उनके कब्जा से लाखों रुपए का नशीला पदार्थ बरामद किया है। जिला पुलिस की टीमों ने 5 किवंटल 49 किलो चूरापोस्त, 35 ग्राम हैरोइन, 12 ग्राम स्मैक, 805 ग्राम अफीम तथा 1 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद करने में सफलता हासिल की है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इन नशीले पदार्थ की कीमत लाखों रुपये है। इसके साथ-साथ आबकारी अधिनियम के तहत पुलिस की टीमों ने 20 मामले दर्ज करके 21 आरोपियों से 404 ठेका शराब देसी तथा 2 लीटर अवैध शराब बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिला में नशामुक्त भारत अभियान में अभियान के तहत जहां नशा तस्करों पर करवाई की गई वहीं आमजन को नशा ना करने के प्रति जागरूक किया गया।

## न्यूज फ्लैश

### ग्रैंड शॉप्सी मेला पूरे भारत में लाखों विक्रेताओं और ग्राहकों के लिए खुशी लेकर आया

**गाजियाबाद।** भारत के सबसे तेजी से बढ़ते हाइपर-वैल्यू ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म शॉप्सी के फ्लिपकार्ट ने हाल ही में अपने बहुप्रतीक्षित शॉपिंग कार्निवल - ग्रैंड शॉप्सी मेला के पांचवें संस्करण का समापन किया। 11-16 जून तक चलने वाले छह दिवसीय कार्यक्रम में शॉपसी पर ग्राहकों में 50% की वृद्धि देखी गई, जिनमें से 43% पहली बार ई-कॉमर्स खरीदार थे। ग्रैंड शॉप्सी मेला ने 16 करोड़ से अधिक उत्पादों को मुफ्त डिलीवरी के साथ पेश किया गया है। टियर 2 और टियर 3 मार्केट्स में ग्राहकों ने फैशन, , हाऊसहोल्ड आइटम्स, किड्स कलेक्शन और बजट मोबाइल की जमकर खरीदारी की, जिससे बिक्री में सबसे ज्यादा वृद्धि हुई। पुरुषों के लिए शॉर्ट्स, स्पोर्ट्स जूते और फ्लिप-फ्लॉप और महिलाओं के लिए एथनिक सेट, साड़ी और झुमके सबसे अधिक बिकने वाले उत्पाद थे। इस बिक्री में लखनऊ, पटना, नागपुर, कानपुर और विशाखापत्तनम ने सबसे अधिक योगदान दिया। कटक, गुवाहाटी, भागलपुर और बांकुरा जैसे टियर 2 और टियर 3 मार्केट्स में ग्राहकों की मांग में वृद्धि देखी गई, जिसमें 43% नए उपयोगकर्ता पहली बार खरीदार थे और 60% से अधिक टियर 3+ शहरों से थे। शॉप्सी की बिजनेस हेड प्रत्युषा अग्रवाल ने कहा, हम अपने सबसे बड़े सेल इवेंट ग्रैंड शॉप्सी मेले की निरंतर सफलता से उत्साहित हैं। यह हर साल बड़ा होता जा रहा है और हमने देखा है कि उपभोक्ता इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह सर्वोत्तम हाइपरवैल्यू शॉपिंग डेस्टिनेशन के रूप में हमारे प्रति ग्राहकों के भरोसे को दशार्ता है। हम व्यापक रेंज से लेकर सहज ब्राउज़िंग अनुभव तक एंड-टू-एंड इनोवेशन के लिए समर्पित हैं, क्योंकि हम बेहतर मूल्य प्रदान करने के अपने लक्ष्य को पूरा करने के करीब पहुँच रहे हैं। गहन मार्केट विश्लेषण के माध्यम से, हम ग्राहकों की बदलती प्राथमिकताओं के अनुसार नवप्रवर्तन और अनुकूलन जारी रखेंगे, यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारी विकास गति मजबूत बनी रहे।

### आरएनएलआइसी ने 346 करोड़ रुपये के बोनस की घोषणा की

**नई दिल्ली।** रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024 में अपने भागीदार पॉलिसीधारकों के लिए कुल ?346 करोड़ का बोनस घोषित किया है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 में शानदार वित्तीय प्रदर्शन करते हुए निम्न उपलब्धियां हासिल की हैं :



नई पॉलिसी की बिक्री में 22% की वृद्धि
इंडीविजुअल न्यू बिजनेस प्रीमियम में 10% की बढ़ोतरी देखने को मिली है
यूएम में 16% का उछाल
13वें महीने की परसिस्टेंसी में 82.5% की बढ़त कंपनी ने इस अवधि के लिए 198 करोड़ रुपये का कर-पूर्व लाभ की घोषणा है जो वित्त वर्ष 2023 की तुलना में 84% ज्यादा है। इस घोषणा के मुताबिक, 31 मार्च, 2024 तक सभी पात्र प्रतिभागी पॉलिसीज इस बोनस घोषणा से लाभान्वित हुई हैं। कंपनी पिछले 23 वर्षों से लगातार बोनस की घोषणा कर रही है जो ग्राहकों को नियमित रूप से अपने प्रीमियम का भुगतान करने और पॉलिसी अवधि के दौरान निवेश में बने रहने के लिए प्रोत्साहित करती है। पार्टिसिपेटिंग फंड के मजबूत प्रदर्शन का श्रेय इक्विटी में एक अच्छी तरह से किए रणनीतिक एसेट एलोकेशन को दिया जा सकता है, जिसने ब्रॉडर मार्केट की तुलना में काफी बेहतर प्रदर्शन किया है। इसके अलावा, कंपनी के प्रमुख यूलिप इक्विटी फंड 3 ने भी मजबूत प्रदर्शन किया है। इसने निफ्टी 50 बेंचमार्क* से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 26.4% रिटर्न दिया है। बोनस की घोषणा पर अपनी बात रखते हुए, रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस के ईडी और सीईओ श्री आशीष वोहरा ने कहा, "हमारा फोकस लगातार मजबूत प्रदर्शन, बेहतर निवेश प्रबंधन और काम करने की क्षमता पर बना हुआ है और हम अपने ग्राहकों को उनके पैसे का पूरा मूल?य प्रदान करने पर ध्यान देते हैं।

# कुलपति ने 9 कर्मचारियों को किया सम्मानित

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा गुरुवार को सेवानिवृत्त होने वाले 9 गैर-शिक्षक कर्मचारियों को उनकी विश्वविद्यालय में दी गई उत्कृष्ट सेवाओं के लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि सब हितधारकों की कड़ी मेहनत के कारण ही हम विश्वविद्यालय में एनईपी को सबसे पहले लागू कर पाए और नैक का सर्वश्रेष्ठ ए-प्लस-प्लस ग्रेड प्राप्त कर पाए हैं। उन्होंने कहा कि जिस भाव से कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय की सेवा की है व अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय विश्वविद्यालय को दिया है उसके लिए उनको हमेशा याद रखा जाएगा। कुवि कुलसचिव प्रो.



संजीव शर्मा ने सेवानिवृत्त होने वाले गैर-शिक्षक कर्मचारियों के उत्कृष्ट कार्य व सेवा भाव से कार्य करने की प्रशंसा की व उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। पुरुष छात्रावास के चीफ वार्डन डॉ. जसबीर ढांडा, महिला छात्रावास की चीफ वार्डन तथा कुंटिया प्रधान राजवंत कौर ने भी अपने विचार रखे व सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की

इस मौके पर सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने अपने विचार व अनुभव सांझा किए तथा इस विदाई पार्टी के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार प्रकट किया। सेवानिवृत्त होने वालों में निर्माण शाखा से एसडीओ सज्जन पाल सिंह, स्वामी विवेकानंद भवन से हॉस्टल सुपरवाईजर चन्द्रशेखर प्रसाद, देवी लाल हास्टल से गेस्ट हाउस सुपरवाईजर कुलदीप सिंह, ललित कला विभाग से लैब अटैंडेंट तेज बहादुर पाल, निर्माण शाखा से प्लम्बर ओम प्रकाश, स्पोर्टस डिपार्टमेंट से ग्राउंडमैन नरेश कुमार, हॉर्टिकल्चर से माली प्रीति लाल, सुभद्रा भवन से पियन समुन्दर सिंह तथा सेनिटेशन विभाग से स्वीपर विद्या देवी शामिल है। कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, कुटा प्रधान प्रो. दलीप कुमार, प्रो. रामविरंजन, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, पुरुष छात्रावास के चीफ वार्डन डॉ. जसबीर ढांडा, महिला छात्रावास की चीफ वार्डन प्रो. कुसुम लता, डॉ. संतलाल निर्वाण, उप-कुलसचिव डॉ. दीपक शर्मा, डॉ. जितेन्द्र जांगडा, कोच राजेश राजौंद, कुंटिया प्रधान राजवंत कौर, मुनीष खुराना, रविन्द्र तोमर, रूपेश खन्ना मौजूद रहे।

# अम्बाला में जल्द शुरू होगा टीबी अस्पताल: असीम गोयल

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला:** असीम गोयल ने जब से मंत्री पद का कार्यभार संभाला है तब से अंबाला शहर सहित अन्य स्थानों पर विकास कार्यों में तेजी आई है और अंबाला के साथ साथ पूरे प्रदेश में नई-नई योजनाऐं लागू हो रही हैं जिसका लोगों को भरपूर लाभ मिल रहा है। हाल ही में परिवहन मंत्री असीम गोयल ने अपने निवास स्थान प्रेमनगर पर पौधों की छबील लगाई और निरोग अंबाला का शुभारंभ किया जिसके तहत 60 साल से अधिक आयु के बुर्जग रजिस्ट्रेशन करवाऐंगे तो उन्हें डॉक्टर द्वारा परामर्श की गई जनैटिक दवाईयां उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने अपनी बिटिया अंशिका गोयल के जन्मदिन व मेरा आसमान संस्था की 10 वीं वर्षगांठ के अवसर पर 5 हजार पौधे मुफ्त वितरित किए। इसके साथ-साथ 192 टीबी मरीजों को निक्षय मित्र बनाया है। उन्होंने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत इन निक्षय मित्रों को अपने निवास स्थान पर पौषण किट वितरित की और प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने का संकल्प लिया।

# इतिहास व राजनीतिक विज्ञान में दाखिले के लिए 520 ने दी प्रवेश परीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के एमए इतिहास व एमए राजनीतिक विज्ञान में दाखिले के लिए गुरुवार को 520 अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि केयू आर्ट्स फैकल्टी में एमए इतिहास के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में 231 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। वहीं यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के ब्लॉक एक व दो में एमए राजनीतिक विज्ञान विषय के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में 289 अभ्यर्थियों ने भाग लिया।

उन्होंने बताया कि इन केन्द्रों में आयोजित प्रवेश परीक्षा सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि 28 जून को एलएलएम व एलएलएम (एसएफएस) में दाखिले के लिए कॉमन प्रवेश परीक्षा प्रातः 10 बजे, एमए मनोविज्ञान की 50 सीटों के लिए दोपहर 12 बजे तथा एमए लोक प्रशासन की 60 सीटों पर दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा दोपहर 3 बजे आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

# बीएलओ क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाता के डाटा को करेंगे सत्यापित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : उपमंडल अधिकारी नागरिक सुरेंद्र पाल ने बताया कि 4 जुलाई 2024 तक संबंधित बीएलओ अपने-अपने क्षेत्रों के तहत घर-घर जाकर हर मतदाता की वोट से संबंधित डिटेल बीएलओ ऐप के माध्यम से सत्यापित करते हुए उसे अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे। एसडीएम सुरेंद्र पाल वीरवार को न्यू लघु सचिवालय के सभागार में जिला चुनाव कार्यालय व संबंधित अधिकारियों के साथ एक बैठक ले रहे थे। इस मौके पर उनके साथ जिला चुनाव तहसीलदार सरला



कौशिक व अन्य संबंधित मौजूद थे। उपमंडल अधिकारी सुरेंद्र पाल ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए चुनाव तहसीलदार से आगामी विधानसभा चुनावों के तहत मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण व नए मतदाता को पंजीकृत करने के साथ-साथ जो अन्य कार्य किए जाने है, उसकी जानकारी हासिल की। चुनाव तहसीलदार सरला कौशिक ने अवगत करवाते हुए बताया कि 25 जुलाई को प्रारम्भिक मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

इसके साथ-साथ 1 जुलाई 2024 को जो मतदाता 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुका है, वह नए मतदाता अपनी वोट बनवा सकते है।

# अवैध शराब सहित अलग अलग स्थान से दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत/कमाल हुसैन**

पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा अवैध शराब व मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगा आरोपियों की धरपकड़ के लिए स्पेशल अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत जिला पुलिस की टीमों ने बुधवार को अलग अलग स्थान पर दबिश देकर अवैध शराब रूप से शराब बेच रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। थाना चांदनी बाग पुलिस की टीम ने रिसालू रोड पर कृष्णा गार्डन मोड़ के नजदीक परचून की दुकान के सामने अवैध रूप से शराब बेच रहे आरोपी विजय निवासी सेक्टर 29 पार्ट टू को 44 पव्वे व 20 अध्धे अवैध देसी शराब सहित गिरफ्तार किया।

# अलग-अलग सड़क हादसों में पांच लोगों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: जिले में** अलग-अलग स्थानों पर लापरवाही और तेज रफ्तारी ने पांच लोगों की जिंदगी लील ली। सड़कों पर जगह-जगह खून बहा। एनएच-334बी पर गांव खेवड़ा के पास कार की टक्कर से ट्रैक्टर सवार युवक की मौत हो गई और उनकी पत्नी, साला व ट्रैक्टर चालक घायल हो गए। कार सवार चार लोगों को भी गंभीर चोट लगी है। मेप्सको सिटी में घूमने निकले खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निरीक्षक की बाइक से टक्कर लगने से मौत हो गई। वहीं गांव भठगांव के पास अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराने के चलते दो युवकों की जान गई तो नाथूपुर के पास ईको की टक्कर से महिला की मौत हो गई।

**दर्दनाक हादसा**

- पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपे
- आरोपित वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किए मुकदमें

बिहार के जिला दरभंगा के सिमरी स्थित वार्ड-12 मिश्रौली निवासी मोहम्मद रजा नदाफ ने बताया कि वह फिलहाल गांव बारोटा में किराए पर रहते हैं। वह अपने जीजा उत्तर प्रदेश के जिला अलीगढ़ के गांव सिंघौली कलां राजमऊ निवासी मुनेश कुमार व बहन सोनी के साथ मंगलवार को पलड़ी कलां गांव में किसी काम से गए थे। वह काम खत्म कर वापस बारोटा आ रहे थे। उन्होंने पलड़ी कलां से एक ट्रैक्टर चालक से लिफ्ट ली थी। जब वह खेवड़ा गांव के पास स्थित निजी स्कूल के सामने पहुंचे तो पीछे से एक कार ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। कार की टक्कर से ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में उनके जीजा मुनेश ट्रैक्टर के नीचे दब गए। मोहम्मद रजा नदाफ ने बताया कि वह, ट्रैक्टर चालक व उनकी बहन सोनी सडक पर गिरकर घायल हो गए। उन्होंने राहगीरों की मदद से मुनेश को ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकाला। उन्हें राहगीरों की मदद से नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया। जहां पर उपचार के दौरान उनके जीजा की मौत हो गई। बहालगढ़ थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। मामले के जांच अधिकारी सुभाष ने बताया कि कार में भी चार लोग सवार थे। अभी उनकी पहचान नहीं हुई है। दो लोग पीजीआई रोहतक में उपचाराधीन हैं। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मेप्सको सिटी में घूमने निकले खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निरीक्षक को बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई। गांव अहमदपुर निवासी उमेश ने बताया कि उनके जीजा मूलरूप से गांव पिनाना फिलहाल मेप्सको सिटी निवासी नरेंद्र मलिक मंगलवार रात को घुमने के लिए निकले थे। उमेश ने बताया कि जब उनके जीजा मेप्सको सिटी की सडक पर घुम रहे थे तो उस समय वह कार लेकर घर जा रहे थे।

# ऊर्जा संरक्षण में फाइव स्टार रेटिड बिजली उपकरण ला सकते हैं व्यापक बदलाव: विशेषज्ञ

**टीम एक्शन इंडिया**

**जालंधर:** प्रदेश में ऊर्जा संरक्षण में प्रयासरत पंजाब एनर्जी डिपवलमेंट एजेंसी (पेडा) द्वारा चलाये जा रहे प्रदेशव्यापी अभियान -स्टैंडर्ड एंड लेबलिंग प्रोग्राम के तहत शहर के निजी होटल में रिटेलर्स ट्रेनिंग प्रोगाम आयोजित किया गया जिसमें रिटेलर्स को फाईव स्टार रेटिड उपकरणों की बिक्री के लिये प्रेरित किया गया। इस वर्कशाप में जिले के 50 से इलेक्ट्रिकल उपकरणों से जुड़े रिटेलर्स ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पेडा के जालंधर मार्किट एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य चन्द्र गुप्ता, ऊर्जा संरक्षण विशेषज्ञ विनय बजाज और तरुण कुमार ने मुख्यातिथि के रुप में मौजूद रहे जबकि डीटूओ के ऐनर्जी मैनेजर डा एचके सिंह सहित तीन अन्य ऐनर्जी ट्रेनर्स ने स्टार रेटिड के जुड़े टेनिंग माडयूल्स को रिटेलरों से अवगत करवाया। डा सिंह ने बताया कि इलेक्ट्रिकल उपकरण जैसे एलईडी बल्ब, बीएलडीसी पंखे, फ्रिज आदि के फाईव स्टार रेटिड होने से काफी बिजली बचाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि ऐसे वर्कशाप के माध्यम से रिटेलर्स को प्रशिक्षित किया जाता है जिससे की वे फाइव स्टार रेटिड उत्पादों की बिक्री कर अपने ग्राहकों को भी आगे प्रेरित कर सके। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि आधुनिकता के इस दौर में नित नई तकनीकों से बिजली की खपत पर कटौती की जा सकती है।

# देसी गाय के दूध से होती हैं अनेक बीमारियां दूर: वीरेंद्र चौहान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : बाल संस्कार शाला के समापन के अवसर पर श्रीमद्भागवदगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एवं महादेव गौशाला की ओर से विद्या भारती के पूर्व छात्र एवं ग्रंथ अकादमी हरियाणा के पूर्व उपाध्यक्ष वीरेंद्र चौहान को बाल संस्कार शाला के संयोजक कैलाश गोयल एवं महादेव गौशाला के उप प्रधान गुरुबक्श सिंह ने अंगवस्त्र एवं स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के पश्चात कैलाश गोयल ने "देश हमें देता है सब कुछ हम भी कुछ देना सीखें" देश भक्ति से परिपूर्ण गीत की प्रस्तुति दी महादेव गौशाला के संरक्षक श्री अशोक रोशा ने कहा कि पिछले 5 दिनों से बाल संस्कार शाला का आयोजन महादेव गौशाला में किया जा रहा है जिसमें विभिन्न बिषयो द्वारा बच्चों में संस्कार पोषण का कार्य करने का प्रयास किया इस तरह के आयोजनों से बच्चों में विभिन्न प्रतिभाओं का विकास होता है वर्तमान में बच्चे घर में रहकर सिर्फ मोबाइल व टीवी में व्यस्त रहते हैं बच्चों के विकास के लिए अभिभावकों की सजगता जरूरी है उन्हें चाहिए कि जहां भी इस प्रकार के संस्कारों और खेलों का आयोजन होता है वह अपने बच्चों को अनिवार्य रूप से भेजें इससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास होगा मुख्य वक्ता डॉ वीरेंद्र चौहान जी ने बच्चों को गाय की महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा की हमारी प्राचीनतम और महानतम

**करें उपयोग**

- गाय कृषि कार्य में भी हमारी सहायता करती है इसके गोबर का उपयोग हम खेतों में खाद के रूप में प्रयोग करते हैं

ज्ञान परंपरा है। मानव जीवन और ब्रम्हाण्ड से जुड़े हुए हैं ऐसे अनेक रहस्य उन्होंने हजारों साल पहले उजागर कर दिए थे जिन्हें समझने और समझाने पश्चिमी जगत का आधुनिक विज्ञान आज भी पूरी तरह सक्षम नहीं है।भारतीय जनता पार्टी केप्रदेश प्रवक्ता और हरियाणा ग्रंथ अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र सिंह ने आज यहाँ महादेव गऊशाला में चल रही संस्कार शाला में नौनिहालों से बातचीत में बताया की पश्चिम के वैज्ञानिक आज इस निष्कर्ष पर पहुँचे हैं कि भारतीय नस्ल की देसी गाय के दूध में अनेक बीमारियों को दूर करने की अनोखी शक्ति है। आधुनिक विज्ञान की प्रयोगशालाओं के बनने से हजारों साल पहले हमारे पूर्वजों गाय को माता का दर्जा औषधीय गुणों के कारण ही तो दिया था। डॉ. चौहान ने कहा कि एक ही गाँव के दूध में ए- टू नामक प्रोटीन की उपलब्धता उसे चमत्कारिक बनाती है, यह बात सारी दुनिया के वैज्ञानिक स्वीकार कर रहे हैं।उन्होंने इन बच्चों का आह्वान किया कि वे नियमित रूप से देसी गाय के दूध का सेवन करें ताकि उनकी से दैहिक और मानसिक सेहत सदा दुरुस्त रहे। उन्होंने कहा कि माता पिता और बच्चे यह भी सुनिश्चित कर सकते हैं कि घर में किसी का भी जन्मदिन हो, जन्मदिन गऊशाला में जाकर गौ सेवा के पावन कार्य के साथ मनाया जाए। गीता विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुलश्रेष्ठ ने बच्चों को बताया कि हिंदू धर्म में गाय को सबसे पवित्र माना गया है इसे माता का दर्जा दिया जाता है विभिन्न धार्मिक उत्सव और संस्कारों में इसका महत्वपूर्ण स्थान है

गाय कृषि कार्य में भी हमारी सहायता करती है इसके गोबर का उपयोग हम खेतों में खाद के रूप में प्रयोग करते हैं गाय का दूध पौष्टिक और प्रोटीन कैल्शियम और विटामिन से भरपूर होता है इसके दूध से विभिन्न उत्पाद दही ,मक्खन ,घी, पनीर को बनाया जाता है

# फर्जी वेबसाइट बनाकर लाखों रुपये की नकदी ऐंठी, मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: शहर** थाना क्षेत्र में व्यक्ति से फर्जी वेबसाइट तैयार करके मुनाफा दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की राशि के ऐंठने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर साइबर थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में ठगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

**जांच जारी**

- पुलिस ने इस संबंध में ठगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है

जवाहर नगर निवासी विजेंद्र ने बताया कि उसके पास गत 24 अप्रैल को एक वट्अप पर लिंक आया। उसके बाद उसे ग्रुप पर स्टॉक मार्केट से जानकारी दी गई। उसके बाद एक वेबसाइट पर लिंक के जरिए जोड़ दिया गया। उसके बाद उसने ट्रेडिंग के जरिए मुनाफा दिखाया गया। गत 13मई से 20 मई तक उससे सात लाख 67 हजार रुपये लगवाएं। जिसका मुनाफा 80 हजार रुपये दिखाया गया। उसके बाद उससे बाइक के रुपये निकालने के लिए एक लाख 26 हजार 700 रुपये खाते में डलवा लिए। जब उसने एसईबीआई हेल्पलाइन पर बात की तो उन्होंने बताया कि उक्त कंपनी फ्रांड है। उसने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई संजय कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# भलस्वा वार्ड: डेंगू, मलेरिया रोधी कार्यक्रम हुआ आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में दिल्ली नगर निगम (स्वास्थ्य विभाग, सिविल लाइन क्षेत्र के वार्ड नंबर-17 भलस्वा में डेंगू, मलेरिया रोधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में निगम पार्षद अजीत यादव और वार्ड नम्बर-19 के निगम पार्षद जोगेंद्र सिंह (बन्टी) राणा उपस्थित हुए। इसके अलावा वार्ड के कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

इस मौके पर दिल्ली नगर निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों को डेंगू, मलेरिया से बचने के उपाय बताये। उन्होंने बताया कि सप्ताह में एक बार कूलर की सफाई अवश्य ही करें और अपने आस-पास बरसात का पानी एकत्रित न होने और साथ ही अपने घरों की छतों पर टायर और बर्तन में पानी न एकत्रित होने दें। इनमें मच्छर पैदा होते है, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो सकते है। इसलिए खुद भी जागरूक रहे और दूसरों को भी जागरूक रखें। इस अवसर पर निगम पार्षद अजीत यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि आज बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में भलस्वा में डेंगू/ मलेरिया रोधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर श्री यादव ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान व कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले, जिससे की आपका क्षेत्र साफ और स्वच्छ नजर आये। उन्होंने आगे बताया कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रहा हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े।









वजीरपुर जेजे कॉलोनी के एफ ब्लॉक में गहरी सीवर लाइन के कार्य का निरीक्षण करते हुए वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी।

# श्रद्धानंद कॉलोनी: सुरेश शर्मा ने किया क्षेत्र का दौरा





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा ने जहांगीरपुरी वार्ड नम्बर-18 की स्वामी श्रद्धानंद कॉलोनी की एफ और डी ब्लॉक में सफाई व्यवस्था का निरिक्षण किया। आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सफाई निरीक्षक एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिये गये है कि वो गली-गली जाकर चेक करें कि बारिश के कारण कहीं जलभराव तो नहीं हो रहा है, अगर पानी कहीं भरा है तो हमें सूचित अवश्य ही करे, हम तुरंत जलभराव की समस्या की निवारण हेतु आवश्यक कदम उठाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि मैं स्वयं क्षेत्र का दौरा कर रहा हूं और जनता की समस्याओं को सुन उनकी समस्या का उचित समाधान कर रहा हूं। इस मौके पर आप नेता सुरेश शर्मा के साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बारिश की चंद बूंदो ने राहत के साथ पैदा की आफत, राजधानी में जगह-जगह हुआ जलभराव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में मानसून की वर्षा के बाद दिल्ली में क्या भयावाह स्थिति पैदा होने वाली है यह मानसून से पहले हुई बारिश की चंद बूंदो ने ही चेताकर बता दिया है। थोड़ी देर की ही वर्षा में दिल्ली में कई स्थानों पर जलभराव तो कई जगहों पर पेड़ या उसके तने गिर गए हैं। जिसके चलते घंटो तक जाम की परिस्थिति तो पैदा हो ही रही है, बल्कि पानी में फंसकर गाड़ियां भी बंद पड़ जा रही हैं। इसमें कोई दो राह नहीं है कि बारिश पडने से गर्मी और उमस से राहत तो मिली है लेकिन जलभराव से सुबह दफ्तर के लिये निकले लोग परेशान भी हो रहे हैं। कुछ ऐसा ही नजारा पीरागढ़ी, नांगलोई, नजफगढ़ रोड़, त्रीनगर क्षेत्र स्थित शंकर चौक, ओंकार नगर, लेखू नगर, मादीपुर सहित दिल्ली के कई हिस्से इस दौरान बारिश से लबालब भरे हुए नज़र आए।

**निगम के दावों की निकल रही है हवा:** मामले में दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने बताया कि राजधानी दिल्ली में सभी एजेंसियों को मानसून से पहले नालों की सफाई करनी है लेकिन प्री मानसून आने तक भी नालों की सफाई नहीं हुई है। दिल्ली में ज्यादातर बड़े नाले गंदगी से अटे पड़े हुए दिखाई दे रहे हैं। प्री मानसून की वर्षा में ही जलभराव होना दिखाता है कि मानसून की तैयारी के लिए जो दावे किए जा रहे हैं उन सभी दावों की जमीनी स्तर पर दम तोडते दिखाई दे रहे है।

**महापौर से पानी की निकासी वाले स्त्रोतों की सफाई करवाने की मांग की:** दिल्ली पंचायत संघ ने मेयर दिल्ली से मांग की कि दिल्ली देहात व सभी गांवों में बरसाती नालो व पानी की निकासी वाले स्त्रोतों की सफाई का काम तुरंत करायें। जिससे गांव मादीपुर जैसे हालात ना बने। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की पहली बारिश मे ही ऐतिहासिक गांव मादीपुर का मुख्य मार्ग जो गांव व ऐतिहासिक पांडव कालीन शिव मंदिर व भगवती सरोवर की तरफ जाता है जो गंदे नाले में तब्दील हो गया। इस पर एक कूड़ा घर है जिसके बाहर ज्यादातर कूड़ा पडा रहता है।

**समस्या का नहीं हुआ निपटारा तो देंगे धरना:** पंचायत संघ ने कहा की जल्द से जल्द दिल्ली नगर निगम मेयर सभी गांवों के बरसाती नालो की सफाई व कूड़ा घरो के अंदर व बहार से कूड़ा साफ करवाएं।

पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव व पंच प्रमुख सुधीर शर्मा मादीपुर गांव ने कहा की अगर गांवों की इन समस्याओ को दूर नहीं किया तो गांव मादीपुर के ऐतिहासिक पांडव कालीन शिव मंदिर के सामने आपके खिलाफ एक विरोध स्वरूप धरना देंगे।





# जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी बैठक संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दक्षिणी दिल्ली संसदीय क्षेत्र के महरौली जिला और वेस्ट दिल्ली संसदीय क्षेत्र के तिलक नगर जिला कांग्रेस कमेटियों की बैठकों को संबोधित किया।

कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने और पार्टी के साथ अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को जोड़ने के लिए जिला कांग्रेस कमेटियों की बैठकों में जिला व ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारियों की भारी उपस्थिति से साफ हो रहा है कि दिल्ली एक बार फिर कांग्रेस को चाहती है।

महरौली जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश चौहान ने जिला की बैठक का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला, 100 फुटा रोड़, छतरपुर रोड़, नई दिल्ली में किया और तिलक नगर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धर्मपाल चंदेला ने जिला की बैठक का आयोजन अनुभव बैंक्वट हॉल, जे ब्लाक, लाल मार्केट के सामने, विकास पुरी में किया। बैठके जिला अध्यक्षों की अध्यक्षता में हुई। प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव की मौजूदगी में बैठक में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पास हुआ जिसमें जन नायक, प्रिय नेता राहुल गांधी जिन्होंने 4000 किलोमीटर से अधिक भारत जोड़ो यात्रा और 6000 किलोमीटर से अधिक भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकालकर देश की राजनीति को एक नई दिशा दी। राहुल को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बधाई बनाऐ जाने पर सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी गई।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के अलावा पूर्व सांसद रमेश कुमार, सचिव अमृता धवन व सी.पी. मित्तल, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन व पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, पूर्व विधायक विजय लोचव, मालाराम गंगावाल, जगप्रवेश कुमार, पी.एस. बावा, जेपी पंवार, प्रदेश महिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह, पूर्व पार्षद राजेन्द्र तंवर, अनीता चौधरी, वेदपाल लोहिया, शिवराम सिंह, प्रवीण राणा, एडवोकेट सुनील कुमार सहित सभी ब्लाक अध्यक्ष और जिला और जिला व ब्लाक पदाधिकारी भी मौजूद थे।

बैठक को संबोधित करते हुए देवेन्द्र यादव ने कहा कि हमारा जिला में बैठक करने का मकसद साफ है कि आप सभी अपने-अपने क्षेत्रों में जनसम्पर्क करके लोगों से सीधी बात करें।

उन्हें बताऐं हम कांग्रेस के सिपाही है और कांग्रेस पार्टी के साथ शामिल करे। झुग्गी झौपड़ी, जे.जे. कॉलोनी, पुर्नवास कॉलोनी, अनाधिकृत कॉलोनी व मलीन बस्तियों में जाकर वहां लोगों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछे और उन्हें आश्वस्त करें कि कांग्रेस पार्टी आपके लिए काम करेगी।



# बुराड़ी विधानसभा: कांग्रेस ने ही बदली है देश की तस्वीर: आदेश भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: करावल नगर जिला कांग्रेस** कमेटी के अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि आज हम लोग बुराड़ी विधानसभा के झडौदा गांव के निवासी शेर सिंह प्रजापति के यहां सुबह चाय पीने गए। उनके यहां पर हमने झंडा लगाया और कांग्रेसी पटका पहना कर कांग्रेस पार्टी का सदस्य उन्हें बनाया।

श्री भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि शेर सिंह ने हमें बताया कि वह पहले कुछ समय के लिए भटक गए थे, मगर अब वापस कांग्रेस में आ गए हैं और कांग्रेस के लिए ही कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि मुझे अपना घर बदलने से कोई फायदा नहीं हुआ, उल्टा नुकसान हुआ और हर कार्य के लिए धक्के खाने पड़े। इस अवसर पर आदेश भारद्वाज ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में घर-घर झंडा लगाओं और कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाओं अभियान चलाया जा रहा है।



# ऑनलाइन गेमों के जरिए बच्चों का भविष्य बिगड़ने की विदेशी ताकते कर रही है साजिश: पम्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पश्चिमी दिल्ली के विकासपुरी में मल्टी एजुकेशन पॉइंट का वार्षिक समारोह बड़ी धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन रोजी वरमानी तथा कुमारी दीपाली वरमानी ने मिलकर किया। मुख्य अतिथि नेशनल अकाली दल के अध्यक्ष व एंग्री मैन सरदार परमजीत सिंह पम्मा ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति तथा इंटरनेट गेम्स से दूर रहने की सलाह दी। पम्मा ने विद्यार्थियों को अपने हाथ से अवार्ड तथा सर्टिफिकेट्स देकर पुरस्कृत किया। इस कार्यक्रम में अन्य अतिथि गण अचला मनोचा, अंजू शर्मा, रशमीत कौर बिंद्रा, सुनीता अरोड़ा, आफरीन, सपना राज, सुमन तोमर, ज्योति शर्मा, उषा अरोड़ा, मोहिनी सचदेवा, तजिन्दर सिंह सोढ़ी तथा अन्य कई संस्थाओ से आये हुए साथियों ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा व रोजी वरमानी ने कहा बड़े दुख की बात है जो मोबाइल सुविधा के लिए आया था वही आज बच्चों के लिए खतरनाक बनता जा रहा है क्योंकि बच्चे मोबाइल में ऑनलाइन गेम में खेलने के कारण ना ही अन्य गतिविधियां कर पा रहे हैं। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।



# दिल्ली के एलजी के समक्ष उठाऐंगे निगम द्वारा पार्किंग शुल्क बढ़ाने का मामला: प्रवीण कपूर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली नगर निगम में विपक्ष के नेता सरदार राजा इकबाल सिंह और दिल्ली बीजेपी मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने वरिष्ठ पार्षद जय भगवान यादव और संदीप कपूर की उपस्थिति में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आम आदमी पार्टी और मेयर डॉ. शेली ओबेरॉय की आलोचना की और दिल्ली में पार्किंग शुल्क बढ़ाने के प्रस्ताव को लाने के लिए उनकी निंदा की।

विपक्ष नेता सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि आप द्वारा शासित एमसीडी दिल्ली में पार्किंग माफिया की लंबे समय से चली आ रही मांग को मानने के लिए अड़ी हुई है, जिसमें पार्किंग शुल्क को घंटों के आधार पर लगाना और कॉलोनी श्रेणी के आधार पर पार्किंग शुल्क लगाना शामिल है।




**जनता की जेब पर नहीं डलने देंगे डाका:** राजा इकबाल सिंह ने कहा कि वर्तमान दरों के अनुसार कार मालिकों को एमसीडी पार्किंग में 2 घंटे के लिए 30 रुपये का भुगतान करना पड़ता था, लेकिन अब मेयर के प्रस्तावित नए शुल्क लागू होने के बाद उन्हें कॉलोनी की श्रेणी के अनुसार 50 रुपये से 75 रुपये तक का भुगतान करना होगा। मासिक दिन और रात की कार पार्किंग शुल्क, जो आज 2000 रुपये है, मेयर के प्रस्ताव में 5000 रुपये तक बढ़ा दिया गया है।

**पार्किंग शुल्क बढ़ने से लोगों पर पडेगा अधिभार:** राजा इकबाल सिंह ने कहा कि चौंकाने वाली बात यह है कि मेयर डॉ. ओबेरॉय के प्रस्ताव में 2 पहिया वाहनों की पार्किंग शुल्क भी भारी रूप से बढ़ा दिया गया है, जो प्रति घंटे 10 रुपये से 15 रुपये तक कर दिया गया है, 4 घंटे से अधिक के लिए यह शुल्क दोगुना हो गया है और मासिक पास 1000 रुपये से 1500 रुपये से 2500 रुपये कॉलोनी के आधार पर बढ़ा दिया गया है।

इस मौके पर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि हमें पार्किंग अटेंडेंट्स द्वारा अधिक शुल्क वसूलने और अस्पतालों और मॉल पार्किंग अधिकारियों द्वारा अत्यधिक शुल्क लेने की कई शिकायतें मिल रही हैं। इसलिए हम जल्द ही वरिष्ठ पार्षदों की एक समिति का गठन करेंगे ताकि इस पर ध्यान दिया जा सके।

**पार्किंग माफियाओं के साथ साठ-गांठ कर लोगों को लूटने का प्लान होगा फेल:** दिल्ली बीजेपी प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि 2021 तक आप नेता जैसे दुर्गेश पाठक विभिन्न मुद्दों पर बीजेपी पर आरोप लगाते थे, जिसमें पार्किंग शुल्क भी शामिल था, लेकिन आज वही आप नेता सत्ता में आने पर पार्किंग माफिया के साथ मिलकर न केवल पार्किंग शुल्क बढ़ा रहे हैं बल्कि कॉलोनी श्रेणीकरण की अनुमति भी दे रहे हैं जो माफिया की लंबे समय से चली आ रही मांग थी। कपूर ने कहा कि बीजेपी ने 2012 से 2022 के बीच सार्वजनिक हित में पार्किंग शुल्क बढ़ाने की अनुमति कभी नहीं दी और अब भी नहीं देगी।

दिल्ली बीजेपी प्रवक्ता ने कैट जैसे व्यापारी संगठनों और ऊर्जा जैसे नागरिक संघों को आश्वासन दिया है, जो नए पार्किंग शुल्क का विरोध कर रहे हैं, कि दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा जल्द ही इस मुद्दे को दिल्ली के उपराज्यपाल के सामने उठाएंगे।

# गुरुग्राम: सीएम ने निगम का शुल्क अदा नहीं करने पर बिल्डर की संपत्ति अटैच के दिए आदेश

**बैठक**

**-मुख्यमंत्री ने ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में 20 मामलों में से 19 का किया मौके पर समाधान**



**गुरुग्रामटीम एक्शन इंडिया/** गुरुग्राम में गुरुवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह ने जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जनसमस्याएं सुनी। उन्होंने गुरुग्राम के सिविल लाइन्स स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद हॉल में आयोजित बैठक के एजेंडे में शामिल 20 परिवादों में से 19 का मौके पर ही समाधान किया और एक मामले में अगली बैठक तक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

नायब सिंह ने सेक्टर-51 स्थित मेफील्ड गार्डन सोसायटी को नगर निगम गुरुग्राम को हस्तांतरित करने के मामले में निर्देश देते हुए कहा कि जनहित को देखते हुए यह कार्य एक सप्ताह के भीतर पूरा किया जाए। साथ ही निगम का शुल्क अदा न करने पर संबंधित बिल्डर की प्रॉपर्टी को अटैच किया जाए। गांव नूरपुर झाड़सा में तालाब की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने जमीन की गलत पैमाइश करने वाले जीएमडीए के पटवारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के भी आदेश दिए। वहीं डीएलएफ सिटी फेज वन में जलापू?त संबंधी शिकायत पर मुख्यमंत्री ने संज्ञान लेते हुए निर्देश दिए कि दो महीने के भीतर समस्या का समाधान किया जाए। इस क्षेत्र में आपू?त के लिए डीएलएफ पानी के स्टोरेज व आपू?त के सिस्टम को सुदृढ़ करें। गांव धनकोट में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के खाली प्लाटों पर अवैध कब्जों से संबंधित शिकायत में डीसी की अध्यक्षता में एक जांच कमेटी गठित करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने इस मामले को अगली बैठक तक लंबित रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री नायब सिंह की पहल पर जिला व उपमंडल स्तर पर प्रतिदिन जन समस्याओं के निवारण के लिए शुरू किए गए समाधान शिविर के प्रयास की भी बैठक में पहुंचे नागरिकों ने प्रशंसा की।

जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक के एजेंडे में शामिल कई मामलों में शिकायतकर्ता बैठक से अनुपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने जब इन मामलों को लेकर संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया तो उन्हें अवगत कराया गया कि इन शिकायतों का समाधान हो गया है। मुख्यमंत्री ने संबंधित मामलों के शिकायतकताओं को स्वयं अपने मोबाइल से कॉल की।

# डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने अनिल कौशिक को पुलिस सम्मान देकर किया सम्मानित

**सम्मानित**

**-पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में कौशिक को किया सम्मानित**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** शहर निवासी राज्य सांस्कृतिक गतिविधियों के नोडल अधिकारी के साथ हरियाणा कला परिषद् में निदेशक अनिल कौशिक को डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने पुलिस सम्मान देकर सम्मानित किया। उनको यह सम्मान 26 जून को पंचकूला में आयोजित एक राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में प्रदान किया गया। बता दें कि अनिल कौशिक ने राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर



हरियाणा पुलिस द्वारा चलाए गए नशा मुक्ति अभियान में अपने द्वारा निर्देशित नाटक राम गुरुकुल मन से युवाओं को पूरी तरह से जागरूक करने में कामयाबी हासिल की। हरियाणा पुलिस के एडीजीपी ओपी सिंह की परिकल्पना को मूर्त रूप देते अनिल कौशिक ने म्यूजिकल ड्रामा राम गुरुकुल गमन का निर्देशन कर राष्ट्र व राज्य स्तर पर वाहवाही लूटी। डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने अनिल कौशिक को नशे के विरुद्ध अभियान चलाने के लिए बधाई दी। अनिल कौशिक ने बताया कि इस नाटक का लेखन व निर्देशन के पीछे ओपी सिंह का विशेष मार्गदर्शन रहा। शीघ्र ही अनिल कौशिक देश के अनेक राज्यों में भी हरियाणा पुलिस की ओर से नशे के विरुद्ध अपने म्यूजिकल ड्रामे राम गुरुकुल गमन की प्रस्तुति से राष्ट्र स्तर पर अभियान चलाएंगे।

शीघ्र ही पंचकूला में नाटक राम गुरुकुल गमन की एक भव्य प्रस्तुति की जाएगी। सम्मान समारोह में डीजीपी शत्रुजीत कपूर, एडीजीपी ओपी सिंह, आईजी अंबाला शिवास कविराज ने अनिल कौशिक को पुलिस सम्मान से सम्मानित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध तमंचा के साथ पकड

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
कोतवाली प्रभारी आनंद कुमार शाही द्वारा घटित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर रेलवे लाइन के समीप से एक युवक को अवैध हथियार व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त ने पुलिस पूछताछ में अपना नाम समीर खान पुत्र पप्पू खान निवासी काशीराम कालोनी बताया है। जिसे आवश्यक कार्यवाही कर जेल भेज दिया है।

### फरीदाबाद: जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चे की हुई सफल जटिल हृदय सर्जरी

**फरीदाबाद**
मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स फरीदाबाद की कार्डियो थोरेसिक वैस्कुलर सर्जरी टीम ने रेवाड़ी जिले से आए 45 दिन के बच्चे की आर्टेरियल स्विच (धमनी स्विच) नामक हृदय की जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक की है। बच्चा ट्रांसपोज्ड धमनियों के साथ पैदा हुआ था।

अस्पताल के प्रोग्राम क्लिनिकल डायरेक्टर-पीडियाट्रिक-कार्डियोथोरेसिक सर्जरी डॉ. राजेश शर्मा ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि इस सर्जरी के दौरान एनेस्थेटिस्ट डॉ नित्या बिसारिया, परफ्यूजन टीम का नेतृत्व सुश्री अर्चना त्रिवेदी और बिजेंद्र सिंह बाली का भी विशेष योगदान रहा। रेवाड़ी का बच्चा अपने जुड़वां भाई के साथ 1.5 किलोग्राम वजन के साथ पैदा हुआ था। जुड़वां भाई स्वस्थ पैदा हुआ जबकि यह बच्चा कमजोर और छोटा था।

जब शिशु का हृदय सामान्य रूप से काम नहीं करने के कारण ठीक से विकसित नहीं हो रहा था, तो उसे डॉ राजेश और उनकी टीम की देखरेख में लाया गया। अनुभवी चिकित्सकों ने इस स्थिति को अच्छे से संभाल लिया। दोनों बच्चे अब स्वस्थ और तंदुरुस्त हैं।

### सिरसा: भाजपा सरकार ने गरीबों और सैनिकों को ठगा, सैकड़ों करोड़ हड़पे: कुमारी सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा 27 जून (हि.स.)।** बड़े-बड़े दावे और वायदे कर वाहवाही लूटने वाली भाजपा सरकार ने गरीबों व सैनिकों के साथ बड़ी ठगी की है। इनके सिर पर छत देने का वायदा करने वाले उन्हें आज तक फ्लैट नहीं दे पाए हैं।

सांसद कुमारी सैलजा ने यह आरोप लगाते हुए गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि हाउसिंग बोर्ड ने साल 2014 में डिफेंस और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए फ्लैट स्कीम लॉन्च की थी। इनमें डिफेंस की 11 स्कीम और बीपीएल व ईडब्ल्यूएस की 07 स्कीम शामिल थीं। अपने घर की आस में लोगों ने इन स्कीमों में बढ़-चढ कर हिस्सा लिया लेकिन आज तक किसी को भी फ्लैट नहीं मिल पाया।

लोकसभा सदस्य ने कहा कि हाउसिंग बोर्ड ने लोगों से 200 करोड़ से अधिक रुपये एकत्रित कर लिए और इनका प्रयोग फ्लैट बनाने की बजाय किन्हीं अन्य कार्यों में ही कर लिया। लोगों ने रुपये मांगने शुरू किए तो सरकार ने हाउसिंग बोर्ड की खराब आर्थिक स्थिति का हवाला देना शुरू कर दिया। आज तक लोगों के जमा रुपये ब्याज समेत लौटाने के संबंध में कोई कदम नहीं उठाया गया है। कुमारी सैलजा ने कहा कि ईडब्ल्यूएस परिवारों के लिए हिसार व करनाल में तथा बीपीएल परिवारों के लिए धारूहेड़ा, सोनीपत, पानीपत व फरीदाबाद में फ्लैट बनाए जाने थे लेकिन इन सभी 7 स्कीमों को रद्द कर दिया गया।

### युवक ने नाबालिग लड़की को जाल में फंसाकर अश्लील फोटो की वायरल

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**
एक नाबालिग लड़की से दोस्ती कर उसके अश्लील फोटो व वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। समाज के लोगों ने पंचायत कर दोनों पक्षों का राजीनाम करा दिया। जब वह लड़की बालिग हुई तो उसकी शादी कर दी गई। आरोपी युवक ने शादी के बाद लड़की की अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी।

लड़की के पिता की शिकायत पर गुरुवार को पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। उपमंडल हथीन के थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसकी 16 वर्षीय बेटी को शौयब नामक युवक ने जाल में फंसाकर जबरन उसके साथ करीब दो वर्ष पूर्व अश्लील फोटो व वीडियो बना ली।

## जैत पुलिस ने गांजा तस्कर किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
थाना जैंत पुलिस ने एक गांजा तस्कर को 1 किलो 200 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जैंत पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर प्रदूषण जांच केंद्र एन एच 19 खोके से अल्हैपुर की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ता से पास से अंसार पुत्र बरकत गांधी उम्र 46 निवासी राधेश्याम कॉलोनी नई मस्जिद थाना गोविंद नगर को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी अश्वनी कुमार ने बताया आरोपी को 1 किलो 200 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार कर एडीपीएस एक्ट की कार्यवाही कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम भक्ति भेदंता चौकी प्रभारी मोहित मलिक, राजेन्द्र सिंह, कौशल किशोर शामिल रहे।

# कृषि विज्ञान केंद्र में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की हुई बैठक

**बैठक**

**बैठक में क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र बावल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मबीर यादव मौजूद रहे**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** कृषि विज्ञान केंद्र में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 27वीं बैठक वीरवार को कृषि विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र बावल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मबीर यादव विशेष रूप से मौजूद रहे।बैठक में विभिन्न विभागों के सदस्यों कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, बागवानी, मछली पालन, भूमि सुधार वानिकी, पशुपालन, सामाजिक सुरक्षा एवं नाबार्ड आदि के अधिकारियों, प्रगतिशील किसानों और महिला किसानों ने भी बैठक में भाग लिया। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ संयोजक डॉ. रमेश कुमार ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तथा पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर कार्रवाई प्रस्तुत की। बैठक में सभी सदस्यों ने प्रस्तुत कार्रवाई पर सहमति प्रदान की तथा कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने केंद्र द्वारा पिछले एक वर्ष के दौरान किए गए कार्य की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।



फोटो:
महेंद्रगढ़। आयोजित बैठक में अधिकारियों को संबोधित करते हुए

तथा वर्ष 2024-25 में किए जाने वाले कार्यों की योजना प्रस्तुत की। डॉ. बलवान सिंह ने अपने सुझावों के तहत कृषि विज्ञान केंद्र को किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों के साथ-साथ वित्तीय संस्थानों की जानकारी दी जानी चाहिए। इस दौरान डा.बलवान ने बैठक में मौजूद विभागों के अधिकारियों को प्रायोजित प्रशिक्षण के आयोजन के लिए कहा। उन्होंने समन्वित प्रणाली के तहत डेयरी पालन पर आधारित प्रशिक्षणों पर जोर देने का निर्देश दिए। इस मौके पर किसान सुमेर सिंह, किशन लाल, महिला किसान सुमनलता, हेमलता, वैज्ञानिक डॉ. जयलाल यादव, डॉ. नरेंद्र यादव, डॉ. राजपाल यादव, डॉ. आशीष शिवरान, डॉ. पूनम, वरिष्ठ कीट वैज्ञानिक डॉ. जयलाल यादव उपस्थित रहे।

# बिजली टावरों को लगाने संबंधी प्रशासन और किसानों की बैठक रही बेनतीजा

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
खेतों में लगाए जाने वाले बिजली के टावरों की मुआवजा राशि पर उठे विवाद को लेकर भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट की एक बैठक किसानों और जिला उपायुक्त के बीच हुई। जिला उपायुक्त कार्यालय से सहमति न बनने से यह मामला आयुक्त अंबाला को रेफर किया गया।



गौरतलब है कि 25 जून को गांव रोड छप्पर में बिजली के बड़े टावर खेतों में लगाने के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मियों की टीम पुलिस बल के साथ पहुंची थी लेकिन किसानों ने इसका विरोध किया था कि जब तक किसानों को उनकी जमीन का उचित मुआवजा नहीं मिलता तब तक हम अपने खेतों में टावर नहीं लगने देंगे।

गुरुवार को जिला उपायुक्त कार्यालय में हुई बैठक में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी, जिला अध्यक्ष सन्जू गुन्दियाना, डायरेक्टर मनदीप रोड छप्पर, युवा अध्यक्ष संदीप टोपरा पहुंचे लेकिन कोई सहमति नहीं बन पाई। प्रशासन की तरफ से जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार व उप मंडल अधिकारी सोनू कुमार मौजूद रहे।

## सुप्रीम कोर्ट में चल रहे मामलों के लिए लगेगी लोक अदालत

**मथुरा**
सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली द्वारा 29 जुलाई से तीन अगस्त तक सर्वोच्च न्यायालय में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष लोक अदालत में सर्वोच्च न्यायालय में लम्बित श्रम वाद, चेक बाउंस मामले, मोटर दुर्घटना मामले, अन्य क्षतिपूर्ति मामले, पारिवारिक न्यायालय के मामले, सेवा सम्बंधी मामले, कर सम्बंधी मामले, शैक्षणिक मामले, भरणपोषण मामले, बंधक संबेधी मामले, उपभोक्ता संरक्षण संबंधी मामले, स्थानान्तरण याचिकाएं (दीवानी व आपराधिक), भूमि सम्बंधित मामले, आपराधिक शमनीय मामले, अन्य दीवानी मामले में सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण किया जायेगा।

# हकेंवि में कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में 34174 ओपनिंग रैंक



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में बीटेक कार्यक्रम में पहले राउंड की काउंसलिंग के अंतर्गत सीटों का आबंटन कर दिया गया है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में ज्वाइंट सीट एलोकेशन अथोरिटी (जोसा) के माध्यम से भी काउंसलिंग का आयोजन हो रहा है। इसके अंतर्गत आने वाले चार बीटेक कार्यक्रम- सिविल इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी में सीटों का आबंटन किया गया है।

विश्वविद्यालय में जोसा प्रवेश के नोडल अधिकारी डॉ. विकास पसरीचा ने बताया कि विश्वविद्यालय में जोसा के अंतर्गत कुल 210 सीटों के लिए काउंसलिंग का आयोजन किया गया था। इनमें से 204 सीटों पर अलॉटमेंट कर दिया गया है।

इनमें सिविल इंजीनियरिंग में 60 में से 57, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग व इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में 60-60 में से प्रत्येक में 59 तथा प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग
टेक्नोलॉजी में 30 में से 29 सीटें विद्यार्थियों को आबंटित की जा चुकी हैं।

इन सीटों पर हुआ पहले राउंड में आबंटन

कार्यक्रम का नाम सीटें आबंटित सीटे ओपनिंग रैंक क्लोजिंग रैंक
सिविल इंजीनियरिंग 60 57 49810 52481
कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग 60 59 34174 46197
इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग 60 59 52652 62139
प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी 30 29 65588 69736

ये सभी रैंक अनारक्षित सीटों के लिए हैं।

# जिले में एक जुलाई को आधार मान कर बनाये जाएंगे नये वोट

**पुनरीक्षण**

**फोटो युक्त मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी कर दिया है।**



**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
भारत निर्वाचन आयोग ने एक जुलाई, 2024 को 18 वर्ष आयु को आधार तिथि मानते हुए फोटो युक्त मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी कर दिया है। 25 जुलाई से मतदाता पुनरीक्षण का काम शुरू होगा।

इस विषय को लेकर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं नगराधीश कैप्टन परमेश सिंह ने गुरुवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रूप रेखा की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आयोग की हिदायत अनुसार मतदान केंद्रों का रेशनेलाइजेशन भी किया जाना है। यदि इस संबंध में राजनीतिक दलों को कोई आपत्ति अथवा सुझाव है तो एक सप्ताह में जिला निर्वाचन कार्यालय या निर्वाचन पंजीयन अधिकारी को लिखित रूप में प्रस्तुत करें।

नगराधीश कैप्टर परमेश सिंह ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 25 जून, 2024 से बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन कार्य और मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण करेंगे। त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करने के दौरान 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति जिनका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है, वह अपना निर्धारित फार्म भरकर बीएलओ को दे सकते हैं ताकि उनका नाम भी मतदाता सूची में शामिल किया जा सके।

# बिल्डर्स के लाइसेंस हैं रद्द, रजिस्ट्री पर भी रोक, फिर भी निर्माण का आरोप

**मनमर्जी**

**-करीब 6000 करोड़ रुपये की लागत से बनाए जा रहे हैं ये दोनों प्रोजेक्ट**



**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
बिल्डर की मनमर्जी पर लगाम लगाने के लिए वैसे तो सरकार ने रेरा का गठन किया हुआ है, इसके बावजूद भी बिल्डर अपनी मनमानी करते हैं। ऐसे ही मनमानी के दो बिल्डर के मामले सामने आए हैं, जिसमें प्रोजेक्ट का लाइसेंस रद्द होने के बाद भी बिल्डर वहां पर निर्माण कर रहे हैं। लाइसेंस रद्द होने के बाद भी फ्लैट बुकिंग व निर्माण जारी होने के एक शिकायतकर्ता अखिल सुरेखा ने गुरुवार को कहा कि विभाग को इस पर कड़ा संज्ञान लेना चाहिए।

नारायण राजकुमार मर्चेंट्स लिमिटेड व अन्य द्वारा गुरुग्राम सेक्टर-43 स्थित विपुल लिमिटेड एवं सेक्टर-18 स्थित ट्यूलिप इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित की जा रही कालोनी को लेकर नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग में शिकायत दी गई। शिकायत के अनुसार कॉलोनाइजर विपुल लिमिटेड ने 13 अप्रैल 2022 को संशोधित भवन योजनाओं की स्वीकृति ली। बाद में अपने 7 आवंटियों से आपत्ति, सुझावों एवं एनओसी का पता लगाये बिना ट्यूलिप इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में लाभकारी हित में परिवर्तन के लिए 28 मार्च 2022 को अनुमति प्राप्त की। विपुल लिमिटेड ने यह भी पुष्टि नहीं की कि सभी 7 आवंटियों को उनके 10 अप्रैल 2017 के पत्र के माध्यम से भवन योजनाओं में संशोधन के लिये सूचित किया गया था। वर्तमान में वे उनके आवंटी नहीं हैं। सार्वजनिक नोटिस 8 अक्टूबर 2021 के लिए केवल बिहारी जी इस्पात उद्योग लिमिटेड को ही सूचित किया गया।

13 जनवरी 2022 को सभी आबंटियों को उपरोक्त संसोधन के बारे में सूचित करने की बात कही थी। इसके बावजूद कॉलोनाइजर को शिकायतों का निपटारा करने या फिर शिकायतकताओं से 30 दिन के अंदर एनओसी लेने के लिए कहा गया था, लेकिन कॉलोनाइजर इसमें विफल रहा। इस पर विभाग ने संज्ञान लिया और बिल्डर का लाइसेंस रद्द कर दिया। इस मामले में शिकायतकर्ता अखिल सुरेखा का कहना है कि करीब 6000 करोड़ रुपये की लागत से ये दोनों प्रोजेक्ट बनाए जा रहे हैं। दोनों के लाइसेंस रद्द हो गए हैं। इसके बावजूद इन साइट्स पर काम धड़ल्ले से चल रहा है। नियमों को ताक पर रखकर बिल्डरों द्वारा फ्लैट की बुकिंग भी की जा रही है।

# फतेहाबाद: प्री मानसून की बारिश, रतिया-जाखल में जमकर बरसे बादल

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
जिले में गुरुवार को प्री मानसून की बारिश हुई। जाखल और रतिया क्षेत्र में जम कर बादल बरसे। लंबे समय से गर्मी की मार झेल रही फसलों को संजीवनी मिली है। इससे आम जन को भी तपती गर्मी से राहत मिली। बड़ों के साथ-साथ बच्चों ने इस भी इस बरसात का जमकर लुत्फ उठाया।

जाखल, नागपुर व रतिया क्षेत्र में 20 एमएम से भी ज्यादा बारिश हुई है। इस कारण शहरी क्षेत्र में भारी जल भराव हो गया। लोगों के घरों में भी पानी भर गया। सड़कों पर चारों तरफ पानी ही पानी नजर



आया। फतेहाबाद शहर के लोगों को हल्की फुहारों से ही काम चलाना पड़ा। शहर में न के बराबर बरसात हुई लेकिन दिनभर मौसम सुहावना रहने से लोगों को गर्मी से जरूर राहत मिली। शहर की बाहरी सीमा में हल्की बरसात दर्ज की गई है।

कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ. राजेश सिहाग ने कहा कि यह बारिश फसल के लिए बेहद फायदेमंद रहेगी। धान उत्पादक किसान 15 जून के बाद से लगातार बारिश का इंतजार कर रहे थे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया


RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 28 जून 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

## एक्सप्रेसवे कवरेज को विस्तार देना आवश्यक: सीएम योगी

**चार नए लिंक एक्सप्रेस के लिए मुख्यमंत्री ने मांगा प्रस्ताव, कहा अध्ययन कर तैयार करें विस्तृत कार्ययोजना, दिसंबर 2024 तक तैयार कर लें गंगा एक्सप्रेस वे: मुख्यमंत्री,एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक क्लस्टरों के विकास की प्रक्रिया करें तेज**



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में निमार्णाधीन एवं नवीन एक्सप्रेसवे परियोजनाओं तथा औद्योगिक कॉरीडोर और डिफेंस कॉरीडोर के विकास की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में बीते 07 वर्ष में उत्तर प्रदेश में रोड इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुआ है। 2017 तक मात्र 02 एक्सप्रेस-वे वाले इस प्रदेश में आज 06 एक्सप्रेस-वे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग भी 07 वर्ष पहले की तुलना में लगभग दोगुने हो गए हैं। आज उत्तर प्रदेश को एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में नई पहचान मिल रही है। मेरठ से प्रयागराज को जोड़ने वाली गंगा एक्सप्रेसवे प्रत्येक दशा में आगामी दिसंबर तक आम जनता के लिए उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखें, ताकि प्रयागराज कुंभ 2025 में देश-दुनिया के श्रद्धालुगण गंगा एक्सप्रेसवे पर यात्रा का लाभ उठा सकें। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण की प्रगति संतोषप्रद है। गोरखपुर, संतकबीर नगर आजमगढ़ और अम्बेडकर नगर जनपद के लिए यह शानदार कनेक्टिविटी का माध्यम बनेगा। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस का निर्माण समयबद्ध ढंग से पूरा करा लिया जाए।

जन आकांक्षाओं का सम्मान करते हुए, बुंदेलखंड की जीवनरेखा बन चुके बुंदेलखंड एक्सप्रेस को चित्रकूट से जोड़ने के लिए कार्यवाही तेज की जाए, इसके लिए बजट भी प्राविधानित की जा चुकी है। यह बुंदेलखंड की कनेक्टिविटी को और बेहतर करने में बड़ा सहायक होगा। कार्य की गुणवत्ता और परियोजना की समयबद्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। बेहतर कनेक्टिविटी के लिए एक्सप्रेसवे कवरेज को और विस्तार देने की आवश्यकता है। जेवर में विश्वस्तरीय एयरपोर्ट बन रहा है, इसे एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाना चाहिए। इसके लिए, गंगा एक्सप्रेसवे से जेवर एयरपोर्ट तक लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण कराया जाना उचित होगा। इसी प्रकार, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे तक लिंक एक्सप्रेसवे तथा गंगा एक्सप्रेसवे से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे तक वाया फरुर्खाबाद एक नया लिंक एक्सप्रेसवे बनाया जाना चाहिए। चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे के साथ-साथ यह तीन नए एक्सप्रेसवे प्रदेश की तरक्की की तेज करने वाले होंगे। इस संबंध में प्रारंभिक अध्ययन कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए। सभी एक्सप्रेसवे के दोनों ओर पौधे लगाए जाएं। देश को रक्षा उत्पादन का हब बनाने में अग्रणी भूमिका निभाने वाली उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल में देश-दुनिया की बड़ी रक्षा उत्पाद निमार्ता कंपनियां निवेश कर रही हैं। अब तक 24 हजार करोड़ से अधिक का निवेश डिफेंस कॉरीडोर में हो चुका है। लखनऊ नोड में ब्रम्होस एयरोस्पेस, एरोलॉय टेक्नोलॉजी, झांसी नोड में भारत डायनेमिक्स लिमिटेड, कानपुर नोड में अडानी डिफेंस सिस्टम, अलीगढ़ में एमिटेक इलेक्ट्रॉनिक्स और एंकर रिसर्च लिमिटेड जैसी बड़ी कंपनियां अपनी इकाई लगा रही हैं। नवीन प्रस्तावों के संबंध में तत्काल निर्णय लें।

**अभूतपूर्व कार्य**

**▸▸ प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में बीते 07 वर्ष में उत्तर प्रदेश में रोड इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुआ है**

### निवेशक को लैंड अलॉटमेंट में न हो देरी: सीएम योगी

**निवेशक** को लैंड अलॉटमेंट करना हो अथवा देय इंसेंटिव का विषय, कतई विलंब न हो। तत्काल निर्णय लें। बदलती परिस्थितियों के बीच प्राधिकरणों के बाइलॉज को अपडेट करने की आवश्यकता है। नियमों को और अधिक निवेश अनुकूल बनाया जाना चाहिए।

औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में लैंडबैंक विस्तार के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज की जाए। औद्योगिक कॉलोनियों में मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था होनी चाहिए। यह विकास प्राधिकरण की जिम्मेदारी है कि इंडस्ट्रियल एरिया में सड़क, ड्रेनेज, सफाई, जलापूर्ति जैसी सुविधाएँ बेहतर ढंग से उपलब्ध हों। निजी पार्कों के विकास के लिए बड़ी संख्या में निवेशकों ने रुचि दिखाई है। एमएसएमई विभाग ने इस संबंध में अच्छा कार्य किया है।

निजी पार्क की स्थापना हेतु निवेशकों को आवश्यक बल्क लैंड की पूर्ति हेतु औद्योगिक विकास प्राधिकरणों द्वारा भी तेजी से व्यवस्था की जाए।

औद्योगिक विकास प्राधिकरणों द्वारा भूमि अधिसूचित करने के बाद अधिग्रहण की कार्यवाही प्रारंभ करने में अनावश्यक बिलंब न हो। किसानों को मुआवजा तत्काल दिया जाए।

औद्योगिक विकास प्राधिकरणों द्वारा अपने औद्योगिक क्षेत्रों में सिक औद्योगिक इकाइयों की भूमि को नए निवेशकों को उपलब्ध करने हेतु नीति घोषित करनी चाहिए।

नवगठित बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) में भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही तेज किया जाना अपेक्षित है। यह प्रयास प्रदेश में बुंदेलखंड के विकास को एक नई ऊंचाई देने वाला होगा।

## सपा के मन में भारतीय इतिहास व संस्कृति के प्रति कोई सम्मान नहीं: योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** सेंगोल पर समाजवादी पार्टी के नेताओं की टिप्पणी पर सीएम योगी ने करारा प्रहार किया है। अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर सीएम योगी ने लिखा कि यह सपा नेताओं की अज्ञानता को दर्शाता है। सीएम योगी ने लिखा कि समाजवादी पार्टी के मन में भारतीय इतिहास और संस्कृति के प्रति कोई सम्मान नहीं है। सेंगोल पर उनके शीर्ष नेताओं की टिप्पणियां निंदनीय हैं। यह उनकी अज्ञानता को दशार्ती है। यह विशेष रूप से तमिल संस्कृति के प्रति इंडी गठबंधन की नफरत को भी दर्शाता है। सीएम योगी ने लिखा कि सेंगोल भारत का गौरव है। यह सम्मान की बात है कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे संसद में सर्वोच्च सम्मान दिया। गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी के सांसद आरके चौधरी ने विगत दिनों प्रोटेम स्पीकर को पत्र लिखकर सेंगोल पर टिप्पणी की थी।

## जनेश्वर मिश्र पार्क: आधुनिक स्पोर्ट्स जोन बनाने तैयारी में योगी सरकार



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित जनेश्वर मिश्र पार्क के वृहद कायाकल्प की प्रक्रिया शुरू कर दी है। लखनऊ के गोमती नगर में स्थित इस पार्क में लंबे वक्त से एक स्पेशलाइज्ड स्पोर्ट्स एरीना होने की कमी यहां जाने वाले लोगों को महसूस होती थी। इस जरूरत को भांपते हुए योगी सरकार ने पार्क के कायाकल्प की एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की थी। सीएम योगी के विजन अनुसार बनी इस कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने स्पोर्ट्स जोन के विकास के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। कार्ययोजना के अनुसार, 10.16 करोड़ रुपये के व्यय से सभी विकास कार्यों को पूर्ण किया जाएगा।

**क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल ग्राउंड समेत टेनिस कोर्ट का भी होगा निर्माण:** खास बात ये है कि इन विकास कार्यों के जरिए जिन स्पोर्ट्स एमिनिटीज से पार्क को लैस किया जाएगा उनमें क्रिकेट, फुटबॉल व वॉलीबॉल ग्राउंड समेत टेनिस कोर्ट मुख्य है।

इन सभी निर्माण कार्यों को पर्यावरण संरक्षण के मानकों व अन्य महत्वपूर्ण गाइडलाइंस का पालन करते हुए पूरा किया जाएगा तथा सभी निमार्णों की उच्च गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए भी एक मॉनिटरिंग मैकेनिज्म बनाया जाएगा।

**टू बिड प्रक्रिया के जरिए एजेंसी का होगा चयन व कार्य का आवंटन:** पार्क में स्पोर्ट्स जोन के विकास को लेकर होने वाले सभी कार्यों को पूरा करने के लिए एलडीए द्वारा टू बिड प्रक्रिया को क्रियान्वित किया गया है। इस प्रक्रिया के जरिए एक एजेंसी का चयन होगा और वह ही इन सभी कार्यों को पूर्ण करने के साथ ही एलडीए के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्यों की डेडलाइन, उच्च गुणवत्ता समेत सभी मानकों के पालन व क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त करेगी।

**मेकओवर**

**▸▸ उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गोमती नगर में पार्क के मेकओवर की प्रक्रिया शुरू**

## सीएम नीतीश ने कन्वेंशन सेंटर का किया लोकार्पण



**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को पश्चिमी चंपारण जिले के वाल्मीकिनगर में 120 करोड़ की लागत से निर्मित अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर का लोकार्पण किया। साथ ही परिसर में स्थापित महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा का अनावरण कर वहां पौधरोपण भी किया। मुख्यमंत्री भारी बारिश के बीच प.चम्पारण के वाल्मिकिनगर पहुंचे। उन्होंने 120 करोड़ की लागत से बने अंतरराष्ट्रीय कन्वेशन सेंटर के साथ अतिथि गृह का लोकार्पण किया। उनके साथ भवन निर्माण मंत्री जयंत राज और जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी भी मौजूद रहे। कन्वेशन सेंटर परिसर में महर्षि वाल्मिकी की प्रतिमा का अनावरण भी किया गया। नीतीश कुमार ने कन्वेशन सेंटर का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने कन्वेंशन सेंटर के निर्माण में कुशल मानिटरिंग करने व गुणवत्ता पूर्ण काम करने के लिये डीएम, एसडीएम और संवेदक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम के बाद वे पटना के लिए रवाना हो गए। बताया जाता है कि सीएम नीतीश पटना आने के बाद दिल्ली के लिए भी रवाना हो सकते हैं। क्योंकि, 29 जून को दिल्ली में जदयू राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक होनी है। उल्लेखनीय है कि 06 मई, 2022 को मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर का वर्चुअल शिलान्यास किया था। कुल 25 एक-ड़ में निर्मित कन्वेंशन सेंटर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। इसका निर्माण 120 करोड़ की लागत से किया गया है। कन्वेंशन सेंटर की क्षमता 500 लोगों की है। कन्वेंशन सेंटर में बहुउद्देशीय सभागार, आधुनिक ऑडियो और वीडियो उपकरण लगाए गए हैं।

**विकास कार्य**

**▸▸ कन्वेंशन सेंटर में बहुउद्देशीय सभागार, आधुनिक ऑडियो और वीडियो उपकरण लगाए गए हैं**

## 'कल्कि 2898 एडी' ऑनलाइन लीक, प्रोड्यूसर्स को झटका

**मुंबई:** कल्कि 2898 एडी फिल्म आज हर जगह रिलीज हो गई है। यह फिल्म पिछले कई महीनों से चर्चा में है। इसका बजट करीब 600 करोड़ बताया जाता है। फिल्म में प्रभास, कमल हासन, अमिताभ बच्चन और दीपिका पादुकोण जैसे बड़े सितारे हैं। कल्कि 2898 एडी रिलीज होने के 24 घंटे से भी कम समय में ऑनलाइन लीक हो गई है। इससे प्रोड्यूसर्स को तगड़ा झटका लगा है। प्रभास, अमिताभ बच्चन अभिनीत फिल्म कल्कि 2898 एडी मूवी तमिलरॉकर्स, 4मूवीज, वेगा मूवीज और फिल्मी जिल्ला सहित कई साइटों पर फुल एचडी प्रिंट में मुफ्त डाउनलोड के लिए उपलब्ध है। लीक होने से फिल्म की कमाई पर असर पड़ने की आशंका है। कहा जा रहा है कि इससे निमार्ताओं को करोड़ों रुपये

**नुकसान**

**▸▸ फिल्म तमिलरॉकर्स, 4मूवीज, और कई साइटों पर फुल एचडी प्रिंट में मुफ्त डाउनलोड के लिए उपलब्ध है**

## राज्यपाल की चंद्र कुमार को खरी-खरी



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला:** चौधरी श्रवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में कुलपति की नियुक्ति को लेकर हिमाचल प्रदेश राजभवन और कृषि मंत्री चंद्र कुमार के बीच विवाद बढ़ गया है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने शिमला में एक पत्रकार वार्ता में कृषि मंत्री चंद्र कुमार को खरी-खरी सुनाई और स्पष्ट किया कि चंद्र कुमार पहले तथ्य जांच ले फिर राज्यपाल पर टिप्पणी करे। राज्यपाल ने कहा कि वह नियम के विरुद्ध कोई काम नहीं करेंगे और राज्यपाल की गरिमा का पालन करते रहेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि राजभवन ने चौधरी श्रवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में कुलपति की नियुक्ति की फाइल को नहीं रोका है बल्कि राज भवन ने इस नियुक्ति से जुड़ी फाइल को अपनी प्रतिक्रिया के साथ प्रदेश सरकार को वापस भेज दिया है और चंद्र कुमार को फाइल के बारे में सरकार से पता करना चाहिए। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने कहा कि सरकार ने प्रदेश विधानसभा में एक कानून पारित कर राजभवन को मंजूरी के लिए भेजा है।

इस कानून में कहा गया है कि कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में कुलपति की नियुक्ति सरकार की इच्छा अनुसार की जाए क्योंकि सरकार इस विश्वविद्यालय को चलाने के लिए पैसा देती है। इसलिए सरकार कुलपति के लिए जो नाम प्रस्तावित कर भेजे राज्यपाल उसे कुलपति बना दे।

**दो टूक**

**▸▸ चंद्र कुमार पहले तथ्य जांच ले फिर राज्यपाल पर टिप्पणी करें: राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला**

## बजट से पूर्व महाराष्ट्र का आर्थिक सर्वेक्षण पेश



**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई: बजट से पूर्व महाराष्ट्र के** आर्थिक सर्वेक्षण में चालू वित्त वर्ष की अर्थव्यवस्था में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना जताई गई है, जो देश की अनुमानित वृद्धि 7.6 प्रतिशत के समान है। इसी तरह कृषि और संबद्ध गतिविधियों के क्षेत्र में 1.9 प्रतिशत और उद्योग क्षेत्र में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है, जबकि सेवा क्षेत्र में 8.8 प्रतिशत का विस्तार दर्ज होने की संभावना है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार वित्त विभाग भी संभालते हैं। उन्होंने गुरुवार को महाराष्ट्र विधानसभा मानसून सत्र में आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 पेश किया। राज्य के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार राज्य की अर्थव्यवस्था पिछले वर्ष के 6.8 प्रतिशत की तुलना में 7.6 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। 2023-24 के लिए मौजूदा कीमतों पर राज्य का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 40,44,251 करोड़ रुपये और वास्तविक 24,10,898 करोड़ रुपये होने का अनुमान लगाया गया है। अखिल भारतीय जीडीपी में राज्य का औसत हिस्सा सबसे अधिक 13.9 प्रतिशत है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022-23 के लिए प्रति व्यक्ति राज्य आय 2,52,389 रुपये थी, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 2,19,573 रुपये थी। जीएसडीपी में राजकोषीय घाटा 2.8 प्रतिशत है।

**सर्वेक्षण**

**▸▸ आर्थिक सर्वेक्षण में चालू वित्त वर्ष की अर्थव्यवस्था में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना जताई गई**

## राजभवन के सामने धरने पर बैठ सकते हैं शुभेंदु



**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** राजभवन के सामने भाजपा के धरना कार्यक्रम पर राज्य को कोई आपत्ति नहीं है। राज्य सरकार ने गुरुवार को इसकी जानकारी कलकत्ता हाई कोर्ट को दी है। गुरुवार को राज्य के महाधिवक्ता (एजी) किशोर दत्ता ने अदालत को बताया कि धरना पर कोई आपत्ति नहीं है। वह कार्यक्रम अगले रविवार को चार घंटे तक किया जा सकता है। राज्य के एजी ने राज्य के विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी द्वारा दायर मामले में ये जवाब दाखिल किया है। हालांकि, शुभेंदु के वकील ने कहा कि उस तारीख पर कार्यक्रम संभव नहीं है। इसके बाद जस्टिस अमृता सिन्हा ने टिप्पणी की कि बार-बार सुनवाई टालना ठीक नहीं है।

शुभेंदु के वकील ने कलकत्ता उच्च न्यायालय को बताया कि पुलिस ने पिछले साल अक्टूबर में राजभवन के सामने तृणमूल के कार्यक्रम के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। जस्टिस सिन्हा ने सवाल उठाया कि कार्रवाई क्यों नहीं की गई? हाई कोर्ट में शुभेंदु के वकील बिलबादल भट्टाचार्य ने कहा, "राज्य एजी कह रहे हैं कि अनुच्छेद 144 का उल्लंघन कर राजभवन के सामने तृणमूल के कार्यक्रम के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

**विरोध**

**▸▸ गुरुवार को राज्य के महाधिवक्ता (एजी) किशोर दत्ता ने अदालत को बताया कि धरना पर कोई आपत्ति नहीं है**

## उत्तराखंड: ऑटोमेटेड टेस्ट सेंटर्स में होगी वाहनों की फिटनेस जांच

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** एक अक्टूबर से प्रदेश के सभी वाहनों की फिटनेस जांच ऑटोमेटिक कराए जाने के केंद्र सरकार के आदेश के बाद उत्तराखंड परिवहन विभाग ने इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। वाहनों की फिटनेस जांच अब अत्याधुनिक मशीनों से होगी। इसके लिए सभी जिलों में अत्याधुनिक ऑटोमेटिक फिटनेस टेस्टिंग सेंटर्स खोलने की योजना है। योजना के पहले चरण में चार ऑटोमेटेड फिटनेस टेस्ट सेंटर शुरू हो चुके हैं। जल्द ही अन्य जिलों में भी अत्याधुनिक सेंटर शुरू होंगे। दरअसल, अभी तक वाहनों की फिटनेस विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों की ओर से मैनुअली होती है। परिणामस्वरूप वाहन मालिकों को न केवल तमाम परेशानियां उठानी पड़ती हैं बल्कि फिटनेस जांच में तमाम खामियां रह जाती हैं। ऐसे में अब फिटनेस की जांच अत्याधुनिक उपकरणों से लैस ऑटोमेटेड टेस्टिंग मशीन से कराई जाएगी।

**कृषि वित्त** इनोवेटिव ऐग्री वैल्यू चेन फाइनेंसिंग के माध्यम से ऐग्रीबिजनेस पोटेंशियल को बढ़ाने के लिए विशेष राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

## ऐग्री वैल्यू चेन फाइनेंसिंग के लिए डिजिटल प्रणालियों का विकास जरूरी: डॉ मनोज


**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कृषि वित्तीय श्रृंखला में कृषि वित्त के महत्व पर विचार करते हुए, कृषि और किसान कल्याण विभाग के सचिव डॉ मनोज आहूजा ने प्रोडक्शन-केंद्रित दृष्टिकोण से मांग-प्रेरित दृष्टिकोण की ओर बढ़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। "कृषि मूल्य श्रृंखलाओं को समग्र रूप से विकसित करने और उन्हें वैश्विक बाजारों से एकीकृत करने के लिए, हमें अब उपलब्धि की कमी को सिर्फ पूरा करने के बजाय बाजार की मांगों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करना होगा।" उन्होंने कहा। श्री आहूजा ने विकास के लिए सहयोगी डिजिटल प्रणालियों को प्रभावी बनाने पर महत्व दिया और सभी हितधारकों के लिए वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करने के लिए एक समग्र नीति कार्यक्रम की आवश्यकता को उजागर किया। इसके अलावा श्री आहूजा ने तरलता और आर्थिक स्थिरता में सुधार के लिए बिल डिस्काउंटिंग, ब्रिज फाइनेंसिंग, और जोखिम संरक्षण जैसे वित्तीय उपकरणों, को प्रयोग में लाने की मांग की। "इन उपकरणों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए, सरल आवेदन प्रक्रियाओं और प्रशासनिक विघटनाओं को कम करना महत्वपूर्ण है," उन्होंने जोड़ा। वित्त सचिव डॉ. विवेक जोशी, ने डिजिटल वित्तीय सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया, जो ऐग्री वैल्यू चेन फाइनेंसिंग में समय पर क्रेडिट प्रदान करते हैं, और कृषि क्रेडिट की उपलब्धता में वृद्धि लाते हैं। "हमारा ध्यान इस पर है कि वैल्यू चेन के माध्यम से किसानों को समर्थन प्रदान करने के लिए समय पर क्रेडिट की सस्ती व सुलभ पहुंच सुनिश्चित करें," उन्होंने कहा। उन्होंने एनबीएफसी, फिंटेक और स्टार्टअप्स के महत्व को भी दशार्या, जो उच्च मूल्यवान कृषि बाजारों में विशेष वित्तीय उत्पादों और आखिरी मील तक क्रेडिट की पहुंच प्रदान करते हैं। उपयुक्त है कि कृषि और किसान कल्याण विभाग ने नई दिल्ली में 27 जून 2024 को 'इनोवेटिव ऐग्री वैल्यू चेन फाइनेंसिंग क्रेडिट के माध्यम से भारतीय कृषि व्यापार के पोटेंशियल को बढ़ाने के लिए' एक राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की।

इस कार्यशाला में भारत सरकार और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों, विशेषज्ञों और हितधारकों ने कृषि वित्तीय क्रेडिट के डायनामिक्स पर चर्चा की।

**मंथन**

**▸▸ वैल्यू चेन के माध्यम से किसानों को समर्थन प्रदान करने के लिए सुलभ पहुंच सुनिश्चित करें: सचिव**




## सड़कों एवं पुलों के निर्माण कार्यों में लाएं तेजी : गणेश जोशी

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** ग्रामीण विकास मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत सड़कों एवं पुलों के अवशेष निर्माण कार्यों में तेजी लाने और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा है। इसके साथ ही ग्रामीणों को मुआवजा राशि से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता से करने के भी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

गुरुवार को हाथीबड़कला स्थित कैंप कार्यालय में ग्रामीण विकास मंत्री गणेश जोशी ने पीएमजीएसवाई के अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान विभाग की ओर से किए जा रहे कार्यों की प्रगति की विस्तार से जानकारी ली। मंत्री ने पीएमजीएसवाई के अंतर्गत कार्यों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने 85 सड़कों और 49 पुलों के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को आपदा में क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत का कार्य शीघ्र करने को कहा। बैछक में अधिकारियों की ओर से बताया गया कि आपदा में क्षतिग्रस्त हुई सड़को की मरम्मत के लिए वर्ष 2022-23 में 25 करोड़ रुपये मिले, जिसमें सभी कार्य पूर्ण हो चुके हैं। इस वित्तीय वर्ष में 46 करोड़ 65 लाख रुपये सड़कों की मरम्मत के लिए प्राप्त हुए हैं।

मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में स्वीकृत सड़कों के लिए अधिग्रहीत भूमि का मुआवजा राशि ग्रामीणों को शीघ्र अति शीघ्र वितरित किया जाए।

अधिकारियों की ओर से बताया गया कि मुआवजे के 652 स्वीकृत केस में 198.32 करोड़ रुपये खातेदारों को वितरित किया गया है बाकी शेष 327 केस पेंडिंग है जिसका कार्य गतिमान है।